हरिभूमि

जबलपुर

शनिवार 19 सितंबर 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

ALLEN KOTA

अब जबलपुर में भी

JEE और NEET में सफलता का सफर, करो आज से शुरू।

अनुभवी फैकल्टी | AI आधारित लर्निंग ऐप | गाइडेड मेंटरशिप | पर्सनलाइज़्ड डाउट सॉल्विंग

घर के पास - कोटा वाली तैयारी और हर बच्चे के लिए सही मार्गदर्शन।

ADMISSIONS OPEN

AT JABALPUR CENTRE

NEET | JEE | OLYMPIADS

CLASS 6th TO 12th & 12th PASS

For Class 5 to 10 Students

TALLENTEX

ALLEN's Talent Encouragement Exam

SCHOLARSHIP* UP TO 90%

CASH REWARDS WORTH* ₹2.5 CRORE

Scan to Register

ALLEN JABALPUR

Admission Office:
H. No. - 1473, Napier Town, Opp. Madan Mahal Police Station, Jabalpur

Upcoming Campus:
C L Heights, in front of Best Care Hospital, Home Science College Road, Jabalpur

Call for more information

9513866880

allen.ac.in/jabalpur

Regd. & Corporate Office ALLEN KOTA

86906 60111 allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

जबलपुर
शनिवार 19 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-8
वर्ष : 21, अंक : 137
पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

6 बढ़ती सामाजिक सुरक्षा का परिदृश्य

मैट्रो
12 समान कार्य के बावजूद वेतन ..

कूनो फिर हुआ गुलजार, मादा चीता केजीपी 12 के परिवार में आए 4 नन्हे शावक, 52 से बढ़कर कुल 56 हुए

अब तक '56'

सीएम ने कहा

शावकों का जन्म चीता संरक्षण की हमारी यात्रा में आशा, जीवटता और सफलता का सुंदर प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन अपना रास्ता खुद ढूंढ ही लेता है, जीवन की यही प्रकृति इसे और भी अधिक रोमांचक बनाती है। एक वक्त था, जब मप्र में गिनती के चीते हुआ करते थे। अब यहां चीतों की संख्या 52 से बढ़कर 56 हो गई है। भारत में जन्मे चीतों की संख्या अब 36 हो गई है। सीएम ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान से शुरू हुई चीता पुनर्स्थापना की ऐतिहासिक यात्रा अब नए मुकाम पर पहुंच गई है।

देश में चीतों की पुनर्स्थापना सबसे पहले मप्र में प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर को 2022 को हुई थी। तब से आज तक में चीते बढ़कर 56 हो गए हैं। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि कूनों में बीते दिनों जन्मे चार नन्हें शावक चीता संरक्षण की हमारी यात्रा में आशा, जीवटता और सफलता का सुंदर प्रतीक है। पुनर्स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के अगले ही दिन शुक्रवार भारत में ही जन्मी मादा चीता केजीपी 12 ने कूनों में चार नन्हें शावकों को जन्म दिया।

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर उनके फोटो-वीडियो पोस्ट कर लिखा कि चार साल, चार नई जिंदगियां - प्रोजेक्ट चीता के लिए यह उम्मीद और सफलता का प्रतीक है

मादा चीता शावकों के साथ

2022 में सबसे पहले 8 चीते नामीबिया से कूनो पहुंचे थे

कूनो में 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से 8 चीते पहुंचे थे। मौजूदा मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल उस वक्त वन विभाग के अपर मुख्य सचिव थे। उन्होंने नामीबिया से चीता लाने के लिए कई तरह से प्रयास किए। विशेषज्ञ टीम के साथ खुद नामीबिया जाकर आश्वस्त हुए कि मप्र के मानसून में नामीबिया के चीते आसानी से रह सकेंगे। उन्होंने बाकायदा इसका अध्ययन कराने के बाद ही चीतों को यहां लाने के लिए आश्वस्त हुए। इसके बाद फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते भारत लाए गए। बाद में फरवरी 2026 में बोत्सवाना से 9 चीते भारत लाए गए। इन पुनर्स्थापना प्रयासों और भारत में हुए प्रजनन के परिणामस्वरूप अब कुल 56 जीवित चीते हैं।

खबर संक्षेप

नपा सीएमओ के चेंबर में रखा गाय का शव

भिंड। गोहद नगर में बाबा कपूर की गली में तीन दिन से घायल पड़ी गाय ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने टमटम में गाय का शव रखकर नगर के प्रमुख मार्गों से शवयात्रा निकाली और नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओं ने गाय का शव सएमओ के चेंबर में रख दिया, जिससे हड़कंप मच गया।

मिला 4.87 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा

पन्ना। निजी हीरा खदान में किसान बद्री पटेल और उनके पांच साथियों को 4.87 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा मिला है। हीरा कार्यालय के अनुसार इसकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए है। बद्री पटेल ने बताया कि उन्होंने साथियों रामचंद्र दुबे, रतन यादव, रामगोपाल पटेल, पहलवान ओटल और भीकम पटेल के साथ पटी क्षेत्र में करीब 15 दिन पहले नई खदान शुरू की थी। खुदाई के दौरान यह बेशकीमती हीरा मिला।

स्कूल वैन की चपेट में 3 साल के बच्चे की मौत

इंदौर। रंगवासा में शुक्रवार सुबह स्कूल बच्चों को लेने पहुंची निजी वैन की चपेट में आने से तीन साल के जीत पुत्र विनोद ठाकुर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जीत घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान उसके बड़े पापा के बेटे को लेने पहुंची वैन के चालक ने जल्दबाजी में अचानक कट मारा, जिससे बच्चा वाहन की चपेट में आ गया। जीत को अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

प. बंगाल में पुराने मामले में पुलिस कार्रवाई से सियासत गरमाई

ममता ने जिस कांग्रेस प्रत्याशी प्रधान को समर्थन दिया, कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार

नंदीग्राम उपचुनाव में ममता बेनर्जी के साथ 'बड़ा खेला'

ममता बेनर्जी

मिलन प्रधान

सुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम के साथ भवानीपुर सीट से भी चुनाव लड़ा और दोनों जगह जीत दर्ज की। बाद में अधिकारी ने भवानीपुर सीट अपने पास रखी और नंदीग्राम से इस्तीफा दे दिया था

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव से पहले शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। कांग्रेस के उम्मीदवार मिलन प्रधान को एक पुराने कथित हत्या मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। खास बात यह है कि गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले ही ममता बेनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का ऐलान किया था। ममता बेनर्जी ने कहा कि उनका गुट कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करेगा और इस फैसले का उद्देश्य विपक्षी गठबंधन को मजबूत करना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब नंदीग्राम में 6 अक्टूबर को उपचुनाव होना है। कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को पश्चिम बंगाल में एक पुराने कथित हत्या मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। ममता ने शुक्रवार को अपने कालीघाट स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की थी।

टीएमसी खेमे की संचिता प्रधान डे ने सीएम सुवेंदु से मुलाकात के बाद नामांकन वापस लिया

संचिता प्रधान और सुवेंदु

- *नंदीग्राम में छह अक्टूबर को होना है उपचुनाव*
- *राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी*

ममता ने कांग्रेस को समर्थन क्यों दिया?

ममता बेनर्जी के गुट ने पहले नंदीग्राम से संचिता प्रधान डे को अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। इसके बाद ममता ने कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने का फैसला किया। ममता ने कांग्रेस को 'सिस्टर पार्टी' बताते हुए कहा कि यह फैसला विपक्षी गठबंधन को मजबूत करने के लिए किया गया है।

दो फूल-घास चुनाव चिन्ह को फ्रीज किया

चुनाव आयोग ने अक्टूबर 6 को होने वाले उपचुनाव के लिए ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और दो फूल-घास चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया। आयोग ने ममता बेनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। वहीं अरूप रॉय के नेतृत्व वाले दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिन्ह दिया गया है। यह व्यवस्था फिलहाल अंतरिम है।

शिवसेना व एनसीपी जैसा ही पैटर्न : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस के मामले में एक ही पैटर्न दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर पार्टियों को तोड़ते हैं और फिर उनका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है। चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी जनादेश की रक्षा करना है, न कि ऐसी ताकतों की मदद करना जो जनता के फैसले को पलटती हैं।

युवाओं में जोश

राहुल गांधी ने आने से पहले पूछा

क्या खिला रहे हो.. इंदौर पोहा, जलेबी या कुछ और?

- *अपरान्ह 1.30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे राहुल, 6.45 बजे रीजनल पार्क स्थित सभा स्थल*
- *प्रवेश के लिए फोटो आईडी जरूरी गेट पर दिखाना होगा रजिस्ट्रेशन लिंक, कुछ सामग्री प्रतिबंधित*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इंदौर में शनिवार 19 सितंबर को होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने आने से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने लिखा है कि क्या खिला रहे हो, इंदौर? पोहा, जलेबी या कुछ और? इस पोस्ट पर इंदौर के लोगों ने अलग-अलग कमेंट कर जवाब दिए। किसी ने दाल-बाटी तो किसी ने इंदौरी सेव और सेव-मिक्सचर का नाम लिखा है।

यह है राहुल गांधी का संभावित कार्यक्रम

कार्यक्रम के अनुसार राहुल दोपहर 1:30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे होटल रेडिसन जाएंगे। शाम 6 बजे होटल से रवाना होंगे और शाम 6:45 बजे रीजनल पार्क स्थित सभा स्थल पहुंचेंगे। रात 8 बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना होने का संभावित कार्यक्रम है। ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होने वालों को फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा।

16 अक्टूबर से लागू होगी नई व्यवस्था

पेट्रोल पंपों पर 2 हजार से ज्यादा के बिल पर यूपीआई भुगतान बंद

प्रदेश के करीब 4,700 पेट्रोल पंपों पर अब ये व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर 2,000 रुपए से अधिक के ईंधन बिल के भुगतान का तरीका बदलने जा रहा है। मध्य प्रदेश पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन ने 16 अक्टूबर से 2,000 रुपए से अधिक के पेट्रोल-डीजल बिल पर यूपीआई भुगतान स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। यह व्यवस्था प्रदेश के करीब 4,700 पेट्रोल पंपों पर लागू होने की बात कही गई है। इसके बाद 2,000 रुपए से अधिक के ईंधन बिल का भुगतान वाहन चालकों को नकद करना होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के अनुसार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होने से डीलर्स पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

सतना में तीन मंजिला मकान में भीषण आग

2 बच्चों समेत 5 लोग छत पर फंसे, लोगों ने सुरक्षित निकाला

दमकल का हाइड्रोलिक सिस्टम भी हुआ फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

शहर के कामता टोला इलाके में शुक्रवार दोपहर एक पन्नी कारोबारी के तीन मंजिला मकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया और धुएं का गुबार फैल गया। हादसे के दौरान दो बच्चों समेत पांच लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए। सूचना मिलते ही पड़ोसियों और पुलिस ने मोर्चा संभाला और सीढ़ी की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया गया कि दो बच्चे छत पर, जबकि अनिल कुशवाहा और दो महिलाएं दूसरी मंजिल पर फंसी थीं।

बलिदान दिवस पर संस्कारधानी पहुंचे सीएम

अमर शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

अमर वीर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के पावन अवसर पर आज संस्कारधानी जबलपुर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर जननायकों की शौर्य स्थली पर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सेना नायकों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके महान त्याग और बलिदान को याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान हमारी धरोहर और प्रेरणा का स्रोत है।

भेल-टिटागढ़ कंसोर्टियम को मिला 24,000 करोड़ का प्रोजेक्ट

80 वंदेभारत स्लीपर ट्रेन बनाएंगी दो कंपनियां, 35 साल तक मेंटनेंस भी होगा

भेल व टीआरएसएल की साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट की लंबे समय तक मेंटेनेंस के लिए एक ज्वॉइंट वेंचर टीम बनने जा रही है। इसमें सरकार की पीएसयू कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) और टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) शामिल हैं। दोनों की साझेदारी वाली नई कंपनी देश के 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट की लंबे समय तक मेंटेनेंस का काम देखेगी। ये समझौता भारतीय रेलवे की ओर से भेल-टिटागढ़ कंसोर्टियम को दिए गए करीब 24,000 करोड़ रुपए के बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट में 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट का निर्माण और सप्लाई करने के साथ-साथ इनकी 35 साल तक व्यापक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी शामिल है। यानी समझौते की तारीख (15 सितंबर 2026) से जोड़ें तो साल 2061 तक इन 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लेकर रेलवे टेंशन फ्री रह सकता है।

प्यार, इच्छा, धोखे और विचित्र परिस्थितियों में फिल्म थ्रिलर बनती जाती है

डायरेक्टर संतोष डावखर के निर्देशन में बनी गोंधल

33 फिल्मों को छोड़ा पीछे, मराठी फिल्म 'गोंधल' को भारत की तरफ से ऑस्कर 2027 में ऑफिशियल एंट्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मराठी थ्रिलर फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। इस दौड़ में नागा भाषा की फिल्म 'अंग' और तमिल फिल्म 'डोरोथी' भी शामिल थीं। संतोष डावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल', 99वें अकादमी अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। फिल्म के निर्देशक संतोष डावखर को 2025 में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में सिल्वर पीकॉक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ऑस्कर के लिए भारत की एंट्री का चुनाव करने वाली जूरी में पी. शेषाद्रि, विजय पाटकर, हुतु कनोडिया, शांति कुमार, संदीप पाराशर, संजय पाटिल, साबू जोसेफ, अनिल थॉमस, विवेक वासवानी, बिजोन दासगुप्ता, हासन, वासन और तन्निष्ठा चटर्जी शामिल थे।

बड़ी उपलब्धि

- *99वें अकादमी अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी*

क्या है फिल्म की कहानी?

एक शादीशुदा महिला के इर्द-गिर्द की ये कहानी

महाराष्ट्र की पारंपरिक गोंधल रस्म और लोक-प्रदर्शन कला पर आधारित फिल्म 'गोंधल' की कहानी सुमन नाम की एक शादीशुदा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है। उसकी जिंदगी में उस समय अनजाना मोड़ आता है, जब उसके रिश्तों, इच्छाओं और धोखे के बीच टकराव शुरू हो जाता है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 19 सितम्बर 2026
कूपन नं. 16

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

आज अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिकी का भविष्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा 19 और 20 सितंबर, 2026 को किया जा रहा है। इसमें पर्यावरण विशेषज्ञ, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, जिला न्यायालय के न्यायाधीश, विभिन्न मंत्रालयों के सचिव, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रतिनिधि, राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण, राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समितियां (एसईएसी), राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसईआईएए), राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण और अन्य हितधारकों की भागीदारी होगी। यह 17 देशों के प्रतिष्ठित न्यायाधीशों और न्यायिक प्रतिनिधियों को भी एक साथ लाएगा।

देशभर के युवाओं को दिए संदेश

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने उज्जैन में राष्ट्रीय युवा धर्म संसद का किया शुभारंभ

बोले-कुछ लोगों को अहंकार कि सब उनके नियंत्रण में... यह 'गलतफहमी'

जैसे कुश्ती सीखने के लिए अखाड़े में दंड-बैठक लगाना जरूरी है, उसी तरह धर्म के कर्मकांड और अनुशासन उसके अभ्यास का हिस्सा हैं। कर्मकांड धर्म का एक अंग है, लेकिन पूरा धर्म नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को उज्जैन में राष्ट्रीय 'युवा धर्म संसद' का विधिवत शुभारंभ किया। लगभग 1,700 जेन-जी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि उन्हें युवाओं को धर्म पर चर्चा करते हुए देखकर खुशी हुई, जबकि कुछ लोग इसे बुजुर्गों का मामला मानते हैं। डॉ. भागवत ने युवाओं से अपील की कि वे धर्म को केवल पूजा-पद्धति तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन और आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं का जीवन ऐसा होना चाहिए, जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अहंकार में आकर काम करता है और यह मानता है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में। हर चीज उसकी इच्छा के अनुसार होनी चाहिए, तो उसे गलतफहमी हो जाती है। धर्म रिलीजन नहीं है, बल्कि जीवन का अनुशासन है। किसी इच्छा की पूर्ति, भय, लोभ या प्राण बचाने के लिए भी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए। सुख-दुख आते-जाते रहते हैं, लेकिन धर्म नित्य रहता है। धर्म को लेकर भ्रम का एक कारण अपनी भाषा और धर्म के वास्तविक अर्थ को भूल जाना है। पश्चिमी देशों के लोगों ने भारत में धर्म के आचरण, कर्मकांड और अनुशासन को देखा और उसे अपने यहां के 'रिलीजन' के समान समझ लिया। बाद में भारत में भी धर्म को रिलीजन कहा जाने लगा।

संघ प्रमुख बोले

धर्म और रिलीजन को एक न मानें, धर्म मुक्त करता है, प्रकृति को नुकसान पहुंचाना अधर्म

समारोह का शुभारंभ करते डॉ. भागवत

25 राज्यों से लगभग 1,700 जेन-जी प्रतिभागी आए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज समापन सत्र में मौजूद रहेंगे

धर्म को समझना है तो पूर्वाग्रहों को छोड़ें

संघ प्रमुख ने कहा कि धर्म इंसानी व्यवहार में झलकता है और उन्होंने युवा प्रतिभागियों से कहा कि अगर वे इसे समझना चाहते हैं, तो उन्हें अपने पूर्वाग्रहों को छोड़ना होगा। उन्होंने धर्म को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी से भी जोड़ा और कहा कि इंसानों का फर्ज है कि वे प्रकृति की रक्षा करें। साथ ही, जंगलों को नष्ट करना और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना अधर्म है।

भारत के डीएनए में धर्म

डॉ. भागवत ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि पश्चिम दिशा में एक पड़ोसी देश बिना कारण विवाद करता है और बार-बार तकलीफ देता है। उन्होंने कहा कि उसे कई बार सबक भी सिखाया गया, लेकिन भारत ने कभी यह नहीं कहा कि विवाद करने के कारण वह वापस आ जाए या उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग विचारधाराओं की सरकारें रही हैं, लेकिन दुनिया के संघर्षों में भारत ने अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप नहीं किया। जिन लोगों ने भारत को तकलीफ दी, जरूरत पड़ने पर भारत ने उनकी मदद भी की और यह नहीं देखा कि वहां किस विचारधारा के लोग सत्ता में हैं। भागवत ने कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि भारत के डीएनए में धर्म है।

भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

सीएम प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को आज देंगे 'स्कूटी' की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को शनिवार को बड़ी सौगात देंगे। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 19 सितंबर को ई-स्कूटी का वितरण करेंगे। यह स्कूटी मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की राह आसान होगी। साथ ही, कॉलेज आने-जाने में भी सहूलियत होगी। राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण का कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर में भोपाल में सुबह 9 बजे से होगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं में प्रथम प्रयास में ही 70% अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान आना जरूरी है। प्रदेश सरकार की ओर से इस योजना का लाभ स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत विद्यार्थी को दिया जाता है। योजना में सभी संकायों के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। मोटराइज्ड स्कूटी के लिए अधिकतम 90 हजार रुपए और ई-स्कूटी के लिए अधिकतम 1.20 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

7400 से अधिक मेधावी विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

नीट में ढांचागत सुधारों पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट : हम खुद 'ऑफिस' जाकर देखेंगे एनटीए का सिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नीट में ढांचागत सुधारों का सुझाव देने के लिए गठित नंदन नीलेकणि के नेतृत्व वाले उच्चाधिकार प्राप्त पैनल ने अपनी व्यापक चर्चा पूरी कर ली है। केंद्र ने अदालत को आश्वस्त किया है कि पैनल इस महीने के अंत तक अपनी पहली अंतरिम रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि वह और जस्टिस अराधे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की नई और अपग्रेड की गई फैसिलिटी का व्यक्तिगत तौर पर दौरा करना चाहेंगे, ताकि वहां के सिस्टम और व्यवस्था का परीक्षण किया जा सके। शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया है कि एक नया अपग्रेड किया गया सिस्टम तैयार कर लिया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ को बताया कि सुधारों से जुड़े सभी सुझाव पैनल के समक्ष रख दिए गए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नंदन नीलेकणि पैनल ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन के नेतृत्व वाली पिछली समिति के सदस्यों के साथ भी विस्तृत विचार-विमर्श किया है।

नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाला पैनल इस महीने के अंत तक सौंप सकता है रिपोर्ट

दिग्गज निवेशक ने 56 साल बाद छोड़ा पद

वॉरेन बफेट ने बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा

96 साल के बफेट ने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में यह घोषणा की

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे रईस निवेशक वॉरेन बफेट ने बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन का पद छोड़ दिया है। 96 साल के बफेट ने शुक्रवार को शेयरहोल्डर्स को लिखे एक लेटर में इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इस पद को करीब 56 साल पहले साल 1970 में संभाला था। हालांकि, चेयरमैन पद छोड़ने के बाद भी बफेट कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में निदेशक के तौर पर बने रहेंगे।

निठारी कांड से बरी सुरेंद्र कोली ने की आत्महत्या

हरिद्वार। बहुचर्चित निठारी कांड से जुड़े मामलों में बरी किए गए सुरेंद्र कोली ने शुक्रवार को हरिद्वार में आत्महत्या कर ली। वह शहर कोतवाली क्षेत्र के भूपतवाला में रह रहा था और पिछले कुछ दिनों से वहीं चाय की दुकान चला रहा था। पुलिस के अनुसार, उसने दुकान पर ही रस्सी से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

■ हरिद्वार में चाय की दुकान पर फांसी लगाई

शहर कोतवाली के एसएचओ कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे घटना की सूचना मिली। मृतक के पास मिली आईडी की जांच करने पर उसकी पहचान सुरेंद्र कोली के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक आईडी निठारी कांड के सुरेंद्र कोली से मेल खाती है। मौत के कारणों और घटनाक्रम की जांच की जा रही है। कोली को निठारी हत्याकांड से जुड़े आखिरी मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर 2025 को बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि उसे दोषी ठहराने के लिए पिछली अदालतों द्वारा जिन साक्ष्यों पर भरोसा किया गया, वे कानूनी कसौटी पर खरे नहीं उतरते थे।

भाजपा ने किया राहुल पर पलटवार सुधांशु ने कहा

टीएमसी तो कांग्रेस से अलग होकर बनी, उन्हें न तो देश, समाज और संस्कृति के बारे में पता और अपनी पार्टी का इतिहास भी नहीं जानते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी जिन पार्टियों का नाम लेकर भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं, उन्हें उनके इतिहास की भी जानकारी नहीं है।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, राहुल के बारे में देश में यह धारणा है कि उन्हें न देश के बारे में कुछ पता है। न समाज के बारे में कुछ पता है। न देश की संस्कृति के बारे में कुछ पता है और न ही देश के धर्म के बारे में कुछ पता है। लेकिन आज उन्होंने एक अद्भुत ट्वीट किया है। उससे लगता है कि उन्हें अपनी पार्टी के बारे में भी कुछ नहीं पता।

विपक्षी दलों को खत्म करने का लगाया था आरोप

एनसीपी कांग्रेस से टूटकर बनी

त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी भाजपा पर आरोप लगाते समय यह भी नहीं देखते कि जिन पार्टियों का वह नाम ले रहे हैं, वे कौन हैं। उन्होंने कहा कि राहुल ने एनसीपी, शिवसेना और तृणमूल कांग्रेस का नाम लेकर आरोप लगाया है कि भाजपा इन तीनों पार्टियों को खत्म कर रही है। कांग्रेसियों के लिए आदरणीय और देश के लिए निंदनीय राहुल, आप इतना भी नहीं पढ़ पाते कि एनसीपी का फुल फॉर्म नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी है। ये कांग्रेस से टूटी हुई है। भाजपा ने कहा कि शरद पवार विदेशी मूल के नेतृत्व के मुद्दे पर 1999 में कांग्रेस से अलग हुए थे।

टीएमसी में ही कांग्रेस शब्द छिपा

सुधांशु ने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी ही पार्टी के इतिहास को नहीं जानते। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस का भी जिक्र किया। पार्टी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नाम में ही कांग्रेस शब्द है। उन्होंने कहा कि 1997 में ममता बेनर्जी कांग्रेस के अंदर की परिस्थितियों के कारण अलग हुई थीं। इसके बाद उन्होंने तृणमूल कांग्रेस बनाई। भाजपा ने कहा कि इसके बाद ममता ने 'तृण' और 'मूल' से कांग्रेस को ध्वस्त कर दिया।

परिवार ने क्या-क्या कमाल किए

उन्होंने कहा, राहुल को ये भी नहीं पता है कि उनके परिवार ने क्या-क्या कमाल किए हैं। मजेदार बात देखिए मात्र तीन साल पहले अशोक गहलोत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे थे। अभी दो-तीन महीने पहले अशोक गहलोत का बयान है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनने दिया गया। निपटा दिया गया। किसने निपटाया? जो राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे थे वो बागी खेमे में शामिल हो गए। ऐसे अद्भुत उदाहरण हैं।

चरण सिंह को धोखा दिया

त्रिवेदी ने कहा कि आप देखिए, जनता पार्टी की सरकार बनी, चौधरी चरण सिंह के साथ धोखा किसने किया? भारत के इतिहास का इकलौता उदाहरण है कि चौधरी को समर्थन दिया और संसद सत्र का सामना करने से पहले समर्थन वापस ले लिया।

राहुल ने कहा था- यह हर मतदाता की लड़ाई है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं। फिर उसका

चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है। जब पूरी की पूरी पार्टी चोरी हो सकती है, तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना भी हैरानी की बात नहीं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी - ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं। निर्वाचन आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी जनादेश की रक्षा करना है, मगर उल्टा वो उन ताकतों की मदद कर रहा है, जो जनता के फैसले को ही पलट देते हैं। राहुल ने कहा, यह लड़ाई सिर्फ ममता की नहीं है। यह हर राजनीतिक दल, हर मतदाता की लड़ाई है जो निष्पक्ष चुनाव चाहता है।

खबर संक्षेप

अमृतसर में एएसआई की हत्या, मारी गोलियां

अमृतसर। यहां गुरुवार देर रात ड्यूटी पर तैनात पंजाब पुलिस के एक एएसआई की गोली मारकर

हत्या कर दी गई। थाना गेट हकीमां में तैनात एएसआई हरजीत सिंह करीब रात 2:30 बजे दाना मंडी के पास बाइक पर गश्त कर रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

चांगलांग में 46.60 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में सुरक्षा बलों ने मादक पदार्थ-रोधी संयुक्त

अभियान के दौरान करीब 46.60 लाख मूल्य की 233 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर जब्त की और दो लोगों को गिरफ्तार किया।

नंदीग्राम उपचुनाव से पहले जबरदस्त उलटफेर...ममता को बड़ा झटका

सीएम सुवेंदु से मिलने के बाद ममता गुट की प्रत्याशी संचिता प्रधान ने नामांकन वापस लिया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में ममता बेनर्जी को फिर सियासी और पर तगड़ा झटका लगा है। 6 अक्टूबर को वोटिंग से पहले ऑल इंडिया तृणमूल ममता कांग्रेस (एआईटीएमसी) के प्रत्याशी ने नंदीग्राम उपचुनाव से अपना नाम वापस ले लिया। ममता बेनर्जी की प्रत्याशी संचिता प्रधान ने सीएमसुवेंदु अधिकारी से मुलाकात के बाद नाम वापसी की घोषणा कर दी। बता दें कि इससे पहले फाल्टा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने नाम वापस ले लिया था। ममता बेनर्जी ने नंदीग्राम में नए चेहरे पर दांव खेला था। इस घटनाक्रम ने ममता बेनर्जी को बड़ा झटका दिया है। ममता बेनर्जी खुद भी नंदीग्राम से सुवेंदु अधिकारी के सामने लड़ी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि दोनों के बीच मुकाबला कांटे का रहा था।

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने नंदीग्राम में नए चेहरे पर दांव खेला था। इस घटनाक्रम ने ममता बेनर्जी को बड़ा झटका दिया है। ममता बेनर्जी खुद भी नंदीग्राम से सुवेंदु अधिकारी के सामने लड़ी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अब उपचुनाव में नई सियासत सामने आई है।

पूर्व मुख्यमंत्री समझ नहीं पा रहीं-क्या करें

भाल्टा में भी नाम वापस ले लिया था

नंदीग्राम सुवेंदु का गढ़

संचिता ने अभी तक इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है कि उन्होंने उपचुनाव की दौड़ से अपना नाम क्यों वापस लिया, लेकिन उनके इस कदम से नंदीग्राम में सत्ताधारी बीजेपी को फायदा होगा। नंदीग्राम को सुवेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है। उपचुनाव की दौड़ से उनके हटने के फैसले ने पूर्व मुख्यमंत्री के गुट को मुश्किल में डाल दिया है।

भाजपा ने खेला है सिंपैथी कार्ड

भाजपा ने नंदीग्राम सीट से हासीरानी रथ को मैदान में उतारा है। वह सीएम के दिवंगत पीए चंद्रनाथ रथ की मां हैं। टीएमसी के दूसरे गुट से मोहम्मद एहतशामुल हक ने भी नामांकन दाखिल किया है।

कौन हैं संचिता प्रधान?

संचिता प्रधान पहले प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका रह चुकी हैं। 26 हजार शिक्षकों की नौकरी रद्द होने के मामले में उनकी नौकरी भी चली गई थी। वह 2018 से 2023 तक पंचायत समिति की सदस्य भी रह चुकी हैं। एक समय तो ऐसी भी चर्चा थी कि खुद ममता इस अहम सीट से चुनाव लड़ सकती हैं, लेकिन उन्होंने संचिता प्रधान पर दांव खेला था। इतना ही नहीं पूर्व मंत्री अखिल गिरी के ममता के कालीघाट स्थित आवास पर अचानक जाने से नंदीग्राम उम्मीदवार के तौर पर उनका नाम भी आगे चला था।

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

पीएम मोदी आज 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित वीडियो कांफ्रेंसिंग से करेंगे बात

पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नव-चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला 45 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को रोजगार मेला कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नव-चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे।यह रोजगार मेला देश के 45 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नए भर्ती हुए युवा भारत सरकार के कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों और विभागों में अपनी सेवाएं शुरू करेंगे। इनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और रक्षा मंत्रालय शामिल हैं।

युवाओं को रोजगार देने पर सरकार का फोकस

सरकार का कहना है कि रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है।

अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह को अर्पित की श्रद्धांजलि

पिता-पुत्र ने देश, धर्म सम्मान के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया : डॉ. यादव

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान अद्भुत और सदैव स्मरणीय है। अंग्रेजों ने अपनी कुटिल नीतियों के माध्यम से धीरे-धीरे विभिन्न रियासतों को अपने अधीन कर शासन की बागडोर अपने हाथों में लेने का प्रयास किया था। ऐसे समय में राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने देश और धर्म के सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के 169वें बलिदान दिवस पर माल गोदाम चौक

स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिमा स्थल के समीप बने देव स्थल पर पूजन-अर्चन भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा शंकर शाह ने कविताओं और गीतों के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया। पिता-पुत्र का बलिदान देश की गौरवशाली विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के महानायकों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और उनके इतिहास का संकलन करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

देश विरासत से विकास की ओर आगे बढ़ रहा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में देश विरासत से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के इतिहास का संकलन कर उनकी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सनातन संस्कृति में दीप प्रज्ज्वलन के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति सूर्य आधारित संस्कृति है। दीप प्रज्ज्वलन हमारी परंपराओं और आस्था का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जनजातीय कार्य तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय शाह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, लोकसभा सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी 'इंदू', नीरज सिंह, संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, दिव्यांगजन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संदीप रजक, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, सोनू बचवानी, उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भरावी, राजेन्द्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान संभागायुक्त धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

संग्रहालय पहुंचकर अमर शहीदों को किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय के सामने स्थित राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय में बंदीग्रह में पहुंचकर उनकी गौरव गाथा को याद करते हुए राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलन किया। उन्होंने संग्रहालय परिसर में स्थित सरग नसैनी पर भी पूजन-अर्चन किया।

कैंसर एवं नशामुक्ति जागरूकता गतिविधियां होगी

मुख्यमंत्री ने नमो-प्रेरणा कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा संकल्प अभियान के तहत कैंसर एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नमो प्रेरणा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पहल के तहत स्कूल एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों को कैंसर से बचाव एवं जागरूकता के प्रति प्रेरित किया जाएगा। कैंसर मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने जनजातीय महापुरुषों राजा भभूत सिंह, राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह जैसी विभूतियों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को पाठ्यक्रम में स्थान दिया है। प्रदेश की भावी पीढ़ियां उनके बलिदान और जीवन के प्रेरणादायी कार्यों से परिचित होंगी। आजादी के बाद लंबे समय तक देश-प्रदेश में रही सरकारों ने वोट बैंक की राजनीति के कारण कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। आजादी के बाद पहली बार राष्ट्रपति पद को जनजातीय समुदाय की श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने सुशोभित किया। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में जनजातीय समुदाय के जननेता विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री हैं। राज्य सरकार रानी दुर्गावती लोक का निर्माण करेगी।

52 गढ़ों के वशंजों को सरकार सम्मानित करेगी : राकेश सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह सहित प्रदेश के अनेक महापुरुषों की जीवन के प्रेरणादायी प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सम्मान दिया है। हमारे जनजातीय वीरों ने अंग्रेजों से क्षमा-याचना नहीं की। आज हम सभी पवित्र भूमि जबलपुर में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की शहादत का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान और जीवन पर फिल्म तैयार की गई है। जिन्होंने कभी स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं दिया, उनके नाम सबसे ऊपर आते हैं। अब हमारी सरकार ने पाठ्यपुस्तकों में जनजातीय महापुरुषों के योगदान को शामिल किया है। भावी-पीढ़ी इससे परिचित होगी। मंत्री श्री शाह ने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती है, इस अवसर पहली बार उनके 52 गढ़ों के वशंजों को राज्य सरकार सम्मानित करेगी। जबलपुर के अलावा हरसूद में भी रानी दुर्गावती की जयंती पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर, गीता भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं से भेंट की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस सेवाभावी कार्य की सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी 'इंदू', संतोष वरकड़े, नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के नागरिक उपस्थित थे। वहीं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

▶ जे.पी. मेमोरियल रोड पर शटर के भीतर चल रहा था पैसों का खेल, 6,700 रुपये और ताश की दो गड्डियां जब्त

गणेश पंडाल के पास जुए की महफिल पर पुलिस का छापा, 11 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

गणेशोत्सव के दौरान जे.पी. मेमोरियल रोड स्थित गणेश पंडाल के पास एक शटर के भीतर कथित रूप से पैसों का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे 11 लोगों को पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई, जिसमें मौके से दो ताश की गड्डियां और लगभग 6,700 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

बताया गया है कि गिरफ्तार लोगों में कुछ ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में मारपीट और शराबखोरी से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। इन पुराने मामलों की स्वतंत्र पुष्टि किया जाना शेष है।

स्थानीय संचालक पर भी उठे सवाल- स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि क्षेत्र में लंबे समय से जुए का कथित संचालन एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि राजनीतिक पकड़ के चलते यह गतिविधि लंबे समय से चलती रही। हालांकि, कथित संचालक की पहचान, राजनीतिक संरक्षण और इन आरोपों की पुलिस स्तर से पुष्टि अभी सामने नहीं आई है।

चार मोबाइल बरामद, चोरी के अन्य मामलों को लेकर पूछताछ जारी

रेलवे स्टेशन पर चोरी के मोबाइल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। रेलवे स्टेशन जबलपुर पर यात्रियों के सामान एवं मोबाइल चोरी करने वाले संदिग्धों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जीआरपी थाना जबलपुर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को प्रधान आरक्षक सत्येंद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्लेटफॉर्म नंबर 4-5 के इटारसी छोर पर दो संदिग्ध व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम कृष्णा दुबे (23),

निवासी गढ़ा पेट्रोल पंप के पास, थाना कोतवाली, जबलपुर तथा हर्ष वर्मा (23), निवासी कटरा सिटी सेंटर के पीछे, जबलपुर बताए। तलाशी के दौरान उनके पास से चार मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने रेलवे स्टेशन एवं आसपास से मोबाइल चोरी करने तथा उन्हें अन्य लोगों को बेचने की बात पुलिस को बताई। पुलिस द्वारा चोरी के मोबाइल खरीदने-बेचने से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में मिली जानकारी की भी तस्दीक की जा रही है। मोबाइल के संबंध में दस्तावेज या बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने तथा प्रथम दृष्टया चोरी की संपत्ति पाए जाने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस उनसे चोरी की अन्य वारदातों और चोरी का माल खरीदने वालों के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई जीआरपी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजीवनी राजपूत के मार्गदर्शन में हुई। इसमें प्रधान आरक्षक सत्येंद्र सिंह, मनोज, सत्येंद्र, अरुण, परशुराम एवं रविकांत गोपाल तथा आरपीएफ पोस्ट के प्रधान आरक्षक केदारमल जाट एवं प्रेम सिंह की भूमिका रही।

▶ जनहित याचिका पर हाई कोर्ट की सख्ती के बाद प्रशासन ने निर्माण रोका, वैकल्पिक स्थान पर बनेगा हेलीपैड

भेड़ाघाट शासकीय हाई स्कूल के खेल मैदान पर नहीं बनेगा हेलीपैड

जबलपुर। भेड़ाघाट स्थित शासकीय हाई स्कूल के खेल मैदान पर हेलीपैड निर्माण के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण मोड़ आया। विद्यार्थियों के खेल मैदान को सुरक्षित रखने के लिए दायर याचिका पर शासन ने कोर्ट को बताया कि हेलीपैड का निर्माण रोक दिया गया है। अब इसे किसी वैकल्पिक स्थान पर बनाए जाने का प्रस्ताव है।

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस अल्पेश वाई. कोगजे व जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने की। सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर न्यायालय को स्पष्ट किया कि हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रस्तावित हेलीपैड का निर्माण रोक दिया गया है। अब हेलीपैड के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाएगा, जिससे विद्यालय के खेल मैदान का संरक्षण हो सके। शासन के इस कथन को न्यायालय ने अभिलेख पर लेते हुए कहा कि अब इस संबंध में कोई अन्य आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही याचिका का निराकरण शासकीय अधिवक्ता द्वारा दिए गए कथन के आधार पर कर दिया गया।

---

95 लाख की धोखाधड़ी और धमकी के मामले में अदालत ने नहीं दी राहत, पुलिस की मॉनीटरिंग जारी

नियमित जमानत खारिज...

हिस्ट्रीशीटर रज्जाक पर पुलिस की निगरानी जारी

हरिभूमि, जबलपुर।

शातिर हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक को 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी और प्रार्थी को जान से मारने की धमकी के मामले में न्यायालय से राहत नहीं मिली। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश, जबलपुर के न्यायालय ने अब्दुल रज्जाक की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने जमानत का विरोध किया।

मामला थाना ओमती में अजय पटेल की रिपोर्ट पर दर्ज अपराध क्रमांक 374/24 से जुड़ा

है। प्रकरण में धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज, अवैध वसूली, धमकी और आपराधिक षड्यंत्र सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट की धाराएं जोड़ी गई थीं। पुलिस की विवेचना में आरोप है कि अब्दुल रज्जाक ने परिवार और अपने गुर्गों के साथ मिलकर जमीन बेचने के नाम पर षड्यंत्रपूर्वक 95 लाख रुपये हड़प लिए। इसके अलावा पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देने की बात भी विवेचना में सामने आई।आरोपी अब्दुल रज्जाक पिता स्व. हाजी अब्दुल वहीद, उम्र 65 वर्ष, निवासी रिपटा बड़ी ओमती को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। वह वर्तमान में केंद्रीय जेल भोपाल में निरुद्ध है। जमानत याचिका खारिज होने के बाद मामले में पुलिस की निगरानी और विवेचना आगे भी जारी रहेगी।

पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी निगरानी

पुलिस के अनुसार अब्दुल रज्जाक के विरुद्ध वर्ष 1991 से अब तक जबलपुर में मारपीट, अवैध वसूली, बलवा, अवैध हथियार रखने और हत्या जैसे गंभीर प्रकृति के कई प्रकरण दर्ज रहे हैं। पुलिस का कहना है कि उसके आपराधिक प्रभाव के चलते पूर्व में आमजन और पीड़ितों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने अथवा गवाही देने में भय महसूस किए जाने की स्थिति रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मॉनीटरिंग

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में गंभीर आपराधिक प्रकरणों और हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में एएसपी सिटी डॉ. आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी तथा टीआई ओमती राजपाल सिंह बघेल के नेतृत्व में रज्जाक से जुड़े प्रकरणों की निगरानी की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य गंभीर मामलों में प्रभावी विवेचना और पीड़ित पक्ष को विधिक संरक्षण सुनिश्चित करना है।

डॉ. मुक्ता भटेले निर्विरोध एफपीएआई जबलपुर शाखा की अध्यक्ष निर्वाचित

जबलपुर। फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई) जबलपुर शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक 25 अगस्त को इंदिरा मार्केट स्थित रीजनल फैमिली प्लानिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2026-29 की त्रिवार्षिक अवधि के लिए कार्यकारी समिति का निर्वाचन संविधान एवं निर्धारित नियमों के तहत कराया गया।

निर्वाचन अधिकारी एवं शाखा समिति के वरिष्ठ सदस्य रिटायर्ड कर्नल टी.एन. मेहता तथा शाखा प्रबंधक रवि शरण गौतम ने निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई। एफपीएआई मुख्यालय, मुंबई की अनुशंसा एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पदाधिकारियों और सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। डॉ. श्रीमती मुक्ता भटेले को जबलपुर शाखा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नई कार्यकारिणी में असगर अली तैयब अली उपाध्यक्ष, डॉ. श्रीमती दिव्या दिवाकर कोषाध्यक्ष तथा हेमंत अग्रवाल, डॉ. श्रीमती नमिता पराशर एवं श्रीमती अंकिता जैन सदस्य निर्वाचित हुए। युवा सदस्यों के रूप में ओशि ताम्रकार, प्रभव महेश्वरी एवं जयंत छिरा को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मुक्ता भटेले ने संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप परिवार नियोजन, प्रजनन स्वास्थ्य एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता और सेवाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कार्यकारिणी के सहयोग से संस्था की गतिविधियों को और प्रभावी एवं व्यापक बनाने की बात कही।

जबलपुर। शिव मंदिर भारतीपुर में आयुष और करन सोनकर द्वारा गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई।

मेंटेनेंस के लिए बंद रेल्वे फाटक से बढ़ी राहगीरों व छात्रों की परेशानी

सिहोरा। रेल्वे फाटक में मेंटेनेंस कार्य के चलते 04 सितम्वर से फाटक बंद होने के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फाटक बंद होने से लोगों को आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे समय और दूरी दोनों बढ़ गए हैं। विदित हो रेल प्रशासन द्वारा मंझगवा रेल संपर्क फाटक 336 / को आवश्यक मेंटेनेंस कार्य हेतु पहले दिनांक 5.सितम्बर से 14 सितम्बर तक 10 दिवस हेतु सुचना जारी की थी किन्तु मंद गति से चल रहे कार्य के चलते कार्य के पुर्ण न होने के कारण रेल्वे समपार को अगामी 24 सितम्बर तक के लिए बन्द कर दिया गया है।

समय एवं दुरी बढ़ने से परेशान स्थानीय जन

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से फाटक बंद रहने के बावजूद मेंटेनेंस कार्य पूरा नहीं हो पाया है। फाटक बंद होने से

विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों,पैदल राहगीरों, विद्यार्थियों और आसपास के ग्रामीणों को अधिक परेशानी हो रही है।मझंगवा रेल्वे समपार के एक तरफ सिहोरा तथा उपनगर खितौला के14 वार्ड सहित अनेक शिक्षण संस्था एवं सरकारी कार्यालय है तो दूसरी तरफ 04 वार्ड सहित महाविद्यालय एंव तमाम ग्रामीण क्षेत्र जुडा.है । फाटक बंद होने के कारण भारी एवं चार पहिया वाहन तो ओवर ब्रिज से निकल जाते हैं लेकिन साईकिल धारी दुध फल सब्जी विक्रेता छात्र छात्रा स्थानीय लोग पैदल राहगीरों को ओवर ब्रिज के लिए दो से तीन किलो मीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।स्थानीय लोगो ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि मेंटेनेंस कार्य शीघ्र पूरा कर फाटक को आमजन के आवागमन के लिए खोला जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मनाया बलिदान दिवस

जबलपुर । अमर बलिदानी राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि देकर मनाया गया । इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस नेता दलवीर जस्सल, सुमन कुमार जैन सुमेरु कोल, राजा खान शाहिद, हाजी मुईन खान, हाजी अयाज खान, फैजान कुरैशी अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया सेवा संकल्प अभियान

जबलपुर । श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में गुरुवार को 21 दीप प्रज्जवलन कर सेवा संकल्प अभियान आयोजन तथा विकसित भारत-2047 संकल्प प्रतीक रुप में मनाया गया । इस अवसर पर शरद चंद्र पालन, डॉ. अभिजात त्रिपाठी, राजेश दुबे, डॉ.गंगाधर त्रिपाठी, डॉ.आनंद सिंह राणा, अभिमन्यु जैन, यूएस दुबे, रविन्द्र राघव, अरविंद पटेल, मुकेश श्रीवास्तव, कंचन दुबे, मानसी गौतम, ओमप्रकाश गुप्ता, राखी बाजपेई, राघवेंद्र सिंह, शिवानी रैकवार, गोपाल प्रसाद, संजय पाण्डेय, भूपेंद्र अहिरवार, लालजी झारिया आदि उपस्थित रहे ।

गुरुद्वारा मे कराई गई विशेष अरदास

जबलपुर । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वे जन्म दिवस के अवसर पर गोरखपुर गुरुद्वारा नानक दरबार में विशेष अरदास एवं दीप प्रजलन कर प्रधानमंत्री की लंबी उम्र और देश के समृद्धि की प्रार्थना की गई । इस अवसर पर भगत सिंह समिति के सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा, काके आनंद, डिम्पी बिंद्रा, कुक्कू सूडान, बिट्टू रील, जय चक्रवर्ती उपस्थित रहें ।

यूपीआई भुगतान ग्राहकों के लिए मुफ्त, चुनिंदा लेनदेन पर दुकानदारों से एमडीआर का प्रावधान

जबलपुर। यूपीआई से भुगतान करने वाले ग्राहकों से एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) वसूलने का प्रावधान नहीं है। परिवार या दोस्तों को पैसे भेजने के साथ दुकानों, स्थानीय बाजारों और स्ट्रीट वेंडरों के क्यूआर कोड पर भुगतान करने पर भी ग्राहक से अलग से कोई एमडीआर नहीं लिया जाना चाहिए। एमडीआर डिजिटल भुगतान स्वीकार करने पर व्यापारी से लिया जाने वाला शुल्क है। दिए गए विवरण के अनुसार, 2,000 तक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर नहीं लगेगा और करीब 96 प्रतिशत यूपीआई लेनदेन शुल्क-मुक्त रहने का दावा किया गया है। 2,000 से अधिक के चुनिंदा यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर का प्रावधान बताया गया है। वहीं 75,000 या उससे अधिक के लेनदेन पर एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 प्रति लेनदेन बताई गई है। छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडरों को भी राहत दी गई है। ऐसे कारोबारी जिनके यूपीआई क्यूआर के माध्यम से बैंक खाते में प्रतिमाह 1 लाख तक प्राप्त होते हैं, उनके लिए भी शुल्क संबंधी अलग प्रावधान बताए गए हैं। ईंधन, शिक्षा, बीमा, रेलवे, टेलीकॉम तथा बिजली, पानी और पाइप्ड नेचुरल गैस जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए अलग व्यवस्था बताई गई है। 2,000 से कम के भुगतान पर एमडीआर नहीं होने की बात कही गई है, जबकि इससे अधिक के भुगतान पर 5 प्रति लेनदेन एमडीआर का प्रावधान बताया गया है।

जन विश्वास अभियान के तहत संभागायुक्त ने शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद, स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण; व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

जबलपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत संभागायुक्त धनंजय सिंह ने जबलपुर जिले की गोरखपुर तहसील अंतर्गत गढ़ा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया और शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने भ्रमण के दौरान रानी दुर्गावती शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय, गंगानगर गढ़ा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए नियमित पठन पाठन हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में ही जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीनियर कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं व परिसर के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए।

इसके बाद संभागायुक्त श्री सिंह ने मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक गढ़ा पुरवा का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, एएनसी पंजीयन तथा मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र में गुणवत्तापूर्ण उपचार, आवश्यक दवाइयों की सतत उपलब्धता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएँ। इसके बाद संभागायुक्त श्री सिंह ने नव निवेश कॉलोनी गढ़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

विनोबा भावे सबस्टेशन के विस्तार एवं उन्नयन का कार्य शीघ्र पूरा करें: एमडी

जबलपुर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जबलपुर शहर के महत्वपूर्ण 132 केवी सबस्टेशन विनोबा भावे का निरीक्षण किया। उन्होंने सबस्टेशन के विस्तार एवं उन्नयन से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें गुणवत्ता और मानकों के हिसाब से पूरा करने के निर्देश दिए।

नए कंट्रोल रूम एवं तीसरे पावर ट्रांसफार्मर के कार्यों की समीक्षा

प्रबंध संचालक ने विनोबा भावे सबस्टेशन के विस्तार के लिए बनाई जा रही नई कंट्रोल रूम बिल्डिंग तथा सबस्टेशन के उन्नयन के लिए तीसरे पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तीसरा ट्रांसफार्मर स्थापित होने से शहर में लोड प्रबंधन और आसान रह सकेगा उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति, तकनीकी पहलुओं तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन में सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम तकनीक लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए, ताकि भविष्य में इसे रिमोट संचालित सबस्टेशन के रूप में विकसित किया जा सके।

उन्नयन कार्यों का किया अवलोकन

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने हाल ही में रीमॉडलिंग किए गए विनोबा भावे सबस्टेशन के विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने सबस्टेशन में किए गए उन्नयन कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहर का प्रमुख सबस्टेशन होने के कारण यहां से जुड़े 33 केवी फीडरों की ट्रिपिंग का लगातार विश्लेषण किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर 220 केवी सबस्टेशन गोराबाजार से बैकफीड सप्लाई की व्यवस्था भी तैयार रखी जाए, ताकि किसी आकस्मिक स्थिति में न्यूनतम संभव समय में शहर की विद्युत आपूर्ति सामान्य की जा सके।

विनोबा भावे सब स्टेशन से जोड़ी गई डायरेक्ट 132 केवी लाइन सप्लाई की समीक्षा

प्रबंध संचालक ने 220 केवी नयागांव सबस्टेशन से विनोबा भावे सबस्टेशन तक लाई गई सीधी 132 केवी सर्किट के संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा इस पर ट्रिपिंग और इस लाइन को जोड़ने से शहर को हुए फायदे के बारे में अधिकारियों से जाना।ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस के कार्यपालन अभियंता एपीएस चौहान ने उन्हें अवगत कराया कि जब से विनोबा भावे सब स्टेशन में जबलपुर नयागांव से सीधी 132 केवी सर्किट लाइन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है तब से ट्रांसमिशन लाइन में ट्रिपिंग के कारण शहर में व्यवधान नहीं हुआ है।

ट्रैनीज सहायक अभियंताओं एवं आउटसोर्स कार्मिकों से किया संवाद

प्रबंध संचालक ने विनोबा भावे सबस्टेशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला सहायक अभियंताओं से संवाद किया और उनसे अभी तक प्राप्त प्रशिक्षण के संबंध में पूछताछ कर उनकी प्रगति का आंकलन किया। उन्होंने अधिकारियों से उन्हें हर ट्रेनिंग को संजीदगी से उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए ट्रैनीज अभियंताओं से कहा कि यही सीखने का समय है जो पूरे सेवा काल में काम आता है। उन्होंने सब स्टेशन में कार्य आउटसोर्स कार्मिकों से भी संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया।

मंथनश्री सृजन संस्कृति संगीत का वार्षिक महोत्सव 20 सितंबर को

राष्ट्रीय अलंकरण और कृति विमोचन समारोह भी होगा

जबलपुर। सांस्कृतिक संस्था मंथनश्री सृजन संस्कृति संगीत द्वारा वार्षिक महोत्सव, राष्ट्रीय अलंकरण एवं कृति विमोचन समारोह का आयोजन 20 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 4 बजे से कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय, भंवरताल गार्डन में आयोजित होगा। समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का अलंकरण किया जाएगा। इसके साथ ही साहित्यिक कृतियों का विमोचन भी होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों के साथ संवाद किया जाएगा तथा सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के निवेदक संतोष नेमा, संतोष राजेश पाठक, प्रवीण, विजय नेमा अनुज, कविता राय एवं प्रीति नामदेव ने साहित्य प्रेमियों, संस्कृतिकर्मियों और नगर के प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

दो दिवसीय दंगल का हुआ समापन, सैकड़ों पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

जबलपुर। सगड़ा व्यायामशाला द्वारा स्व. श्याम सिंह लोधी खलीफा की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय दंगल का रविवार को सगड़ा स्थित व्यायामशाला में समापन हुआ। अंतिम दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद दंगल का शुभारंभ भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, महाकौशल क्रीड़ा परिसर के संयोजक डॉ. प्रशांत मिश्रा एवं दंगल समिति के आयोजक किशोरी खलीफा की मौजूदगी में हुआ। दंगल में सैकड़ों पहलवानों ने हिस्सा लिया। अंतिम दिन समाचार लिखे जाने तक करीब 50 कुश्तियां हुईं। पहलवानों ने विभिन्न दांव-पेंच का प्रदर्शन कर दर्शकों का

रोमांच बढ़ाया। प्रमुख मुकाबलों में अरुण पहलवान ने साहिल पहलवान, लक्की पहलवान ने अमर पहलवान, विक्रांत पहलवान ने शिवम पहलवान तथा साहिल पहलवान ने अंकित पहलवान को हराया। वहीं कमल पहलवान ने राम पहलवान को कलाजंग दांव लगाकर चित किया। विजेता पहलवानों को अतिथियों द्वारा शील्ड, ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। मुकाबलों में रैफरी की भूमिका भूरा पहलवान एवं राकेश पटेल ने निभाई। संचालन विकास लोधी एवं अजय असैय्या ने किया, जबकि रिकॉर्ड कीपर वीरू लोधी एवं विष्णु लोधी और टाइमकीपर अमित लोधी रहे। आभार प्रदर्शन विकास लोधी ने किया। इस अवसर पर हीरा खलीफा, जयवीर, खेमचंद धनगर, दुलीचंद धनगर, अनिल खलीफा, राकेश यादव, भागीरथ खलीफा, एस.के. विश्वकर्मा एवं सुरेश विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। दो दिवसीय दंगल के सफल समापन पर आयोजकों ने सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

रजत गणेश विग्रह के समक्ष मनौती से मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता

जबलपुर। ललपुर रोड, ग्वारीघाट स्थित रजत गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश का गुलाबी वस्त्रों में भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर दादा बिहारी लाल गुप्ता, राकेश गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता राकेश गुप्ता ने भगवान गणेश को मोदक अर्पित कर सहस्त्रार्चन किया। मंदिर के महंत प्रमोद महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार रजत गणेश विग्रह के समक्ष सच्चे मन से मनौती मांगने से मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने रजत गणेश विग्रह के समक्ष मनौती मांगने के शास्त्रीय विधान का भी उल्लेख किया। धर्मसभा में रामलला मंदिर के महंत पंडित इंद्रभानु महाराज एवं डॉ. रवि राय ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ. कल्पना राय, रीना शारदा, मीना चौहान, कीर्ति दिवाकर एवं प्रतिभा खरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना एवं धर्मसभा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शक्ति भवन में पार्किंग को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी

मुख्य सड़क पर वाहन खड़ा करने पर रोक, 24 घंटे से अधिक पार्किंग पर होगी कार्रवाई

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले ने जबलपुर स्थित विद्युत कंपनियों के मानव संसाधन एवं प्रशासन प्रमुखों के साथ बैठक कर शक्ति भवन की पार्किंग व्यवस्था को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के तहत विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थलों पर ही सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन फिरोज कुमार मेश्राम ने सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के लिए सुरक्षा विभाग को आवश्यक निर्देश दिए हैं। शक्ति भवन की मुख्य सड़क पर किसी भी वाहन को पार्क या खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। वाहन इस प्रकार भी खड़े नहीं किए जा सकेंगे, जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो। विद्युत कार्मिकों को दोपहिया और चारपहिया वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करने होंगे। बाहरी व्यक्तियों एवं आगंतुकों के वाहनों की पार्किंग शक्ति भवन परिसर के बाहर निर्धारित उपयुक्त स्थान पर की जाएगी। सामान्य परिस्थितियों में ऐसे वाहनों को परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। विशेष परिस्थिति में अनुमति मिलने पर ही वाहन परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। जारी निर्देशों के अनुसार शक्ति भवन की पार्किंग में कोई भी वाहन 24 घंटे से अधिक खड़ा नहीं रहेगा। निर्धारित अवधि से अधिक समय तक खड़े पाए जाने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस के माध्यम से ऐसे वाहनों को जब्त या हटवाया जा सकेगा। ऐसी स्थिति में वाहन की सुरक्षा, सुपुर्दगी एवं अन्य सभी जिम्मेदारी वाहन स्वामी या संबंधित व्यक्ति की होगी।

श्रीमती प्रमिला गंगैया दासर- मलिक कम्पाउंड सदर इंडियन कॉफी हाउस के पीछे निवासी स्व. श्री गंगैया दासर की धर्मपत्नी तथा दीपक, प्रदीप व प्रकाश दासर की मां श्रीमती प्रमिला गंगैया दासर (79) का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिये रवाना होगी।

श्री जुगल किशोर श्रीवास्तव- आनंद कुंज गढ़ा निवासी शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार श्रीवास्तव के पिता श्री जुगल किशोर श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार चौहानी मोक्षधाम में किया गया।

श्री रमेश दत्त अवस्थी- यादव कॉलोनी निवासी श्री रमेश दत्त अवस्थी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजू यादव- दशमेश द्वार के पास मदनमहल निवासी श्री राजू यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री विनोद कुमार- नंदनगर मानेगांव रांझी निवासी श्री विनोद कुमार (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती भागवती बाई रैकवार- गली नं. 19, सदर निवासी श्री भगवान दास रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई रैकवार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती इंद्रा बाई- द्वारका नगर गोपाल होटल के पास निवासी श्री उमेश डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती देवंती देवी शर्मा- राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री दुधेश्वर प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती देवंती देवी शर्मा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



श्री राजेश ठाकुर- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री राजेश ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नरबद चौधरी- कांचघर झंडा चौक निवासी श्री नरबद चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

श्री ओम प्रकाश बरसैंया- हर्षित नगर यादव कॉलोनी निवासी श्री ओम प्रकाश बरसैंया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती घुग्गी बाई बंशकार- प्रेमसागर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री भूरा बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती घुग्गी बाई बंशकार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

श्री रामजी राव सपकाल- विजय नगर निवासी श्री रामजी राव सपकाल (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती अंजना वाजपेयी- लाल कुआं हनुमानताल निवासी श्री विमलकांत वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना वाजपेयी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

श्री सुरेश कुमार गूजर- स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री सुरेश कुमार गूजर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।



श्री दीपक माहुरे- गढ़ा छोटी बजरिया निवासी महादेव माहुरे के पुत्र दीपक माहुरे का 45 साल की आयू में निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज 11 वजे उनके निज निवास,11 गढ़ा छोटी बजरिया से चौहानी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज:- 10x8 से.मी. रंगीन 400/-
डबल साइज 10x12 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

खबर संक्षेप

सोना 1,600 रुपए मजबूत चांदी 5,000 रुपए चमकी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति की चिंताएं कम होने और हाल की बिकवाली के बाद निवेशकों के सराफा बाजार में लौटने से सोने के दाम चढ़े।

आरबीआई ने नीलामी से 2.23 लाख करोड़ की नकदी जुटाई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने परिवर्तनीय दर वाली रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली से शुक्रवार को 2.23 लाख करोड़ रुपये की नकदी जुटाई। आरबीआई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय बैंक को 2.25 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 2,22,629 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं।

लेलैंड का वाहनों को खरीदने केरल ग्रामीण बैंक से करार

मुंबई। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने वाणिज्यिक वाहन खरीदारों को ऋण देने के लिए केरल ग्रामीण बैंक के साथ साझेदारी की है। अशोक लेलैंड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य ग्राहकों की सुविधा बढ़ाना है। इसके तहत उनकी जरूरत और पसंद के अनुरूप आसानी से चुकाए जा सकने वाले वाहन ऋण की सुविधा दी जाएगी।

एलिवेट कैंपस का आईपीओ 23 सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। एलिवेट कैंपस लिमिटेड का 2,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 सितंबर को खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 343-362 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, तीन दिन का निर्गम 25 सितंबर को बंद होगा। शेयर के 30 सितंबर को बाजार में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

टेबल स्पेस ने केएमसी में हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी टेबल स्पेस ने हिलहाउस के साथ मिलकर अपने प्रबंधित कार्यालय कारोबार के विस्तार की रणनीति के तहत फिलीपीन की केएमसी सॉल्यूशंस में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी है। बेंगलुरु स्थित टेबल स्पेस ने शुक्रवार को बयान में कहा कि कंपनी और हिलहाउस की कंपनी रावा पार्टनर्स ने केएमसी सॉल्यूशंस में बहुमत हिस्सेदारी खरीदी है।

वीगालैंड डेवलपर्स का शेयर 10 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड का शेयर अपने 140 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 151 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 7.85 प्रतिशत अधिक है। वहीं एनएसई पर यह 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 154 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 700.78 करोड़ रुपये रहा। आईपीओ को मंगलवार को बोली के अंतिम दिन 13.55 गुना अभिदान मिला था।

'स्पैम' पर अंकुश लगाने ट्राई ने नियम किए कड़े, एआई से पहचान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को नियम कड़े कर दिए। संशोधित नियमों में संदिग्ध स्पैम का पता लगाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित पहचान व्यवस्था को शामिल किया गया है और उपभोक्ताओं के लिए अपील की व्यवस्था भी शुरू की गई है। नए नियमों के तहत दूरसंचार सेवा प्रदाता स्पैम के लिए इस्तेमाल किए जाने की आशंका वाले नंबरों की पहचान करेंगे और यह जानकारी आपस में साझा करेंगे। स्पैम ऐसे अनचाहे संदेश या कॉल होते हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को बिना उनकी मांग या सहमति के भेजे जाते हैं।

- कृत्रिम आवाज वाली कॉल भी इसके दायरे

बार-बार उल्लघंन होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा

140, 1600, 1601 नंबर के कॉल नहीं होंगे ब्लाक

इसके अलावा, संदेश भेजने के लिए स्वीकृत प्रेषक-पहचान (हेडर) या पहले से तय संदेश प्रारूप के गलत या अनधिकृत इस्तेमाल को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को भी मजबूत किया गया है। नियामक ने कहा कि कॉल-प्रबंधन ऐप को 140एक्सएक्स, 1600एक्सएक्स और 1601एक्सएक्स श्रृंखला के नंबरों से आने वाली कॉल को सामूहिक रूप से ब्लॉक, फिल्टर या स्पैम के रूप में चिह्नित करने की अनुमति नहीं होगी।

बिना घोषणा की कॉल यूसीसी माना जाएगा : एप्पी कॉल करने वाली संस्थाओं को अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता को पहले से इसकी जानकारी और इस्तेमाल किए जाने वाले नंबर बताने होंगे। बिना घोषणा की गई ऐसी कॉल को यूसीसी माना जाएगा। एप्पी कॉल पर प्रति मिनट पांच पैसे तक टर्मिनेशन शुल्क भी लगाया गया है। यह शुल्क एक दूरसंचार नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर कॉल समाप्त होने पर संबंधित नेटवर्क को देना पड़ता है।

ट्राई करेगी यह कार्रवाई

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि किसी प्रेषक से जुड़े पांच या अधिक नंबर 10 दिन के भीतर चिह्नित होने पर आगे जांच और चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसमें केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) का दोबारा सत्यापन, भौतिक सत्यापन, आउटगोइंग सेवाओं पर रोक और बार-बार उल्लंघन होने पर कनेक्शन काटना शामिल है।

एप्पी कॉल को किया गया परिभाषित

नियामक ने एप्लिकेशन-टू-पर्सन (एप्पी) कॉल को भी परिभाषित किया है। इसमें किसी ऐप, सॉफ्टवेयर प्रणाली या स्वचालित मंच से बिना किसी व्यक्ति द्वारा सीधे नंबर डायल किए जाने वाली कॉल शामिल हैं। ऑटो-डायल, रोबोकॉल और पहले से रिकॉर्ड की गई या कृत्रिम आवाज वाली कॉल भी इसके दायरे में आएंगी।

एप्पी कॉल शुल्क से मुक्त होगी

हालांकि, प्राधिकरण द्वारा विनियमित वाणिज्यिक कॉल के लिए निर्धारित किसी भी नंबर श्रृंखला से की गई एप्पी कॉल और प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कॉल को इस शुल्क से छूट दी गई है। ट्राई ने कहा कि इन संशोधनों से शिकायत के आधार पर भी कार्रवाई मजबूत होगी।

वर्ष 2026-27 के लिए अनुमान छह प्रतिशत था

मूडीज ने भारत का जीडीपी वृद्धि अनुमान 7% किया, महंगाई को लेकर किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान छह प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक झटकों के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है।

हालांकि, उसने साथ ही तेल की ऊंची कीमतों और अल नीनो के असर से महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर आगाह किया। भारत की 'बीएए3' रेटिंग की समय-समय पर की जाने वाली समीक्षा के बाद जारी बयान में मूडीज ने कहा कि कर्ज में कमी की गति धीमी बनी रहने और कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर रहने का अनुमान है। इसकी वजह भारत पर कर्ज का अधिक बोझ और ब्याज लागत का ऊंचा स्तर है।

सेवा क्षेत्र का मजबूत योगदान

मूडीज ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि सालाना आधार पर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई, जो समूचे कैलेंडर वर्ष 2025 की 7.3 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। इसमें निजी खपत में मजबूती, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च से सकल स्थिर पूंजी निर्माण में मजबूत वृद्धि और निजी क्षेत्र के निवेश में संभावित सुधार के साथ सेवा क्षेत्र की लगातार मजबूती का योगदान रहा।

अल नीनो से खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है

यह वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज 2.4 प्रतिशत से पहले ही काफी अधिक है। वहीं, अल नीनो से जुड़ी बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे निजी खपत और आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने कहा कि कच्चे तेल के आयात स्रोतों में भारत का बढ़ा हुआ विविधीकरण, विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर और मजबूत घरेलू मांग महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है

हालांकि, ऊर्जा एवं उर्वरक आयात की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और पश्चिम एशिया से कम प्रेषण से चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है तथा व्यापक स्तर पर वृद्धि की गति प्रभावित हो सकती है। इस महीने की शुरुआत में जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी जेसीआर ने भारत की रेटिंग को बढ़ाकर 'A-' कर दिया था।

- खाड़ी युद्ध के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई
- तेल की ऊंची कीमतों व अल नीनो से महंगाई बढ़ने का खतरा
- कर्ज में कमी की गति धीमी, कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर

जेसीआर ने 35 साल बाद बढ़ाई थी रेटिंग

मजबूत आर्थिक वृद्धि और मजबूत वित्तीय प्रणाली का हवाला देते हुए जेसीआर ने 35 साल के अंतराल के बाद यह उपलब्धि हासिल हुई थी। 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो आरबीआई के सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के अनुमान से अधिक है।

ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई भड़का सकती है

मूडीज ने कहा कि भारत के अन्य सभी जी20 देशों के साथ-साथ समान रेटिंग वाले उभरते बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन उसने जोखिमों को लेकर भी आगाह किया। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भविष्य में यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होता है तो ऊर्जा की ऊंची कीमतें वित्त वर्ष 2026-27 में सालाना औसत महंगाई को हमारे 4.8 प्रतिशत के अनुमान से ऊपर ले जा सकती हैं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था ने दिखाई मजबूती

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न हुए वैश्विक झटके के प्रति अर्थव्यवस्था की दिखाई गई मजबूती के कारण हमने वित्त वर्ष 2026-27 (मार्च 2027 को समाप्त होने वाला वर्ष) में वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान पहले के छह प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

सरकार ने थोक ग्राहकों के लिए चीनी भंडार रखने की सीमा बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सीमा को मौजूदा 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन कर दिया
- आने वाले त्योहारों में मांग बढ़ने की संभावना

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने थोक चीनी ग्राहकों के लिए भंडार रखने की सीमा को मौजूदा 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन कर दिया है, क्योंकि त्योहार आ रहे हैं और इस दौरान मांग बढ़ने की संभावना है।

अभी, जो थोक ग्राहक कच्चे माल के तौर पर उत्पादन, खपत या किसी और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए महीने में 10 टन से ज्यादा चीनी का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें अपनी जरूरत के हिसाब से 15 दिन तक का भंडार रखने की इजाजत है।

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने एक बयान में कहा कि अब यह सीमा दोगुनी कर दी जाएगी। यह एक एक शर्त के साथ की जाएगी कि पहले की 15 दिन की सीमा से ज्यादा रखा गया कोई भी भंडार सिर्फ शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) या अग्रिम मंजूरी योजना (एएएस) के तहत आयात की गई चीनी से ही आना चाहिए। सरकार ने पहले ही टीआरक्यू के तहत 10 लाख टन चीनी के आयात की इजाजत दे दी है, साथ ही अग्रिम मंजूरी योजना के तहत खरीदी गई निर्यात-योग्य चीनी की घरेलू बिक्री की भी अनुमति दी है। मंत्रालय ने साफ किया कि खुले बाजार से खरीदे गए भंडार पर 15 दिन की खपत की सीमा लागू रहेगी। भंडार पर नजर रखने के लिए, सरकार ने एक व्यवस्था भी शुरू की है। इसके तहत थोक ग्राहकों को हर शुक्रवार को खाद्य मंत्रालय के ऑनलाइन पोर्टल 'फूडस्टॉक डॉट डीएफपीडी डॉट जीओवी डॉट इन' पर अपने चीनी के भंडार की जानकारी देनी होगी।

चीनी की कीमतें लगभग 25 फीसदी तक टूटी

इसके अलावा, केंद्र सरकार ने बताया कि हालांकि मिल से निकलने वाली चीनी की कीमतें लगभग 25 प्रतिशत टूटी हैं, लेकिन खुदरा कीमतें अगस्त के 65 रुपये के उच्चतम स्तर से गिरकर अभी 58.50 रुपये यानी सिर्फ 10 प्रतिशत ही कम हुई हैं। इससे पता चलता है कि थोक बाजार में सस्ती दरों का फायदा पूरी तरह से ग्राहकों तक नहीं पहुंचा है।

शेयर बाजार में मिला-जुला रुख; निफ्टी 76 अंक चढ़ा, सेंसेक्स टूटा

- सेंसेक्स में 19 .63 अंक की गिरावट दर्ज की गई
- आईटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद आईटी कंपनियों और टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 19.63 अंक की गिरावट के साथ 74,294.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 413.85 अंक बढ़कर 74,728.44 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान हासिल बढ़त को समापन नीलामी सत्र (सीएएस) में गंवा दिया। वहीं निफ्टी 75.80 अंक चढ़कर 23,346.40 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गिरावट : टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों के शेयर शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इससे एक दिन पहले इनमें बढ़त दर्ज की गई थी। टाटा समूह के निदेशक मंडल में जारी विवाद के बीच टाटा केमिकल्स के शेयर 11 प्रतिशत से अधिक टूट गए। यह विवाद टाटा संस के निदेशक मंडल द्वारा कार्यकारी चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को एक और कार्यकाल देने की मंजूरी के बाद और बढ़ गया है। बीएसई में टाटा केमिकल्स का शेयर 11.14 प्रतिशत टूटा।

टाटा मोटर्स एक अक्टूबर से वाहनों की कीमत बढ़ाएगी...

मुंबई। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स एक अक्टूबर से अपने वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि यह मूल्य वृद्धि जिंस और अन्य कच्चे माल की लागत में हुई बढ़ोतरी की भरपाई के लिए की जा रही है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि अलग-अलग वाहन मॉडल और उनके संस्करणों के आधार पर अलग-अलग होगी।

प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 13 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- संग्रह बढ़कर 12 .12 लाख करोड़ रुपए पर
- कॉरपोरेट क्षेत्र से बेहतर कर संग्रह रहा

सरकार का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक 13 प्रतिशत बढ़कर 12.12 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। कॉरपोरेट क्षेत्र से बेहतर अग्रिम कर संग्रह से इसमें वृद्धि हुई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अग्रिम कर संग्रह 16.18 प्रतिशत बढ़कर करीब 5.22 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें कॉरपोरेट क्षेत्र से अग्रिम कर भुगतान 18 प्रतिशत बढ़कर 4.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक और गैर-कॉरपोरेट क्षेत्र (व्यक्तिगत तथा हिंदू अविभाजित परिवार) से अग्रिम कर संग्रह 9.24 प्रतिशत बढ़कर 1.06 लाख करोड़ रुपये रहा। सीबीडीटी के आंकड़ों के अनुसार, 17 सितंबर तक कर 'रिफंड' 29.19 प्रतिशत बढ़कर 2.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 15 प्रतिशत बढ़कर 14.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। 'रिफंड' को समायोजित करने के बाद प्रत्यक्ष करों (जिसमें कॉरपोरेट, गैर-कॉरपोरेट कर व प्रतिभूति लेनदेन कर शामिल हैं) का शुद्ध संग्रह 12.96 प्रतिशत बढ़कर 12.12 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 19.48 प्रतिशत बढ़कर करीब 5.56 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह छह प्रतिशत बढ़कर 6.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

यूपीआई एमडीआर से नकद लेनदेन बढ़ने की आशंका सच नहीं होगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- आरबीआई डिप्टी गवर्नर मुर्मू ने जताई आशंका
- अधिकांश कारोबारी भुगतान पहले की तरह मुफ्त रहेंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर शिरीष चंद्र मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होने से नकद लेनदेन बढ़ने की आशंका के सच साबित होने की संभावना नहीं है। सरकार के मुताबिक, 15 अक्टूबर से व्यापारियों को 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर देना होगा। हालांकि, 75,000 रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर अधिकतम शुल्क 300 रुपये होगा। दो व्यक्तियों के बीच भुगतान और रोजमर्रा के अधिकांश कारोबारी भुगतान पहले की तरह मुफ्त रहेंगे।

एमडीआर लागू होने के बाद नकदी लेनदेन बढ़ने की आशंकाओं के बारे में पूछे जाने पर मुर्मू ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह आशंका सच होगी। यह केवल शुरुआती आशंका है। उन्होंने कहा कि एमडीआर के जरिये लागत की वसूली के तरीके में बड़ा बदलाव हो रहा है और इसी वजह से ऐसी आशंका पैदा हुई है। यहां बीसीसी एंड आई द्वारा आयोजित एक वित्तीय बाजार सम्मेलन में मुर्मू ने कहा कि डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ नकदी का प्रचलन भी बढ़ना विरोधाभासी नहीं है, क्योंकि नकदी का इस्तेमाल लेनदेन के साधन के साथ मूल्य को सुरक्षित रखने के लिए भी होता है।

मुर्मू ने कहा, ''डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ नकदी के प्रचलन में उसी अनुपात में कमी आने की अपेक्षा आंकड़ों से पुष्ट नहीं होती, क्योंकि दोनों चीजें एक साथ हो रही हैं। मुर्मू ने कहा, ''हम नकदी के प्रचलन, खासकर चलन में मौजूद नोटों पर नजर रख रहे हैं कि डिजिटल लेनदेन के बढ़ते इस्तेमाल के बीच उस पर इसका क्या असर पड़ रहा है।''

केंद्रीय बैंक ने 600 से अधिक संशोधन किए

आरबीआई की ओर से किए गए नियामकीय बदलावों पर मुर्मू ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने पिछले एक साल में 600 से अधिक मसौदा और अंतिम संशोधन परिपत्र जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने अपने नियमन के दायरे में आने वाली संस्थाओं को करीब 11 श्रेणियों में पुनर्गठित किया है और कुछ परिपत्र इनमें से कई श्रेणियों पर लागू होते हैं।

एनएसई के आईपीओ को बोली के दूसरे दिन पूरी बोली मिली

- निवेशकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के 22,569 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को बोली के दूसरे दिन पूरी बोली मिल गयी। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) और गैर-संस्थागत निवेशकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

बीएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दोपहर दो बजकर 56 मिनट तक एनएसई के आईपीओ में पेश किए गए 8,86,42,911 शेयरों के मुकाबले 8,88,23,000 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्से को 1.32 गुना बोलियां मिलीं , जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 1.37 गुना अभिदान मिला।

ए-वन स्टील्स ने तय किया शेयर मूल्य का दायरा

नई दिल्ली। ए-वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को अपने 405 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 385 से 405 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। एकीकृत इस्पात विनिर्माता कंपनी प्राथमिक बाजार से पूंजी जुटाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 24 सितंबर को बोली के लिए खुलेगा और 28 सितंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशकों के लिए बोली 23 सितंबर को होगी। इस आईपीओ में 355 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

बफे 56 साल तक बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन पद पर रहे

वॉरेट बफे ने दिया इस्तीफा, बेटा संभालेगा कमान

एजेंसी ▶▶| ओमाहा (अमेरिका)

- ग्रेग एबेल ने इस साल की शुरुआत में बफे की जगह पद संभाला था

दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे 50 साल से अधिक समय तक बर्कशायर हैथवे का चेयरमैन पद संभालने के बाद अब इस जिम्मेदारी से मुक्त होने जा रहे हैं। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि 96 वर्षीय बफे अब मानद चेयरमैन बनेंगे और यह भूमिका तत्काल प्रभाव से संभाल लेंगे। वह कंपनी के निदेशक बने रहेंगे।

बफे के बेटे हावर्ड बफे बर्कशायर हैथवे के नए चेयरमैन होंगे। वह 1993 से कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल हैं।

अधिकांश संपत्ति हैथवे के शेयरों से बनी : बफे की अधिकांश संपत्ति बर्कशायर हैथवे के शेयरों से बनी है। बर्कशायर हैथवे कभी न्यू इंग्लैंड की एक कपड़ा कंपनी थी, जिसे बाद में निवेश समूह में बदला गया और यह वॉल स्ट्रीट की एक प्रमुख कंपनी बन गई। 2024 में बर्कशायर हैथवे एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य वाली शुरुआती गैर-प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल हुई।

बेटे हावर्ड के सफर को लेकर बफे आश्वस्त

बफे ने कहा कि वह सीईओ एबेल और अपने बेटे हावर्ड की अगुवाई में बर्कशायर के सफर को लेकर आश्वस्त हैं। बफे ने कहा, ''ग्रेग कंपनी चलाएंगे और हावर्ड इसकी संस्कृति एवं मूल्यों की रक्षा करेंगे जो हमारे बहीखाते की किसी भी चीज से अधिक मूल्यवान हैं। हावर्ड को ऐसी बीमा पॉलिसी की तरह समझें, जिसके मालिक शेयरधारक हैं और उम्मीद है कि उन्हें कभी इस पॉलिसी पर दावा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।''

बफे का योगदान इतिहास में अतुलनीय: एबेल

एबेल ने एक बयान में कहा, ''बर्कशायर और उसके शेयरधारकों पर वॉरेन का प्रभाव अमेरिकी कारोबार के इतिहास में अतुलनीय है। वॉरेन ने जो संस्कृति बनाई और जिन मूल्यों को आगे बढ़ाया, वे बर्कशायर के केंद्र में बने रहेंगे और हॉवर्ड उनके संरक्षक होंगे।''

'ओरेकल ऑफ ओमाहा' के नाम से मशहूर वॉरेन बफे कंपनी के निदेशक बने रहेंगे। वह 1970 से बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन पद पर हैं। ग्रेग एबेल ने इस साल की शुरुआत में बफे की जगह एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य वाले समूह के सीईओ का पद संभाला था।

बफे अब भी सबसे प्रभावशाली निवेशकों में शामिल

बफे अब भी दुनिया के सबसे प्रभावशाली निवेशकों में शामिल हैं। वॉरेन बफे ने शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा, ''मैंने 1965 से बर्कशायर की सेवा की है। छह दशक से अधिक समय बाद भी मेरे पास दुनिया की सबसे अच्छी नौकरी है। मेरी उम्र के बहुत से लोग ऐसा नहीं कह सकते। आगे क्या होने वाला है, इसे लेकर मैंने कभी इतना अच्छा महसूस नहीं किया।''

चिंतन

एक हार में ही बिखर गई तृणमूल कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस विधानसभा चुनाव में हुई एक ही हार में बिखर गई। इस समय पार्टी जिस तरह से अंदरूनी खींचतान, टूट और नेतृत्व के सवालों से जूझ रही है, उसने उसके संगठनात्मक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति की विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम को कभी ममता बनर्जी की राजनीतिक लड़ाई का प्रतीक माना जाता था, वहीं उपचुनाव में उनकी पार्टी का उम्मीदवार मैदान से हट गया। संचिता प्रधान डे ने नामांकन वापस ले लिया और इसके बाद ममता के गुट ने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की। इससे बड़ा राजनीतिक संकेत शायद ही कोई हो सकता है। एक समय नंदीग्राम की लड़ाई ने ममता की राजनीति को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया था। आज उसी सीट पर उनकी पार्टी अपने नाम से उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि उम्मीदवार के नामांकन वापस लेने के पीछे वास्तविक कारणों पर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं और इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है, लेकिन घटनाक्रम ने तृणमूल के भीतर जारी अस्थिरता को जरूर उजागर कर दिया है। संकट की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि चुनाव आयोग को पार्टी के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न देने पड़े हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चिह्न मिला है, जबकि विरोधी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चिह्न दिया गया है। दोनों गुटों को आगामी उपचुनाव में इन्हीं अस्थायी पहचान के साथ उतरना होगा। मूल 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' चिह्न पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। पार्टी के संगठनात्मक संकट का दूसरा पहलू और भी महत्वपूर्ण है। 80 विधायकों वाली तृणमूल के विधायक दल में 58 विधायकों के अलग गुट के साथ खड़े होने का दावा सामने आया और ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी मिला। इसी तरह लोकसभा में तृणमूल के 28 सांसदों में से 20 के अलग रुख अपनाने की खबरें हैं। इसका अर्थ यह है कि संकट केवल स्थानीय संगठन या कुछ नेताओं की नाराजगी तक सीमित नहीं है, बल्कि विधायक दल और संसदीय दल तक फैल चुका है। यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति के लिए भी एक बड़ा सबक है। किसी भी दल की पहचान केवल उसके शीर्ष नेता से नहीं बनती। संगठन, कार्यकर्ता, स्थानीय नेतृत्व और संस्थागत व्यवस्था पार्टी को स्थायित्व देते हैं। लंबे समय तक एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित राजनीति में नेतृत्व की लोकप्रियता संगठन की ताकत का विकल्प नहीं बन सकती। यह सवाल केवल तृणमूल के सामने नहीं, बल्कि हर उस दल के सामने है जो अपने संगठन और नेतृत्व के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती से गुजर रहा है। नंदीग्राम और रेजीनगर के उपचुनाव अब केवल दो सीटों की लड़ाई नहीं रह गए हैं। छह अक्टूबर को होने वाला मतदान तृणमूल के दोनों गुटों के लिए संगठनात्मक ताकत और राजनीतिक पहचान की परीक्षा होगा। असली परीक्षा यह होगी कि चुनावी हार के बाद पार्टी अपने बिखरे हुए संगठन को फिर से जोड़ पाती है या नहीं। लोकतंत्र में हार किसी भी दल के लिए अंत नहीं होती, लेकिन हार के बाद संगठन का बिखरना जरूर गंभीर चेतावनी होती है। तृणमूल के सामने फिलहाल यही सबसे बड़ी चुनौती है। अब देखना यह है कि ममता बनर्जी किस तरह से अपने राजनीतिक कुनबे को दोबारा खड़ा कर पाएगी और प्रदेश व राष्ट्रीय राजनीति में उसकी क्या स्थिति होगी।

मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

बढ़ती सामाजिक सुरक्षा का परिदृश्य

सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के लिए मौजूदा मासिक वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करके सामाजिक सुरक्षा का एक नया अध्याय लिख दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सितंबर 2014 के बाद पिछले 12 वर्षों में ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा दायरे में किया गया यह पहला बड़ा संशोधन है। बीते एक दशक में भारत के आर्थिक परिदृश्य, प्रति व्यक्ति आय और न्यूनतम मजदूरी दरों में व्यापक वृद्धि हुई है, कई राज्यों में कुशल व अर्ध-कुशल श्रमिकों का वेतन पहले ही 15,000 रुपये के आंकड़े को पार कर चुका था, जिससे एक बड़ा कार्यबल औपचारिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हो रहा था।

यकीनन सरकार ने 17 सितंबर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के लिए मौजूदा मासिक वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करके सामाजिक सुरक्षा का एक नया अध्याय लिख दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सितंबर 2014 के बाद पिछले 12 वर्षों में ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा दायरे में किया गया यह पहला बड़ा संशोधन है। बीते एक दशक में भारत के आर्थिक परिदृश्य, प्रति व्यक्ति आय और न्यूनतम मजदूरी दरों में व्यापक वृद्धि हुई है, कई राज्यों में कुशल व अर्ध-कुशल श्रमिकों का वेतन पहले ही 15,000 रुपये के आंकड़े को पार कर चुका था, जिससे एक बड़ा कार्यबल औपचारिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हो रहा था। इस विसंगति को दूर करने के लिए ट्रेड यूनियनों और नीति-निर्माताओं द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही मांग को पूरा करते हुए सरकार ने देश के संगठित क्षेत्र में कार्यरत मध्यम आय वर्ग के कर्मचारियों के लिए जीवन-यापन की बढ़ती लागत के बीच दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण पहल की है। उल्लेखनीय है कि ईपीएफओ की वेतन सीमा को 25,000 रुपए किए जाने से देश भर के लगभग 51 लाख से अधिक नए कर्मचारी सीधे तौर पर अनिवार्य ईपीएफओ कवरेज के दायरे में आ जाएंगे।

पुरानी व्यवस्था के तहत 15,000 रुपये से अधिक शुरुआती मूल वेतन वाले नए कर्मचारियों के लिए पीएफ कटौती अनिवार्य नहीं थी, जो अब अनिवार्य कर दी गई है। यह संशोधन केवल भविष्य निधि खाते में धन जमा होने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों के लिए एक त्रिकोणीय सामाजिक सुरक्षा जाल (ट्रिपार्टाइट सोशल सिक्योरिटी नेट) निर्मित करता है। इसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में 12 प्रतिशत के अंशदान से सेवानिवृत्ति के समय एक बड़ा चक्रवृद्धि ब्याज-युक्त कॉर्पस फंड तैयार होगा। कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत नियोक्ता के बढ़े हुए योगदान से कर्मचारियों के लाभ में भारी वृद्धि होगी तथा कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) के अंतर्गत औसत वेतन सीमा बढ़ने से किसी अनहोनी की स्थिति में पीड़ित परिवार को मिलने वाली मुफ्त जीवन बीमा दावा राशि स्वतः बढ़ जाएगी। यदि हम ईपीएफओ के बढ़े हुए नए दायरे को व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखें तो इस नीतिगत बदलाव के कई लाभ हैं। कर्मचारियों के संदर्भ में, तात्कालिक रूप से 15,000 से 25,000 रुपये के वेतन स्लैब वाले कर्मचारियों की इन-हैंड (टेक-होम) सैलरी में पीएफ कटौती बढ़ने के कारण मामूली कमी आ सकती है, परंतु यह कटौती वास्तव में एक सुरक्षित और अनिवार्य बचत है जो सेवानिवृत्ति के बाद वरदान सिद्ध होगी। यद्यपि नियोक्ताओं पर, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा टेक्सटाइल, रिटेल व लॉजिस्टिक्स जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर प्रति कर्मचारी अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा, लेकिन उद्योग जगत ने इसे कर्मचारियों की संस्था के प्रति निष्ठा (रिटेंशन रेट) बढ़ाने वाले कदम के रूप में स्वीकार किया है। कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) मे सरकारी सब्सिडी बढ़ने के कारण केंद्र सरकार का वार्षिक बजटीय व्यय बढ़ जाएगा, जो राष्ट्र निर्माण के लिए एक दूरगामी निवेश है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि व्यापक आर्थिक (मैक्रो-इकोनॉमिक) दृष्टिकोण से ईपीएफओ का बढ़ाया हुआ दायरा भारत में रोजगार के औपचारिकीकरण (फॉर्मलाइजेशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट) को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा, जिससे अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का दायरा घटेगा और राष्ट्रीय स्तर पर दीर्घकालिक घरेलू बचत को बढ़ावा मिलेगा। निश्चित रूप से ईपीएफओ की अनिवार्य वेतन सीमा को बढ़ाने का निर्णय भारत के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में एक अत्यंत दूरगामी और परिवर्तनकारी बदलाव प्रस्तुत करता है। यह नीतिगत संशोधन न केवल कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, बल्कि देश के संपूर्ण वित्तीय तंत्र को मज़बूती प्रदान करता है। सामाजिक दृष्टिकोण से, इस फैसले के माध्यम से लाखों अतिरिक्त कर्मचारी पहली बार सामाजिक सुरक्षा की छतरी के नीचे आ गए हैं। सामाजिक सुरक्षा का यह विशाल विस्तार विशेष रूप से निम्न-मध्यम वर्ग और असंगठित क्षेत्र के निकट काम करने वाले श्रमिकों को अप्रत्याशित वित्तीय संकटों, स्वास्थ्य आपातकालों और बुढ़ापे की अनिश्चितताओं से बचाकर एक गरिमापूर्ण एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने का आधार देगा और देश में सामाजिक कल्याण का एक नया परिदृश्य आगे बढ़ेगा। इस समय जब देश में छोटी बचत एक बड़ी चुनौती बन गई है, तब आर्थिक मोर्चे पर, यह कदम भारत में औपचारिक बचत को अभूतपूर्व बढ़ावा देगा, जिससे एक विशाल दीर्घकालिक पूंजी कोष का निर्माण होगा। यह संचित राशि राष्ट्र निर्माण, बुनियादी ढांचे के विकास और सरकारी बॉण्ड्स में निवेश के लिए उपलब्ध होकर अर्थव्यवस्था की नींव को सुदृढ़ करेगी। इसके अलावा, वेतन सीमा में इस वृद्धि से श्रम बाजार का तेजी से औपचारिकीकरण होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों में अधिक पारदर्शिता आएगी और राष्ट्रीय डेटा अधिक सटीक बनेगा। यद्यपि अल्पकाल में टेक-होम सैलरी में आंशिक कटौती के कारण उपभोक्ता खर्च पर हल्का प्रभाव पड़ सकता है और नियोक्ताओं की परिचालन लागत में प्रति कर्मचारी इजाफा होगा, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सामाजिक सुरक्षा का यह व्यापक दायरा संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की भविष्य की क्रय शक्ति और बाजार में कुल मांग को टिकाऊ स्थिरता प्रदान करेगा। इस तरह से सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ने के बहुआयामी लाभ होंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि वैश्विक पटल पर भी भारत का सामाजिक सुरक्षा ढांचा तेजी से मजबूत हुआ है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 2015 के 25 करोड़ से तेजी से बढ़ते हुए वर्तमान में लगभग 100 करोड़ लोगों तक विस्तारित हो गया है। भारत ने सामाजिक सुरक्षा विस्तार में वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है, जिसमें अटल पेंशन योजना, पीएम-किसान, पीएम-पोषण और 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आयुष्मान वय वंदना योजना' जैसी 32 प्रमुख योजनाओं का योगदान सराहनीय रहा है। निसंदेह देश में सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से संगठित क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारत के विशाल असंगठित कार्यबल और उभरते गिग वर्कर्स को पूरी तरह सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सरकार को संगठित क्षेत्र के सुधारों से आगे बढ़ते हुए निजी क्षेत्र की स्वैच्छिक पेंशन योजनाओं को और अधिक आकर्षक बनाना होगा तथा असंगठित व गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिताओं को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू करना होगा। साथ ही देश को वैश्विक पटल पर सामाजिक न्याय व कल्याणकारी उत्कृष्ट देश के रूप में स्थापित करना होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ऊर्जा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत

नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत अब पेट्रोस्टेट के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 13 जुलाई को पवन और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विद्युत उत्पादन का आंकड़ा 100 गीगावाट को पार कर गया। यह विद्युत उत्पादन में करीब 42 प्रतिशत भागीदारी हो जाती है। जल विद्युत और परमाणु विद्युत को भी जोड़ लिया जाए तो देश में कुल विद्युत उत्पादन में करीब 50 फीसदी भागीदारी नवीकरणीय ऊर्जा की हो जाती है। देश में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती जा रही है। जीवाश्म ईंधन के कारण जिस तरह से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, उससे दुनिया के सभी देश चिंतित है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि आज अमेरिका धरती के गर्भ में छिपे बेशकीमती खनिजों के लिए दुनिया के देशों पर नजर गड़ाये हुए हैं। चाहे यूक्रेन हो, कनाड़ा हो, आईलैण्ड या डेनमार्क या कोई भी वह देश जिसमें क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों के भण्डार हैं, उन पर अमेरिका की नजर टिकी हुई है। दूसरी ओर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी का संकट दुनिया के देशों के सामने उभरा है, उससे दुनिया के देशों को पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट में शिफ्ट होने का देर-सबेर प्रयास करना ही होगा। आज चीन दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रोस्टेट है। चीन का वर्चस्व इसलिए भी हो गया है कि दुनिया के देशों में इलेक्ट्रोस्टेट यानी कि चीन उत्पादक और निर्यातक दोनों ही तरह से दुनिया में शीर्ष पर है। करीब 80 फीसदी भागीदारी अकेले चीन की होने से चीन की मोनोपोली होना स्वाभाविक है। दरअसल, ईंधन के लिए अब तक दुनिया के देश पारंपरिक रूप से तेल और गैस पर निर्भर रहे हैं। इस निर्भरता को पेट्रोस्टेट कहा जाता रहा है। पर्यावरणीय समस्या को देखते हुए दुनिया के देशों ने तेल और गैस यानी कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जाता रहा है। दुनिया के देशों के सामने पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ने की चुनौती है। जिस तरह से पेट्रोस्टेट में एक उत्पादक देश अरब देश, रूस आदि कुओं से तेल निकालने वाले देश हैं और इनकी दादागिरी और समस्या को पिछले साढ़े चार माह से चल रहे अमेरिका-ईरान युद्ध से अच्छी तरह से समझा जा सकता है। आज हार्मुज के कारण कच्चे तेल और एलपीजी के जहाजों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। अब तो लाल सागर के रास्ते पर भी अवरोध वाले हालात बनते जा रहे हैं। इस तरह से दुनिया के दो देशों के अहम की लड़ाई में दुनिया के देशों के सामने गंभीर ईंधन संकट आ गया है। पेट्रोस्टेट में दूसरे उपभोक्ता देश आते हैं जो ईंधन के लिए पूरी तरह निर्भर हैं। अब समस्या उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही देशों के सामने हैं।

चीन के बाद भारत भी तेजी से इलेक्ट्रोस्टेट की ओर आगे बढ़ रहा है। हालांकि चुनौतियां अधिक है। चीन अकेला सौर ऊर्जा और बैटरी आदि में 80 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दौड़ में बहुत आगे हैं। चीन में सौर ऊर्जा को उत्पादन, पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ रहा है। लिथियम, कोबाल्ट, निकल और आरईई खनिजों में भी चीन आगे है। यही कारण है कि चीन जीवाश्म ईंधन के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत में भी योजनाबद्ध तरीके से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही देश में सौर ऊर्जा पर भी खास ध्यान दिया गया है। राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों में तेजी से काम हो रहा है। अब तो रुफटॉप के लिए अनुदान के साथ ही लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। खेती किसानी में कुसुम योजना के कम्पोनेन्ट के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। कर्नाटक, गुजरात के साथ ही राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। भारत में अब सोलर पैनल भी तैयार होने से चीन व अन्य देशों से निर्भरता कुछ हद तक कम हुई है। इसी तरह से देश में रुफटॉप को प्रोत्साहित करने का परिणाम यह है कि शहरों में घरों पर बहुतायत में सोलर प्लांट देखे जा सकते हैं। पिछले कुछ सालों से योजनाबद्ध तरीके से ईवी को बढ़ावा दिया जा रहा है और ई वाहन अब कोई अजूबा नहीं रहा है। सरकार को अभी इस दिशा में और अधिक ध्यान देना होगा। ईवी को लोगों के विश्वास पर खरा उतरना होगा। लंबी दूरी की यात्रा आसान हो सके, ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी। वहीं लागत को भी कम करने के प्रयास करने होंगे। जीवाश्म ईंधन के पर्यावरणीय नकारात्मक प्रभाव और जीवाश्म ईंधन को लेकर वर्तमान हालात और उत्पादक देशों की दादागिरी को समाप्त करना एक बात है, पर दीर्घकालीन भविष्य भी इलेक्ट्रोस्टेट में ही साफ दिखाई देता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा

संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय में गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदावरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

अंतर्मन

आज की पाती

सुविधाएं गांवों तक पहुंचनी चाहिए

गांव में रहने वाले लोगों के लिए किसी चीज की कीमत केवल उसकी दुकान पर लिखी रकम से तय नहीं होती। कई बार उसे खरीदने के लिए घर से शहर तक जाने और आने का किराया, लगने वाला समय, काम से छूटा एक दिन और रास्ते में होने वाली दूसरी परेशानियां भी जुड़ जाती हैं। यही वह अदृश्य कीमत है, जिसे गांव के कठिन जीवन को समझते समय अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। शहर के इतने करीब होने के बावजूद गांव के भीतर की सड़के टूटी-फूटी होती हैं और रोजमर्रा की कई जरूरतों के लिए लोगों को शहर का रुख करना पड़ता है। इस की छोटी दुकानों,में जरूरत का पूरा राशन नहीं मिलता है। इसलिए व्यवस्था यह होनी चाहिए कि हर सुविधा गांव में ही मिलने लगे। गांव के लोगों को शहर तक जाने की जरूरत न पड़े।

-**मुकेश गुप्ता**, रोहतक

ट्रेंड

बीजेपी और चुनाव आयोग

पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न देखने को मिलता है-बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर किसी पार्टी को तोड़ देते हैं। फिर उसका चुनाव चिह्न छीन लिया जाता है। जब पूरी पार्टी ही हथियाई जा सकती है, तो भारतीयों के वोट भी चुराए जा सकते हैं।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

गौरवशाली इतिहास

आदिवासी नायकों राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि। उन्होंने सनातन संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हम उनके गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। - **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

पूंजीवादी सोच

यूपीआई डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के बाद, अब सरकार का इन ट्रांजेक्शन पर फीस लगाने का फैसला आम लोगों को पहली नजर में मुनाफा कमाने वाली पूंजीवादी सोच जैसा लगता है, जिसमें लोगों से दोनों हाथों से टैक्स वसूला जा रहा है।

- **मायावती**, पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश

हमला निंदनीय

रायबरेली में पीडीए समुदाय पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। हम छात्र विंग के सदस्यों की तारीफ़ करते हैं कि बीजेपी सरकार की पुलिस के दमन के बावजूद उन्होंने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने में सफलता पाई।

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

करंट अफेयर

बढ़ती असमानता दुनिया के लिए गंभीर खतरा : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि दुनिया बेकाबू होती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), तेजी से बढ़ते जलवायु परिवर्तन और गहराती असमानता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है तथा इनसे निपटने के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा। लगभग एक दशक तक पद पर रहे गुतारेस इस साल के अंत में पद छोड़ेंगे। दुनिया की स्थिति को लेकर अक्सर निराशाजनक तस्वीर पेश करने वाले भाषणों के लिए जाने जाने वाले गुतारेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी वर्षों में उन्हें उम्मीद और संभावनाएं नजर आती हैं लेकिन ऐसा तभी संभव है जब दुनिया की सरकारें संघर्षों को कम करने, असमानता दूर करने और तेजी से उभर रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करें। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के लिए विश्व नेताओं के जुटने से चार दिन पहले 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मेरा मानना है कि दुनिया को बेहतर बनाने के लिए कई बुनियादी काम किए जाने की जरूरत है और मैं उन कार्यों को पूरा कराने के लिए संघर्ष करने को प्रतिबद्ध हूं।'' गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें इस तथ्य का बेहद गंभीरता से आकलन करना होगा।

ऑफ बीट

कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

चिरंजीवी की 'काका' संक्रांति पर होगी रिलीज

मुंबई। चिरंजीवी की फिल्म 'काका' के 2027 में संक्रांति पर रिलीज होने की प्लानिंग चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि फिल्म की रिलीज की तारीख आधिकारिक तौर पर 13 जनवरी तय की गई है। मेकर्स ने फिल्म के टलने की अटकलों पर विराम लगा दिया है, जबकि ऐसी खबरें थीं कि चिरंजीवी की लंबे समय से अटकी फिल्म 'विश्वंभरा' को भी संक्रांति पर रिलीज करने पर विचार किया जा रहा था। 'काका' की टीम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए रिलीज की देरी की अफवाहों पर विराम लगाया है और बताया कि यह फिल्म अपने तय समय पर ही दस्तक देगी। 'काका' के मेकर्स ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'सभी अटकलों को खत्म करते हुए, काका संक्रांति 2027 पर रिलीज हो रही है। मेगास्टार चिरंजीवी गारू और बॉबी के साथ हमारी बहुप्रतीक्षित फिल्म 13 जनवरी, 2027 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी।

लाइफ Style

ईशा

बॉलीवुड में एंट्री, गुरमीत संग करेंगी रोमांस

ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी स्टारर फिल्म 'तुम मेरे हो' के नए पोस्टर सामने आए हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। 'बिग बॉस 17' फेम ईशा मालवीय जल्द फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। गुरुवार को मेकर्स ने उनकी इस हिंदी फिल्म के कई पोस्टर जारी किए। खास बात ये है कि इस मूवी में वह टीवी के पॉपुलर अभिनेता गुरमीत चौधरी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

गुरमीत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर शेयर किए हैं, जिसमें देखने को मिला कि दोनों रोमांस में खोए हुए नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में दोनों लिपलॉक करते नजर आए और आगे के पोस्टर में भी दोनों का रोमांटिक अंदाज देखने को मिला।इन पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरे हो' की दुनिया में डुबकी लगाओ। फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। क्योंकि कई बार, प्यार में पड़ना आसान होता है, लेकिन इसके बाद जो होता है, वो कहानी है।' बता दें कि गुरमीत चौधरी ही ईशा को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है और यह रेवा क्रिएटिव हाउस और देबगुरु फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई है। वहीं, फिल्म को आरती एस और देबिना बनर्जी ने प्रोड्यूस किया है।

तरण आदर्श के मुताबिक, मूवी में लव स्टोरी के साथ-साथ एडवेंचर और एक्शन भी देखने को मिलेगा। ऐसे में अब ये देखना काफी दिलचस्प होगा कि ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी की केमिस्ट्री लोगों को पसंद आती है या नहीं। ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी 'लाफ्टर शेफ्स 3' में साथ काम कर चुके हैं। ईशा इससे पहले पंजाबी फिल्म 'इश्कां दे लेखे' में नजर आ चुकीं हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत टीवी शो 'उडारियां' से की थी।

हॉलीवुड मसाला

छुपे राज खोलेगी डायना की अनसुनी रिकॉर्डिंग्स

लॉस एंजिल्स। 'डायना अनहर्ड' नाम की एक नई डॉक्युमेंट्री सीरीज इंटरनेशनल लॉन्च के लिए तैयार है। इसमें प्रिंसिस डायना की ऐसी ऑडियो रिकॉर्डिंग्स हैं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं। इनमें वह अपनी जिंदगी, प्यार और शाही परिवार के बारे में बात करती नजर आती हैं। इस डॉक्युमेंट्री सीरीज के राइट्स सिनेफ्लिक्स को मिल गए हैं। अब इसे कान में एमआईपी कॉम इवेंट में बड़े पैमाने पर लॉन्च करने की तैयारी चल रही है। तीन हिस्सों वाली यह डॉक्युमेंट्री 'लव मंडे टीवी' ने बनाई है। यह यूनाइटेड किंगडम की एक इंडिपेंडेंट प्रोडक्शन कंपनी है, जिसने ब्रिटिश राजपरिवार पर कई शो बनाए हैं। खास बात यह है कि 'डायना अनहर्ड' के निर्माता को उन बातचीत की रिकॉर्डिंग्स मिल गईं, जो डायना ने 1991 में अपने दोस्त जेम्स कोलहर्स्ट के साथ गुपचुप तरीके से की थीं।



एक्शन छोड़ ड्रामा में नजर आएंगे टॉम

नई दिल्ली। लगभग एक दशक से भी ज्यादा समय बाद, टॉम क्रूज एक ऐसी फिल्म में नजर आएंगे जो किसी धमाकेदार, रोमांचक और बड़े पैमाने पर बनी हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्म से अलग है। ऑस्कर विजेता अलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु द्वारा निर्देशित 'डिगर' एक थ्रैंड ड्रामा फिल्म होगी जिसमें टॉम क्रूज एक सनकी, बूढ़े दक्षिणी अरबपति की भूमिका निभा रहे हैं। विचित्र अभिनय से लेकर विशाल सेट और वाइड-एंगल सिनेमैटोग्राफी तक, पूरी फिल्म 'डॉ. स्ट्रेंजेलोव' को श्रद्धांजलि जैसी लगती है। हालांकि, क्रूज के लिए इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात इसके पीछे के फिल्म निर्माता हैं। डिगर की ओर आकर्षित होने के बारे में बात करते हुए, क्रूज ने इन्नारितु के प्रति अपनी लंबे समय से चली आ रही प्रशंसा का जिक्र किया, जो उनकी फिल्म अमोरेस पेरोस से शुरू हुई थी, और बताया कि उन्हें फिल्म निर्माता की कहानी कहने की शैली, अभिनय और विजुअल लैंग्वेज ने उन पर शुरू से ही कितना गहरा प्रभाव डाला था। डिगर को अपनी पहली पसंद की फिल्म बताते हुए टॉम क्रूज ने कहा,'यह वही फिल्म है जिसे मैं बनाना चाहता था।

शुरुआती कॅरियर में शिवांगी का सेट पर उड़ा था मजाक

मुंबई। हाल ही में रिलीज हुए अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज हार्ट बीट्स : प्यार और अरमान के सीजन 2 में नजर आईं शिवांगी जोशी को कॅरियर के शुरुआती दौर में भले ही सपोर्ट न मिला हो, लेकिन वह नए कलाकारों के साथ बहुत अच्छे से पेश आती हैं। इसे शिवांगी अपनी जिम्मेदारी समझती हैं। वह कहती हैं कि लड़का हो या लड़की दोनों के लिए इस इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है। मैं जब नई-नई इस इंडस्ट्री में आई थी, तो मुझे वह सपोर्ट नहीं मिला था। मुझे काफी बुरा महसूस करवाया गया था। मेरी कोशिश बस यही रहती है कि मैं सामने वाले नए कलाकार को जितना सहज महसूस करवा पाऊं करती हूं। उन्हें ऐसे समझाती हूं, ताकि उन्हें बुरा भी न लगे और वह अच्छा करे और उनकी सराहना हो। शिवांगी ने कहा कि शुरुआती कॅरियर में उनका सेट पर मजाक उड़ाया गया था

फ्रीडा-सिद्धार्थ की अनकस्टमड अर्थ का पहला लुक जारी

मुंबई। अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इसमें फ्रीडा पिंटो और सिद्धार्थ अहम किरदार में हैं। यह सीरीज भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी बताएगी। यह 17 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर स्टारर फ्रीडा पिंटो की अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ' का पहला लुक जारी किया गया है। यह फैमिली ड्रामा है जो झुम्पा लाहिड़ी की इसी नाम की शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन पर आधारित है। इस सीरीज में फ्रीडा पिंटो 'पारुल चौधरी' के रोल में और सिद्धार्थ 'अमित' के रोल में हैं। यह सीरीज कैम्ब्रिज, बोस्टन और मैसाचुसेट्स में रहने वाले कई पीढ़ियों के भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी है। यह कहानी अलग-अलग पीढ़ियों के बीच प्यार, नुकसान, अपनापन और रिश्तों जैसे विषयों को दिखाती है। फ्रीडा पिंटो ने पारुल चौधरी का रोल निभाया है।

टीवी मसाला

सास ने की जिंदा जलाने की कोशिश, बेटी से भी किया जुदा

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के हालिया एपिसोड में एक कंटेस्टेंट की कहानी सुनकर भावुक हो गए। दरअसल, शो में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की रहने वाली कंटेस्टेंट कपिला तनेजा आईं। उन्होंने सभी के सामने अपने साथ हुए घरेलू हिंसा का भयावह अनुभव शेयर किया। कपिला ने बताया कि उनके ससुराल वालों ने उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की थी। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह पिछले 24 वर्षों से अपनी बेटी से अलग रह रही हैं। एपिसोड के दौरान कपिला ने बताया, 'ससुराल में मुझे जलाने की कोशिश की गई थी। मेरी लव मैरिज थी और वह भी इंटर कास्ट। ससुराल वाले दहेज चाहते थे, लेकिन मेरी वजह से ऐसा नहीं हो पाया। जब तक मेरी सास घर से बाहर थीं, सब ठीक रहता था, लेकिन उनके वापस आते ही मेरी परेशानी और ताने बढ़ जाते थे। आखिरकार उन्होंने पूरी तैयारी कर ली और मुझ पर मिट्टी का तेल डालकर मोमबत्ती से आग लगा दी।' एपिसोड में कपिला ने आगे बताया, 'सर्दियों का मौसम था, इसलिए मेरी साड़ी का पल्लू और स्वेटर मेरे शरीर से चिपक गए थे। किसी तरह मैंने उन्हें हटाया और पानी की टंकी में कूद गई। फिर मुझे अस्पताल ले जाया गया।' उनकी कहानी सुनकर अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए और बोले, 'यह कहना कि उनके साथ अन्याय हुआ है, बहुत छोटी बात होगी। हम बस यही प्रार्थना कर सकते हैं कि किसी भी महिला को कभी ऐसे हालात या ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े।' कपिला ने यह भी बताया कि उनकी एक बेटी है, जिसे उन्होंने आखिरी बार अस्पताल में देखा था।

'मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें'

नई दिल्ली। प्रेग्नेंसी के बाद कटरीना कैफ के बढ़े वजन को लेकर चर्चा के बीच अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया की एक पोस्ट वायरल हो रही है। 'देवों के देव... महादेव' की अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने पोस्ट में बताया

कि प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं के शरीर को लेकर लोग कैसी-कैसी बातें करते हैं। सोनारिका ने भी दिसंबर 2025 में कैटरीना के ठीक एक महीने बाद, एक बेटी को जन्म दिया था। टीवी अभिनेत्री सोनारिका ने लोगों से अपील की कि वे हाल ही में मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें। सोनारिका ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। हालांकि, यह पोस्ट कैटरीना को लेकर चल रही ऑनलाइन चर्चाओं के बीच आई है, जिन्हें हाल ही में पति विक्की कौशल के साथ बाहर निकलने पर उनके लुक के लिए ट्रोल किया गया था। सोनारिका ने लिखा, 'किसी ऐसी महिला को देखकर यह तय करना कि उसका शरीर अब पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसने अभी-अभी इस दुनिया में एक नई जान को जन्म दिया है बहुत ही बेरहम बात है।

दूसरे बेबी के जन्म से पहले दीपिका ने लिया बप्पा का आशीर्वाद

मुंबई। बॉलीवुड के चर्चित कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण शुक्रवार को मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। दोनों ने यहां भगवान गणेश के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान रणवीर के माता-पिता भी उनके साथ नजर आए। मंदिर पहुंचते ही कपल ने पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। दीपिका इन दिनों अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं और मंदिर में भी उनका बेबी बंप साफ नजर आया। मंदिर दर्शन के दौरान दीपिका पादुकोण ने ऑरेंज और पर्पल रंग का कुर्ता सेट पहना हुआ था। वहीं, रणवीर सिंह पर्पल कुर्ते के साथ सफेद पैंट में नजर आए। दोनों का यह सिंपल और ट्रेडिशनल लुक सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है। परिवार के साथ मंदिर पहुंचने के दौरान दोनों ने भगवान गणेश के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना की। सिद्धिविनायक मंदिर जाने से ठीक एक दिन पहले रणवीर सिंह मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे थे। गणपति उत्सव के मौके पर रणवीर ने बप्पा के सामने माथा टेका और हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इस दौरान अभिनेता गुलाबी रंग के कुर्ते में दिखाई दिए थे। गणपति उत्सव के बीच लगातार मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रहे रणवीर का धार्मिक अंदाज फैंस को भी पसंद आ रहा है। रणवीर और दीपिका का सिद्धिविनायक मंदिर से खास कनेक्शन भी रहा है। इससे पहले दोनों 6 सितंबर 2024 को यहां पहुंचे थे। खास बात यह है कि उस दर्शन के महज दो दिन बाद यानी 8 सितंबर को उनके घर बेटी का जन्म हुआ था।

17 दिन में पूरा हो पाया था जीनत का एक सीन

नई दिल्ली। जीनत अमान को हिंदी सिनेमा की वेटरन एक्ट्रेस के तौर पर जाना जाता है। 70 से लेकर 80 के दशक के बीच जीनत ने लेडी सुपरस्टार के तौर पर इंडस्ट्री पर राज किया और इसी दौरान उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की बेस्ट मूवीज भी दीं। उनमें से एक फिल्म भी ऐसी भी रही थी, जिसके एक सीन के लिए जीनत को 17 दिनों का समय लगा था। कमाल की बात ये थी कि जीनत अमान की वह 52 साल पुरानी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। अभिनेत्री जीनत अमान की जिस आइकॉनिक फिल्म के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसे साल 1974 में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। समाज को आईना दिखाने वाली उस फिल्म का नाम था- रोटी कपड़ा और मकान। ये एक मल्टी स्टारर फिल्म थी, जिसमें मनोज कुमार, शशि कपूर, अमिताभ बच्चन, जीनत अमान, मौसमी चटर्जी और प्रेम नाथ जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को अदा किया था। फिल्म का डायरेक्शन मनोज कुमार ने किया था और ये उनके द्वारा बनाई गई सबसे शानदार मूवीज में से एक रही। एक रिपोर्ट के अनुसार रोटी कपड़ा और मकान के क्लाईमैक्स सीन में जीनत अमान का रोने वाला सीन था और इसके लिए मनोज चाहते थे कि जीनत सच में अपने आंसुओं को निकालें। एक इंटरव्यू के दौरान मनोज कुमार ने बताया था- जीनत अमान कमाल की अदाकारा हैं। मैं चाहता था कि वह अपने आसुओं पर कंट्रोल करें और सीन में डायलॉग के बाद उन्हें बहने दें। फिल्म के लिए मेरे पास सिर्फ 3 दिनों के लिए उनकी डेट्स थीं, क्योंकि अन्य फिल्मों की वजह से वह उन दिनों बहुत व्यस्त थी। लेकिन, उस सीन को खत्म करने में हमें 17 दिन लग गए। मेरी कहने पर उन्होंने अन्य निर्माताओं के साथ अपनी तारीखों में फेरबदल किया।

जीनत का कल्ट गाना

फिल्म रोटी कपड़ा और मकान अपने समय की सबसे सफल मूवीज में से एक मानी जाती है। इस मूवी की तरह जीनत अमान पर फिल्माया गया गाना- हाय हाय ये मजबूरी... भी काफी लोकप्रिय हुआ था और एक्ट्रेस के डांस मूव्स ने हर किसी को दीवाना बना दिया था।

बॉक्स ऑफिस के बाद फेस्टिवल में बनाई पहचान

ऑस्कर 2027 में भारत की ओर से जाएगी गोंधल, फिल्म की कहानी है खास

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऑस्कर 2027 में भारत की तरफ से कौन-सी फिल्म दावेदारी पेश करेगी, इसका फैसला हो चुका है। मराठी सिनेमा के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। कोई बॉलीवुड नहीं, बल्कि फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मराठी फिल्म 'गोंधल'को ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना है। फिल्म का चयन होने के बाद अब यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। अपनी कहानी और विषय को लेकर चर्चा में रही इस फिल्म से अब देशभर के सिनेमा प्रेमियों की उम्मीदें जुड़ गई हैं। संतोष डावखर निर्देशित फिल्म प्रेम, छल और अपराध की कहानी है, जिसने बॉक्स ऑफिस के बाद फेस्टिवल में पहचान बनाई। ऑस्कर की रेस में भारत की ओर से 'गोंधल' का पहुंचना क्षेत्रीय सिनेमा की बढ़ती ताकत और उसकी कहानियों की व्यापक स्वीकार्यता को भी दर्शाता है। अब यह फिल्म बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। खास बात यह है कि इस साल देश की अलग-अलग भाषाओं में बनी 33 फिल्मों ने ऑस्कर के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

कास्ट और डायरेक्टर

मराठी फिल्म गोंधल का निर्देशन संतोष डावखर ने किया है। उन्होंने ही फिल्म की कहानी और पटकथा भी लिखी है। फिल्म में किशोर कदम, इशिता देशमुख, योगेश सोहोनी और निषाद भोईर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सुरेश विश्वकर्मा, अनुज प्रभु, माधवी जुवेकर, ऐश्वर्या शिंदे, कैलाश वाघमारे, पूनम पाटील और विठ्ठल काले जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आते हैं। बता दें, इस फिल्म को आईएमडीबी पर 8.9 रेटिंग मिली है।

गोंधल की कहानी क्या है?

मराठी फिल्म 'गोंधल' की कहानी ग्रामीण महाराष्ट्र की पृष्ठभूमि में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान के बीच आकार लेती है। फिल्म की मुख्य किरदार सुमन एक ऐसे विवाह में फंस जाती है, जिसमें उसे आर्थिक रूप से संपन्न आनंद से शादी करनी पड़ती है, जबकि उसका दिल गोंधली कलाकार साहेबा के लिए धड़कता है। इस रिश्ते से बाहर निकलने के लिए सुमन एक खतरनाक योजना बनाती है। वह आनंद के चचेरे भाई सरजेराव की उसके प्रति दीवानगी का फायदा उठाती है और उसे ऐसे अपराध की ओर धकेलती है, जिसे वह खुद अंजाम नहीं दे सकती। फिल्म में गोंधल की रातभर चलने वाली परंपरा, संगीत और धार्मिक अनुष्ठान कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रेम, लालच, सत्ता, छल और आजादी की चाह के बीच कहानी धीरे-धीरे एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर का रूप लेती है।

रिलीज और बॉक्स ऑफिस

गोंधल को 14 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। करीब दो घंटे लंबी यह फिल्म मराठी भाषा में बनी है। फिल्म का संगीत दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने दिया है। बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म का प्रदर्शन बहुत बड़ा व्यावसायिक हिट साबित नहीं हुआ। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक गोंधल ने भारत में करीब 84 लाख रुपए नेट और लगभग 90 लाख रुपए ग्रॉस का कलेक्शन किया। हालांकि, फिल्म को बाद में फिल्म फेस्टिवल सर्किट में काफी पहचान मिली। संतोष डावखर को 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में 'गोंधल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला।

हिंदी की सबसे ज्यादा फिल्में शामिल

ऑस्कर के लिए इस साल सामने आई फिल्मों में भाषाई विविधता देखने को मिली। कुल 33 फिल्मों में 14 फिल्में हिंदी भाषा की थीं, यानी किसी एक भाषा की ओर से सबसे ज्यादा प्रविष्टियां हिंदी सिनेमा से आईं। मराठी, तेलुगु और गुजराती सिनेमा की चार-चार फिल्मों ने भी इस दौड़ में हिस्सा लिया। वहीं तमिल भाषा की तीन फिल्मों को चयन प्रक्रिया में जगह मिली। मलयालम और नागामी भाषा की एक-एक फिल्म भी इस सूची का हिस्सा थीं। अलग-अलग भाषाओं और शैलियों की इन फिल्मों के बीच से 'गोंधल'का चुना जाना मराठी सिनेमा के लिए खास उपलब्धि माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने शिविर में पहुँचकर रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

सेवा संकल्प अभियान : गीता भवन में आयोजित शिविर में दूसरे दिन हुआ 128 यूनिट रक्त का संग्रह

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए किए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत घंटाघर के समीप स्थित गीता भवन में आयोजित दो दिन के रक्तदान शिविर में दूसरे दिन 128 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। जनजातीय समाज के महानायक अमर शहीद राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी रक्तदान शिविर में पहुँचे। मुख्यमंत्री रक्तदाताओं से मिले, उनका हौसला बढ़ाया और पीड़ित मानवता की सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने के लिए आभार जताया।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह एवं संतोष वरकड़े, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत एवं सीएमएचओ डॉ नवीन कोठारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में रक्त का संग्रह करने जिला चिकित्सालय से डॉ अमितोष भल्ला, मेडिकल कॉलेज से डॉ भगवान यादव एवं एल्गिन अस्पताल से डॉ तुषार गुप्ता एवं उनकी चिकित्सा टीमें मौजूद रहीं। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया की टीम ने 48, रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन की टीम ने 38 एवं मेडिकल कॉलेज की टीम ने 42 यूनिट रक्त का संग्रह किया।

यादव कालोनी में नरेन्द्र मोदी का जन्म दिन 711 दीप प्रज्जवलित कर मनाया गया

जबलपुर। राष्ट्र के गौरव के प्रतीक, राष्ट्र को परम वैभव शिखर पर ले जाने वाले दैवीय पुरुष नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन, संकल्प और विकास के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनका 76 वां जन्म दिवस समारोह में भाजपा नेत्री श्रीमती आभा साहू के निवास (गजानन परिसर के समीप) पर 711 मिट्टी के दिये प्रज्जवलित कर एवं प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश द्विवेदी, रोहित जैन, राघवेन्द्र यादव, अर्पित नेमा, योगेश बिजौहा, नितिन मिश्रा, मनीष संबी, दीपक गोस्वामी, शरद पटेल, प्रमोद खंडेलवाल, दीपक साहू, शरद जेठा, अशोक साहू, अनिल साहू, राजेश अग्रवाल, धीरज साहू, संजीत साहू, सुनील साहू, अर्चना पाठक, सरिता खंडेलवाल, रमालक्ष्मी, वेदप्रकाश दुबे, दीपा तिवारी, गुप्ता, अंजना सचदेवा, अनुपमा, पूनम, साधना जैन, संगीता जुमड़े, रानी साहू, लता साहू, नीतू साहू, भीमू आशीष साहू सहित क्षेत्रीय नागरिक और महिलाओं और छात्र उपस्थित रहे।

श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 23 सितम्बर तक

जबलपुर। राधाकृष्ण की असीम कृपा और प्रेरणा से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गांधी चौक कटरा आधारताल में 17 से 23 सितम्बर तक किया जा रहा है, जिसकी मीमांशा पं. आचार्य राहुल दुबे महाराज द्वारा की जाएगी। 17 सितम्बर को कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन हुआ, 18 सितम्बर को परीक्षित जन्म, 19 सितम्बर को कपिल संवाद, ध्रुव चरित्र, 20 सितम्बर को प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, कृष्ण जन्म, 21 सितम्बर को श्री कृष्ण बाललीला, 22 सितम्बर को विवाहोत्सव, 23 सितम्बर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा, 24 सितम्बर को हवन एवं प्रसाद वितरण होगा।

19 को 'चलो आदर्श बनें' का दूसरा चरण, 2000 शिक्षक होंगे शामिल

जबलपुर। विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिक मूल्य, अनुशासन, सकारात्मक सोच, चरित्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से स्वामीनारायण मंदिर संस्थान (बीएपीएस) द्वारा संचालित 'बीकम आदर्श-चलो आदर्श बनें' कार्यक्रम का दूसरा चरण 19 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रथम चरण से वंचित जिले के करीब 2000 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जबलपुर में इस कार्यक्रम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। इसके क्रियान्वयन और परिणामों के आधार पर कार्यक्रम को प्रदेश के अन्य जिलों में लागू करने पर विचार किया जा सकता है।दूसरे चरण की 'आरंभ (चलो आदर्श बनें)' कार्यशाला नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर (गीता भवन), घंटाघर के पास होगी। जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे के अनुसार शिक्षकों को कार्यक्रम की अवधारणा, गतिविधियों और विद्यालय स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी जाएगी। पाटन और शहपुरा विकासखंड के शिक्षकों का पंजीयन व एप इंस्टॉलेशन सुबह 8:30 बजे से होगा तथा प्रशिक्षण 9 से 12 बजे तक चलेगा। मझौली, सिहोरा और कुंडम के प्रतिभागियों का पंजीयन दोपहर 1:30 बजे से और प्रशिक्षण 2 से शाम 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम का पहला चरण 23 मार्च 2026 को आयोजित विशेष सम्मेलन से शुरू हुआ था, जिसमें 3000 से अधिक प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए थे। दूसरे चरण में शेष शिक्षकों को प्रशिक्षित कर अधिक से अधिक विद्यालयों तक कार्यक्रम पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला में आने वाले शिक्षकों को विद्यालय की दर्ज छात्र संख्या, स्वयं एवं विद्यालय का ई-मेल, पिनकोड सहित आवश्यक जानकारी साथ लाने तथा 'बीकम आदर्श' एप पहले से मोबाइल में इंस्टॉल करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की जानकारी के लिए जिला समन्वयक कृष्णकांत शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

महाराष्ट्रीयन परिवारों में हुआ महालक्ष्मी पूजन

जबलपुर। महाराष्ट्रीयन परिवारों की पारंपरिक आस्था एवं श्रद्धा के अनुरूप खोकले परिवार में आज विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ महालक्ष्मी पूजन संपन्न हुआ। परिवारजनों ने माता महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना एवं आरती कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं मंगल की कामना की। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता की।

भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

जबलपुर। मय विश्वकर्मा समाज संस्था द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा देव जी का पूजन-अर्चन एवं सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम 17 सितंबर गुरुवार को विश्वकर्मा समाज संस्था कार्यालय मुस्कान प्लाजा उखरी चौराहा में हुआ, अध्यक्ष का संबोधन एवं सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, समाज के बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं समाज के बुजुर्गों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामराज शर्मा, रमाशंकर शर्मा, पारसनाथ विश्वकर्मा, सिद्धनाथ शर्मा, महंगू शर्मा, जंगबहादुर शर्मा, हनुमान शर्मा, रामजी शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, श्रीनाथ शर्मा, श्रीराम शर्मा, राम अवतार शर्मा, गोरखनाथ शर्मा, सूर्यप्रकाश शर्मा, महेश शर्मा, मोतीचंद शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रामआशीष शर्मा, उमाशंकर शर्मा, विजयबहादुर शर्मा, रामचंद्र शर्मा, विनोद शर्मा ओमप्रकाश शर्मा मौजूद रहे। संस्था के संरक्षक विष्णु दयाल शर्मा, लालबिहारी शर्मा त्रिलोकी शर्मा, अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, संजय शर्मा लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, सचिव रमेश शर्मा, राजेश्वर शर्मा एवं मय विश्वकर्मा समाज के प्रवक्ता गनेश प्रसाद विश्वकर्मा मौजूद रहे।

री-डेंसिफिकेशन और प्रमुख परियोजनाओं की निगमायुक्त ने की समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण शत-प्रतिशत संतुष्टि से निराकृत करने के निर्देश

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने री-डेंसिफिकेशन, सीएम हेल्पलाइन, शहर में चल रही एवं निर्माणाधीन प्रमुख परियोजनाओं तथा हितग्राही मूलक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शहर के पुनर्विकास और आधुनिकीकरण से जुड़ी री-डेंसिफिकेशन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त ने प्रमुख स्थानों पर प्रस्तावित एवं संचालित री-डेंसिफिकेशन परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं में देरी रोकने के लिए नियमित फील्ड विजिट तथा विभागीय समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। विकास कार्यों के दौरान नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, व्ही.एन. बाजपेयी एवं सौरभ मिश्रा सहित सभी उपायुक्त और विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

फुटबॉल चैंपियनशिप में चौथे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल की मेजबानी में चल रही 81वीं अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 के लीग राउंड में 18 सितंबर को चौथे दिन विभिन्न मैदानों पर रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता 15 से 24 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। इसमें 13 रेलवे टीमें दो पूलों में विभाजित होकर हिस्सा ले रही हैं। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीवीवी) ग्राउंड पर रेल कोच फैक्ट्री (RCF) ने उत्तर पश्चिम रेलवे (NWR) को एकतरफा मुकाबले में 7-0 से हराया। रेलवे स्टेडियम में पश्चिम मध्य रेलवे (WCR) और पश्चिम रेलवे (WR) के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं शिवाजी ग्राउंड, सदर में पूर्व रेलवे (ER) ने दक्षिण मध्य रेलवे (SCR) को 4-1 से शिकस्त दी। मुकाबलों के दौरान प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपर मंडल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कलामे, सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह सहित रेलवे अधिकारी और खेलप्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आगामी लीग मुकाबलों में रेलवे टीमों के खिलाड़ी अपने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, जबलपुर द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

रंगकर्मी अरुण पाण्डेय की स्मृति में व्याख्यान माला 21 सितंबर से

जबलपुर। दिवंगत रंगकर्मी अरुण पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विवेचना रंगमंडल द्वारा 'रंगकर्मी अरुण पाण्डेय स्मृति व्याख्यान माला' का शुभारंभ 21 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6:30 बजे हीरालाल राय कला वीथिका, भंवरताल के पास आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत अरुण पाण्डेय द्वारा लिखित कहानी 'स्नो मंकी को पिज्जा मत खिलाओ' की नाट्य प्रस्तुति से होगी। इस वर्ष व्याख्यान माला का विषय 'रंगकर्म : जुनून या जीविका / Theatre : Passion or Profession' रखा गया है।

व्याख्यान में मुंबई के रंग निर्देशक एवं कला निर्देशक जयंत देशमुख, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के पूर्व विभागाध्यक्ष योगेन्द्र चौबे तथा भारतेंदु नाट्य अकादमी के मंच शिल्प प्रवक्ता मनोज मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वक्ता रंगकर्म के वर्तमान परिदृश्य और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार रखेंगे। विवेचना रंगमंडल ने रंगकर्मियों, कला प्रेमियों और शहर के नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर अरुण पाण्डेय की स्मृति को नमन करने तथा

सड़क निर्माण में रोड इंश्योरेंस लागू करने की मांग

जबलपुर। सड़क निर्माण की गुणवत्ता, मजबूती एवं दीर्घकालिक रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को सुझाव भेजकर नई सड़क परियोजनाओं के साथ रोड इंश्योरेंस व्यवस्था लागू करने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी ने सुझाव में कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों में कुछ वर्षों में ही गड्ढे एवं टूट-फूट की समस्या सामने आ जाती है, जिससे आम जनता को परेशानी के साथ सरकारी धन का बार-बार खर्च होता है। उन्होंने सड़क निर्माण के साथ 5 वर्ष अथवा निर्धारित अवधि का बीमा कवर अनिवार्य करने का सुझाव दिया, ताकि निर्माण संबंधी खराबी या निर्धारित शर्तों के तहत क्षति होने पर मरम्मत एवं पुनर्स्थापना की जवाबदेही तय हो सके। संगठन ने पाइपलाइन, केबल या अन्य एजेंसियों द्वारा सड़क की खुदाई से होने वाली क्षति के लिए भी स्पष्ट जिम्मेदारी एवं क्षतिपूर्ति व्यवस्था बनाने की मांग की।

1500 दीपों से जगमगाया होम साइंस कॉलेज, सेवा-संस्कार का दिया संदेश

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की सेवा-यात्रा के अवसर पर मध्यप्रदेश में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान-2026' का शुभारंभ गुरुवार को शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के साथ हुआ। सामूहिक दीप प्रज्जवलन में 1500 दीप जलाए गए, जिससे पूरा महाविद्यालय परिसर रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक कार्यालय से डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी गतिविधियों को व्यापक स्वरूप देना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने भारतीय ज्ञान परंपरा में दीप के महत्व को बताते हुए इसे ज्ञान, चेतना और सकारात्मकता का प्रतीक बताया। प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ. अर्जुन शुक्ला ने दीप प्रज्जवलन के वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के बाद दीपों के अवशेष एवं सामग्री का उचित निस्तारण करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर डॉ. अनुराधा दवे, डॉ. निधि चौबे, डॉ. रश्मि सिंगरौरे, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, गुणवंत सिंह, डॉ. राजकुमार गौतम एवं डॉ. सुधीर सिंह चंदेल सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक दीप प्रज्जवलित कर सेवा, ज्ञान, संस्कार, जनभागीदारी एवं पर्यावरण चेतना का संदेश दिया।

शहादत स्थली की उपेक्षा पर जन संगठनों का धरना, गार्ड ऑफ ऑनर व विकास की मांग

जबलपुर। अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह की शहादत स्थली की उपेक्षा के विरोध में शुक्रवार को विभिन्न जन संगठनों ने आधे घंटे धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने शहीद राजाओं को गार्ड ऑफ ऑनर देने, भव्य कीर्ति स्तंभ का निर्माण कराने तथा शहादत स्थली के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और विकास की मांग उठाई।धरने में गोंडवाना महासभा, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन, संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर, गोंडवाना जन जागृति संघ एवं गोंडवाना जन जागृति एवं विकास समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। संगठनों ने कहा कि लंबे समय से शहादत स्थली पर आदिवासी साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने वाले कीर्ति स्तंभ के निर्माण की मांग की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्थल के पीछे लगे बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की भी मांग की। धरने में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, रामरतन यादव, घनश्याम यादव, सौरभ शर्मा, कमल कोरचे, संजू ठाकुर, मुकेश बट्टी, संजय इक्का, भान सिंह, सुधीर शर्मा, देवेंद्र यादव, प्रमोद सेन, सोनू वरकड़े, शिवाजी धुर्वे, कुंजी गोंटिया, क्रांति मरावी एवं दिवाकर चौधरी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी, मूल निवासी एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर के साथी उपस्थित रहे।

कर सलाहकारों और सीए ने लिखा केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र

आयकर ऑडिट रिपोर्ट की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाने की मांग तेज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर अधिनियम के तहत एक करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले व्यवसायियों के लिए बही-खातों का ऑडिट कराकर ऑडिट रिपोर्ट ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित है। इस समय सीमा को बढ़ाकर 31 अक्टूबर किए जाने की मांग उठी है। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मृदुल आर्य ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और केंद्रीय वित्त मंत्री को ईमेल माध्यम से मांग भेजकर ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने का अनुरोध किया है।

आर्य के अनुसार, इस वर्ष बिना ऑडिट वाले व्यवसायियों के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा जुलाई से बढ़ाकर अगस्त कर दी गई थी। इसके चलते कर सलाहकारों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को ऑडिट का कार्य सितंबर माह में ही शुरू करना पड़ा। पूरे वित्तीय वर्ष के बही-खातों की जांच, आयकर पोर्टल पर उपलब्ध फॉर्म 26एएस और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में दर्ज जानकारियों का मिलान करने के बाद ही खातों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भोपाल में अभी तक करीब 50 प्रतिशत ऑडिट भी पूरे नहीं हो पाए हैं। निर्धारित समय सीमा तक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होने पर दंड का प्रावधान होने के कारण करदाताओं और पेशेवरों पर समय का दबाव बना हुआ है।

जीएसटीआर-3बी के एसएमएस की भाषा पर व्यापारियों में रोष

मध्य प्रदेश के राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों को अगस्त माह की जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने के संबंध में भेजे जा रहे एसएमएस की भाषा को लेकर व्यापारियों में घबराहट और रोष का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि विभाग द्वारा भेजे जा रहे संदेश में रिटर्न नहीं भरने पर पेनल्टी और कानूनी कार्रवाई की बात इस तरह कही गई है, जिससे अनावश्यक भय का वातावरण बन रहा है। विभाग की ओर से भेजे जा रहे संदेश में व्यापारियों को बताया जा रहा है कि उनका प्रोफाइल देखा जा रहा है और रिटर्न दाखिल करने के लिए कुछ ही दिन शेष हैं।

एनएसई और सेबी के बीच सुलह, 1,491 करोड़ रुपए के सैटलमेंट प्रस्ताव को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बहुचर्चित को-लोकेशन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट एनएसई और सेबी के बीच हुए सेटलमेंट को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश मौखिक रूप से सुनाया है, जबकि आदेश की लिखित प्रति बाद में जारी की जाएगी। इस मंजूरी के साथ एनएसई पर लंबे समय से चले आ रहे को-लोकेशन और डार्क-फाइबर मामलों में नियामकीय अनिश्चितता काफी हद तक खत्म होने की स्थिति में है। को-लोकेशन मामले में 2019 में सेबी ने एनएसई से करीब 625 करोड़ रुपए की रकम 12 फीसदी ब्याज के साथ वसूलने का आदेश दिया था। हालांकि, बाद में सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल ने सेबी के इस आदेश को रद्द कर दिया था।

2019 में सेबी ने लगाया था 625 करोड़ रुपए से ज्यादा का दावा

इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और कई वर्षों तक एनएसई के लिए यह विवाद कानूनी और नियामकीय अनिश्चितता का विषय बना रहा। मामले की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी डार्क-फाइबर विवाद है।

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सभा आयोजित

साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी लिंक से बचाव की दी जानकारी

नरसिंहपुर। बैंक ऑफ इंडिया की नरसिंहपुर शाखा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 10 सितंबर को आजीविका कार्यालय में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार हुआ। सभा में ग्रामीणों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, म्यूल अकाउंट, मनी लॉन्ड्रिंग, ओटीपी शेयरिंग, रिश्वतखोरी एवं फर्जी लिंक से होने वाले धोखाधड़ी के मामलों से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही डिजिटल लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतने और किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के जबलपुर आंचलिक कार्यालय से मुख्य प्रबंधक, सतर्कता विभाग धीरज महाराज, नरसिंहपुर शाखा प्रबंधक शुशांत डोंगरे, एसकेवीके नरसिंहपुर इंचार्ज रूपेश कुमार सहित आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक और बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	Pro-580 Date- 18/09/2026 2026_UAD_537075_1	संभाग क्रमांक 08 सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्ण वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थलों में सड़क निर्माण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	04 माह 12.66	2000/- 38009/-	05/10/2026
2	Pro-580 Date- 18/09/2026 2026_UAD_537075_2	संभाग क्रमांक 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत डॉ. सेन की गली में नाली एवं सीमेंटीकरण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	04 माह 3.38	2000/- 3383/-	05/10/2026
3	Pro-580 Date- 18/09/2026 2026_UAD_537075_3	संभाग क्रमांक 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत निजाम भाई के घर के पास मस्जिद के बाजू वाली गली में नाली निर्माण कार्य। **(पार्षद अनुशंसा)**	04 माह 2.50	2000/- 2500/-	05/10/2026

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

अल्ट्रावायलेट एक्स-47 'स्काईफोर्स' कोलकाता पुलिस के बेड़े में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता अल्ट्रावायलेट ने कोलकाता पुलिस के बेड़े में अपनी एक्स-47 'स्काईफोर्स' क्रॉसओवर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों को शामिल किए जाने की घोषणा की है। लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में मोटरसाइकिलों को औपचारिक रूप से पुलिस को सौंपा गया। कंपनी के अनुसार, कोलकाता पुलिस को कुल 183 एक्स-47 'स्काईफोर्स' मोटरसाइकिलें मिली हैं। इसके साथ यह किसी भारतीय पुलिस बल द्वारा इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों का सबसे बड़ा बेड़ा बन गया है। अल्ट्रावायलेट के मुताबिक, वह पहली इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता कंपनी है जिसकी मोटरसाइकिलें कोलकाता पुलिस के बेड़े में शामिल हुई हैं।

अल्ट्रावायलेट के सीईओ एवं सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने कहा कि पुलिस के लिए विशेष रूप से तैयार मोटरसाइकिल को बड़े पैमाने पर तैनात किया जाना कंपनी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कार्यालय अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

E-mail-deanshahdol@gmail.com Phone no- 07652-243000 Website-WWW.GMCSHAHDOL.ORG

क्रमांक/10864/टेंडर/बी.एम.जी.एम.सी./2026-27 शहडोल, दिनांक 11/09/2026

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय शहडोल (म.प्र.) में स्थापित विभिन्न चिकित्सा उपकरणों में उपयोग होने वाले एक्सेसरीज (Accessories) एवं कंज्यूमेबल (Consumables) के क्रय कार्य कार्य हेतु निविदा सूचना

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय शहडोल (म.प्र.) में स्थापित विभिन्न चिकित्सा उपकरणों में उपयोग होने वाले एक्सेसरीज (Accessories) एवं कंज्यूमेबल (Consumables) के क्रय कार्य हेतु MP E-TENDER के माध्यम से ई - निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक निविदाकार अंतिम दिनांक 07.10.2026 शाम 4.00 बजे तक MP E-TENDER के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा जमा कर सकते है ।

निविदा के संबंध में अधिक जानकारी एवं अपलोड करने की प्रक्रिया www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं।

अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
G-18726/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" **शहडोल (म.प्र.)**

कार्यालय नगर परिषद, गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)

(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail-cmogadarwada@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.1146/ई-टेण्डर/2026-27 **दुकान ई-नीलामी आमंत्रण सूचना** गाडरवारा, दिनांक 18/09/26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गाडरवारा के स्वामित्व के अधीन शिवाजी वार्ड, बस स्टेण्ड में स्थित काम्पलेक्स के ब्लॉक बी एवं ब्लॉक सी में सीढ़ियों के नीचे निर्मित दुकानों को म.प्र. नगरपालिका (अचल संपति का अंतरण) नियम 2016 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021 एवं दिनांक 28.03.2023 (निविदा दिनांक तक हुए समस्त संशोधनों सहित) में उल्लेखित एवं विरचित प्रावधानों के अधीन आवंटन हेतु लमसम दर पर ऑनलाईन निविदा ऑफर आमंत्रित किया जाता है। दुकानों से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.नं. जारी दिनांक	दुकान क्र.	क्षेत्रफल वर्गमीटर	दुकानों का वर्ग (आरक्षण)	न्यूनतम प्रीमियम राशि	प्रतिभूति निक्षेप /अर्नेस्ट मनी राशि (2.5 प्रतिशत)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_UAD _533380_1 19.09.2026	BS-1	3.25	अनारक्षित	375531.00	9390.00	2000.00	09.10.2026
2	2026_UAD _533381_1 19.09.2026	BS-2	4.25	अनारक्षित	462192.00	11555.00	2000.00	09.10.2026
3	2026_UAD _533382_1 19.09.2026	CS-1	4.00	अनारक्षित	491079.00	12280.00	2000.00	09.10.2026
4	2026_UAD _533383_1 19.09.2026	CS-2	4.75	अनुसूचित जाति	548853.00	13721.00	5000.00	09.10.2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

श्री पं. शिवाकांत मिश्रा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, गाडरवारा
श्री चंचल कोरी सभापति राजस्व शाखा, गाडरवारा
श्रीमति रितु मेहरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

सोनालीका ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करते हुए उद्योग की तुलना में 1.9X तेज़ वृद्धि हासिल की

नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अगस्त की अपनी अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2027 में अपनी जबरदस्त रफ़्तार बनाए रखी है। यह उपलब्धि उद्योग की वृद्धि के मुकाबले शानदार 1.9X वृद्धि से प्रेरित है, जो दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर बाजार भारत में प्रमुख कंपनियों के बीच सोनालीका की मजबूत स्थिति को भी दर्शाता है। अपनी शानदार 30वीं साल में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ते हुए, कंपनी ने होशियारपुर, पंजाब स्थित में अपने दुनिया के नंबर 1 ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में अब तक की सर्वाधिक मासिक उत्पादन 18,067 ट्रैक्टर भी दर्ज किया है। इससे आने वाले त्योहारों में किसानों की मांग को पूरा करने की उसकी तैयारी और मजबूत हो गई है। ये दोनों उपलब्धियां सोनालीका के इंटीग्रेटेड बिजनेस इकोसिस्टम की मजबूती को दिखाती हैं, जहाँ मैन्युफैक्चरिंग की ताकत, प्रोडक्ट की मजबूती और बाजार में तेजी से काम करने की क्षमता बेहतरीन तालमेल के साथ काम कर रही हैं।सोनालीका अपनी नई 'गोल्ड सीरीज' जैसे दमदार ट्रैक्टरों के साथ अपने किसानों को काम में तेजी और सटीकता देने की क्षमता को लगातार बेहतर बना रही है। कंपनी की वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं उसे क्वालिटी पर बेहतर कंट्रोल देती हैं और टेक्नोलॉजी से लैस अनुकूलित ट्रैक्टर बनाने में मदद करती हैं, जिससे वह बाजार की खास जरूरतों को पूरा कर पाती है। त्योहारों के मौसम में किसानों की मांग बढ़ने की उम्मीद है, ऐसे में सोनालीका इस अहम समय में पूरी तरह मजबूत डीलरशिप नेटवर्क के साथ आगे बढ़ रही है ताकि क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार किसानों की खेती में खुशहाली लाई जा सके।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्र./मण्डी/तौलकाँटा/2026-27/706 पाटन, दिनांक- 18/09/2026

वी.ओ.टी. तौलकांटा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति, पाटन द्वारा टेण्डर प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बी.ओ.टी. (बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रान्सफर) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा (टेण्डर) सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_537225_1 दिनांक 12/10/2026 को समय 03 :30 pm तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन की ई-निविदा के ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in पर प्रदर्शित होगी साथ ही उक्त निविदा से सम्बंधित जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल/वेबसाइट www.mpmandiboard.gov.in पर अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्त पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

कृषि उपज मंडी समिति पाटन
जिला जबलपुर (म.प्र.)

बेचना है

बेचना है - सकरी हाईवे रोड से 50 मी. गायत्री मन्दिर के सामने सर्वसुविधायुक्त पूर्ण विकसित कॉलोनी प्लॉट साईज 252X53 वर्गफुट डायवर्टेड आवासीय नार्थ फेस 2/3 टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 (बिलासपुर/05/ अक्टू.)

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक का.से./2026-27/392 दिनांक 17/09/2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक- 06 वार्ड क्रमांक- 30 (प. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड) के अंतर्गत मौजा / ग्राम माढ़ोताल प.ह.नं. 7 ख.नं. 115/2, 115/7, 115/9/1 कुल रकबा 1.011338 हेक्टेयर में से 1.011322 हेक्टेयर (10113.22 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (THE GOLDEN AVENUE) की अनुमति हेतु मेसर्स गोल्डन बिल्डकॉन पार्टनर श्री सौरभ बडेरिया पिता एस.डी.बडेरिया कोलानाईजर पता - अनुश्री होम्योपैथिक कालेज के सामने, माढोताल जबलपुर, म.प्र. विकासकर्ता / कालोनाईजर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपति का विवरण निम्न है :-

बंधक सम्पति का विवरण- भूखंड क्रमांक 58, 59, 69, 70, 71, 72 कुल 06 नग क्षेत्रफल 600.97 वर्गमीटर

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है ।

प्रभारी कालोनी सेल, नगर पालिक निगम जबलपुर

कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय
काम्पलेक्स (बी) ब्लाक, गौतम नगर, भोपाल- 23

क्रमांक/तक./हाईटेक हब/2026-27/2438. (संक्षिप्त) भोपाल, दिनांक 17/09/2026

शुगरकेन (गन्ना) हाईटेक हब स्थापित करने हेतु आवेदनों के आमंत्रण की सूचना (वर्ष 2026-27)

संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी अंतर्गत कृषकों को अधुनिक कृषि उपकरण / यंत्र देने के उद्देश्य से बैंक ऋण आधार पर हाईटेक हब स्थापित करने हेतु संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के विज्ञापन क्रमांक / तक./हाईटेक हब/2026-27/1528 दिनांक 25.06.2026 के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गए थे। उक्त विज्ञापन में जारी लक्ष्य के विरूद्ध आठ जिलों से आवेदन प्राप्त न होने के कारण शुगरकेन(गन्ना) हाईटेक-हब स्थापित करने हेतु "ऑन-लाईनह्व आवेदन संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी की वेबसाईट www.cch.mpdhe.org के माध्यम से निम्न श्रेणी अंतर्गत पुनः आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदकों को अपने आवेदन के साथ धरोहर राशि के रूप में रू. 1.00 लाख के बैंक ड्रॉफ्ट की फोटो प्रति अपलोड की जानी होगी। बैंक ड्रॉफ्ट "संचालक, कृषि अभियांत्रिकी म.प्र. भोपाल" के नाम से बनाया जाना होगा। ऐसे आवेदक जो चयन उपरांत हाईटेक हब स्थापित करने में असफल होंगे उनकी **धरोहर राशि की 15 प्रतिशत राशि राजसात** कर ली जायेगी। हाईटेक हब के प्रकार निम्नानुसार है-

शुगरकेन (गन्ना) हाईटेक हब के लक्ष्य -

क्रं.	शुगरकेन (गन्ना) हाईटेक हब	लक्ष्य सामान्य	लक्ष्य योग
1	**गन्ना फसल कटाई का यंत्रीकरण** - प्रोजेक्ट की अधिकतम राशि रू. 1.70 करोड़ तक रखी जा सकती है तथा प्रोजेक्ट की लागत का 40 प्रतिशत अधिकतम राशि रू. 52.00 लाख तक अनुदान देय होगा ।	08	08
	योग	08	08

संचालक कृषि अभियांत्रिकी द्वारा उपरोक्त लक्ष्यों में आवश्यतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। प्रत्येक हाईटेक हब हेतु आवश्यक ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्रों का उल्लेख विस्तृत विज्ञापन में प्रदाय किया गया है। अनुदान की गणना सब मिशन आन एग्रीकल्चर मेकेनाइजेशन योजना में प्रदत्त दिशा-निर्देशों में प्रत्येक यंत्र हेतु दिये गये प्रावधान अनुसार अधिकतम सीमा तक की जावेगी। इसके साथ ही हितग्राही भारत सरकार के "एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड' (ए.आई.एफ.) अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के भी पात्र होंगे।

कार्यक्रम अंतर्गत समय सीमायें निम्नानुसार है-

1	आवेदन करने की अवधि	दिनांक 18 सितम्बर 2026 से 28 सितम्बर 2026 तक प्रस्तुत किये जा सकेंगें।
2	जिलेवार आवेदकों के अभिलेखों का सत्यापन एवं बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अवधि	दिनांक 29-30 सितम्बर 2026 प्रात: 10:00 से सायं 06:00 तक संबंधित संभागीय कृषि यंत्री/कार्यपालन यंत्री कार्यालयों में अभिलेखों का सत्यापन एवं प्रोजेक्टों का अवलोकन किया जायेगा।
3	कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी पद्धति से प्राथमिकता सूचियों का निर्धारण	दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12.00 बजे संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल में कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी की जायेगी।

विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट (www.cch.mpdage.org) पर देखा जा सकता है।

संचालक कृषि अभियांत्रिकी
मध्यप्रदेश भोपाल
G-18759/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

पश्चिम मध्य रेल

यांत्रिक शाखा

निविदा सूचना क्र JBP-M-Tender-21A-2026, दिनांक 16/09/2026, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट एंड ईएनएचएम), मंडल रेल प्रबंधक यांत्रिक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक**-JBP-M-Tender-21A-2026, दिनांक 16/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- फ्रेट यार्ड सतना में यार्ड मरम्मत के विभिन्न कार्यों की आउटसोर्सिंग, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये**- 29129998.72, **बयाना राशी रुपये**- 582600.00, **समापन की अवधि**- 24 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय**- 08.10.2026 15:00Hrs, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https:ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है । ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर दमोह नाका, मनमोहन नगर, जिला जबलपुर (म.प्र.)

ई-मेल- mpapmcjabalpur@gmail.com दूरभाष क्रं.- 0761-2648830, 4031091

क्र./ मंडी/तौलकांटा / 2026-27/N-372 जबलपुर, दिनांक : 18/09/2026

: - तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना:-

कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर "अ" मण्डी द्वारा ई-टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट आपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी.) के तहत् संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक - 2026_MPSAM_537050_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 05/10/2026 को सायं 03 :30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति,
जबलपुर (म.प्र.)

राशिफल

मेष — नई जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएं। भावनात्मक संतुलन बनाए रखें, धैर्य रखें तो सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृष — चंद्रमा अपनी राशि में होने से दिन प्रसन्नता भरा रहेगा। आर्थिक लाभ और सामाजिक सम्मान मिल सकता है। प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।

मिथुन — संचार और बौद्धिक कार्यों में तेजी आएगी। यात्रा या नई योजनाएं बन सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, व्यर्थ खर्च से बचें।

कर्क — परिवार के साथ समय बिताएं। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे, स्वास्थ्य सामान्य।

सिंह — आत्मविश्वास और नेतृत्व गुण चमकेंगे। करियर में प्रगति के योग। रुके काम पूरे होंगे। प्रेम जीवन रोमांचक रहेगा।

कन्या — बौद्धिक कार्यों और सेवा भाव में सफलता। स्वास्थ्य सुधार पर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। माता-पिता का सुख मिलेगा, यात्रा शुभ।

तुला — साझेदारी और संबंधों में मिठास आएगी। व्यावसायिक सौदे फायदेमंद। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन निर्णय लेते समय सतर्क रहें।

वृश्चिक — रहस्यमयी और गहन विचारों का दिन। आर्थिक लाभ संभव। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रेम में गहराई आएगी, लेकिन विवाद से दूर रहें।

धनु — यात्रा और उच्च शिक्षा में लाभ। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में नई संभावनाएं। पारिवारिक सुख मिलेगा, स्वास्थ्य ऊर्जावान रहेगा।

मकर — करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा में उन्नति। मेहनत का फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन भावनाओं को नियंत्रित रखें।

कुंभ — नई योजनाएं और दोस्तों का साथ सुखद। आर्थिक अवसर आएंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। रचनात्मक कामों में सफलता, मानसिक शांति बनी रहे।

मीन — अंतर्ज्ञान मजबूत होगा। आर्थिक और पारिवारिक मामलों में सुधार। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम संबंध गहरे होंगे, सकारात्मक रहें तो दिन शुभ।

शब्द पहेली - 6352



बाएँ से दाएँ
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.ग्रह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली- 6351 का हल

सूडोकू नवताल - 6362

मध्यम

सूडोकू नवताल - 6361 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

खबर संक्षेप

पांच मिनट में 80 भारतीयों की नौकरियां खत्म

वॉशिंगटन। अमेरिकी फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनी ब्लू वाइन ने महज पांच मिनट की गूगल मीट कॉल में 80 लोगों की अपनी पूरी भारतीय कस्टमर सर्विस टीम को ही निकाल बाहर किया है। छंटनी वाले दिन मैनेजमेंट ने सभी को घर से काम करने के लिए कहा था। उसके बाद गूगल मीट करके बिना किसी नोटिस या पूर्व चेतावनी के नौकरी से बर्खास्त कर दिया।

सिख ट्रक ड्राइवर पर 17 बार चाकू से हमला

वॉशिंगटन। अमेरिका में रविवार सुबह दक्षिणी व्योमिंग के बिटर क्रीक रेस्ट एरिया के बाथरूम में एक सिख ट्रक चालक को कई बार चाकू मारा गया। हमलावर, जिसकी पहचान एंड्रयू क्रिस बज्दक के रूप में हुई है। उसने ट्रक चालक के हाथों, छाती और पसलियों पर 17 बार चाकू से वार किया। बज्दक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नेपाल में बिना पासपोर्ट के घूम सकेंगे विदेशी पर्यटक

काठमांडू। नेपाल का इमिग्रेशन विभाग एक ऐसी व्यवस्था शुरू करने जा रहा है, जिससे विदेशी नागरिकों को पूरे हिमालयी देश में घूमने के लिए अपना फिजिकल पासपोर्ट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं होगी। विभाग ने इस सिस्टम को 'पासपोर्ट-फ्री ट्रैवल' नाम दिया है। विभाग का कहना है कि इसका मकसद विदेशी नागरिकों के ठहरने को सुविधाजनक बनाना है।

होर्मुज में ईरान ने तेल टैंकर को बनाया निशाना

तेहारान। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में टोगो के झंडे के नीचे चल रहे एक तेल टैंकर पर हमला किया। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर 'ट्रेंड' को उस समय निशाना बनाया गया और हिरासत में लिया गया जब उसमें आग लग गई। यह घटना ओमान के खासब से 16 समुद्री मील दूर हुई।

एचएएल ने 2 तेजस ट्रेनर विमान वायुसेना को सौंपे, राजनाथ सिंह ने की पूजा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

इसका 57% सामान भारत में ही बनाया गया तेजस लेजर गाइडेड मिसाइल दागने में सक्षम

इंडियन एयरफोर्स को शुक्रवार को 2 तेजस ट्रेनर विमान और एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान सौंपा गया। इन विमानों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने तैयार किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू और वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह बेंगलुरु में शुक्रवार को विमानों के हैंडओवर प्रोग्राम में शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने विमानों की पूजा की। कार्यक्रम में एचएएल ने चार नए ध्रुव हेलिकॉप्टर पवन हंस लिमिटेड को सौंपे। राजनाथ हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में भी बैठे। इसके अलावा एचएएल ने 2 तेजस ट्रेनर विमान भी एयरफोर्स को सौंपे हैं।

- एयरफोर्स के पायलट अब स्वदेशी विमान से लेंगे प्रशिक्षण

राजनाथ सिंह और वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह

70 विमानों का किया गया है अनुबंध

एचएएल ने भारतीय वायुसेना को एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान भी सौंपा। इसे 'अंकुर' नाम दिया गया। यह भारतीय रक्षा सेवाओं की शुरुआती पायलट ट्रेनिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने 70 एचटीटी-40 विमानों का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। समझौते के मुताबिक डिलीवरी सितंबर 2025 से शुरू होनी थी। हालांकि इसमें करीब एक साल की देरी हुई। टर्बोप्रॉप इंजन से लैस इस विमान में सबसे आधुनिक डिजिटल कॉकपिट और 'जीरो-जीरो' इजेक्शन सीट लगी है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल सकती है।

चार एलसीए तेजस ट्रेनर की डिलीवरी पूरी

एचएएल ने भारतीय वायुसेना को दो एलसीए एफओसी (फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस) ट्रेनर विमान सौंप दिए। इससे एफओसी कॉन्ट्रैक्ट के तहत चार ट्विन-सीटर विमानों की डिलीवरी पूरी हो गई। इन विमानों में बेहतर रडार, ऑटोपायलट, फ्यूल सिस्टम, सुरक्षित कम्युनिकेशन के लिए सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग प्रोब जैसी यह सिर्फ एक ट्रेनिंग विमान नहीं है। दो सीटों वाले इस फाइटर जेट में आगे ट्रेनी पायलट और पीछे की सीट पर विंग कमांडर रैंक का ट्रेनर बैठता है।

चार ध्रुव एनजी हेलिकॉप्टर मिले

एचएएल ने पवन हंस कंपनी को चार ध्रुव एनजी हेलिकॉप्टर सौंपे। यह पहली बार है जब सिविल सर्टिफाइड ध्रुव एनजी को सिविल एविएशन क्षेत्र में शामिल किया गया। एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित 5.5 टन का हल्का ट्विन-इंजन मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर है। फ्रांस के सहयोग से बने शक्तिशाली 'शक्ति' इंजन से लैस यह हेलिकॉप्टर 20 हजार फीट की ऊंचाई और बर्फीले तथा तपते रेतीले तूफानों में भी आसानी से उड़ान भर सकता है। यह समंदर के बीचों-बीच ओएनजीसी के रिग्स पर काम करने वाले क्रू को ला सकता है।

भारत-पाक युद्धपोत की टक्कर पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

पाकिस्तानी जहाज का रवैया गैर-पेशेवर सभी आरोपों को भारत ने किया खारिज

इस्लामाबाद का आरोप कि यह घटना पाकिस्तान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में भारतीय जहाज की 'बेहद उकसावे वाली और अस्वीकार्य कार्रवाई' के बाद हुई थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पश्चिमी अरब सागर में भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता और पाकिस्तानी नौसैनिक जहाज पीएनएस हुनैन के बीच हुई टक्कर तथा लाल सागर के सुरक्षा हालात पर भारत का रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने इस घटना पर पाकिस्तान के जवाब और आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे उनकी पुरानी टालमटोल की नीति बताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि आईएनएस कोलकाता पश्चिमी अरब सागर में एक सामान्य गश्त पर तैनात था। इसी दौरान पाकिस्तानी नौसेना के जहाज पीएनएस हुनैन ने समुद्र में बेहद गैर-जिम्मेदाराना और गैर-पेशेवर व्यवहार दिखाया। पाकिस्तानी जहाज ने खतरनाक तरीके से आगे निकलने की कोशिश की, जिसकी वजह से दोनों जहाजों के बीच टक्कर हो गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया था कि यह घटना पाकिस्तान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में भारतीय जहाज की 'बेहद उकसावे वाली और अस्वीकार्य कार्रवाई' के बाद हुई।

रणधीर जायसवाल

> रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह कदम अप्रैल 1991 के भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय समझौते के अनुच्छेद 10 का गंभीर उल्लंघन है। यह समझौता सैन्य अभ्यासों और सैनिकों की गतिविधियों की पहले से सूचना देने से संबंधित है, जिसके तहत दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों को समुद्र में एक-दूसरे से कम से कम तीन समुद्री मील (नॉटिकल माइल्स) की दूरी बनाए रखना अनिवार्य है

- *पाक पोत पीएनएस हुसैन ने गलत तरीके से आगे निकलने की कोशिश*
- *समुद्र में टक्कर रोकने से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नियमों की भी धज्जियां उड़ाईं*
- *आईएनएस कोलकाता को कोई बड़ा नुकसान नहीं वह समुद्र में तैनात*

एआई इमेज

सऊदी अरब पर हुए हमलों की निंदा की

इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने लाल सागर क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रवक्ता ने सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र, वहां के आम नागरिकों और आर्थिक संपत्तियों पर हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने पवित्र शहर मक्का पर हमले की कोशिश के बाद भारत की तरफ से जारी बयान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हैं और बाब अल-मंदेब जल मार्ग से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को खतरे में डालते हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए क्षेत्र में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद जताई।

भारत की चेतावनी-दोबारा ऐसी घटना न हो

प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान ने उम्मीद के मुताबिक वही पुराना टालमटोल वाला रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष को एक बार फिर 'सलाह' दी गई है कि उसकी सभी सैन्य इकाइयां (पोत आदि) सावधानी बरतें और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच संबंधित समझौतों के प्रावधानों का सम्मान करें। पाकिस्तान को फिर से हिदायत दी गई है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए उसकी सभी सैन्य इकाइयां पूरी सावधानी बरतें और समझौतों का सम्मान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस टक्कर से आईएनएस कोलकाता को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है और वह समुद्र में अपनी तैनाती पर मुस्तैद है।

पाक जहाज का व्यवहार अस्वीकार्य

जायसवाल ने कहा कि हमारे जताए गए विरोध पर हमने पाकिस्तान की प्रतिक्रिया देखी है। यह वही टालमटोल वाला रवैया है जिसकी हमें उम्मीद थी। हम उसमें शामिल आरोपों और आक्षेपों को खारिज करते हैं। बता दें, भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के दूतावास प्रभारी को तलब किया था और पाकिस्तानी नौसेना के जहाज के 'अस्वीकार्य व्यवहार' पर कड़ा विरोध दर्ज कराया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। यह घटना मंगलवार रात को हुई जब पाकिस्तानी जहाज उत्तरी अरब सागर में नियमित निगरानी मिशन पर तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत के करीब आ गया।

यह कदम द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन

रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह कदम अप्रैल 1991 के भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय समझौते के अनुच्छेद 10 का गंभीर उल्लंघन है। यह समझौता सैन्य अभ्यासों और सैनिकों की गतिविधियों की पहले से सूचना देने से संबंधित है, जिसके तहत दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों को समुद्र में एक-दूसरे से कम से कम तीन समुद्री मील (नॉटिकल माइल्स) की दूरी बनाए रखना अनिवार्य है। इसके अलावा पाकिस्तानी जहाज ने समुद्र में टक्कर रोकने से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नियमों की भी धज्जियां उड़ाईं। भारत ने इस घटना को लेकर आधिकारिक विरोध दर्ज कराया था।

मारे गए लोगों में 5 पुलिसकर्मी भी शामिल
क्षतिग्रस्त मस्जिद

पाकिस्तान के पुलिस लाइंस में धमाका

किसी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली

नमाज के वक्त फिदायीन हमला, 16 लोगों की मौत 50 से अधिक हुए घायल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइंस के पास मौजूद एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले में स्थित पुरानी पुलिस लाइन के निकट बनी मस्जिद में हुआ। प्रांतीय पुलिस प्रमुख जुल्फिकार हमीद ने बताया कि कोहाट पुलिस लाइंस में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुए आत्मघाती धमाके में कम से कम 16 लोग मारे गए। हमले में मारे गए लोगों में 5 पुलिसकर्मी और 11 आम नागरिक शामिल हैं।

गेट से विस्फोटक लदा वाहन टकराया

यह धमाका कोहाट जिले में पुरानी पुलिस लाइन्स के पास स्थित मस्जिद में हुआ, जो खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर से दक्षिण-पश्चिम में लगभग 60 किलोमीटर दूर है। विस्फोटकों से भरा एक वाहन मस्जिद के गेट से जा टकराया, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। पुलिस ने बताया कि घायलों में से ज्यादातर नमाजी थे। विस्फोट से मस्जिद के बाहर गड्ढा हो गया। हमीद ने बताया कि विस्फोट के बाद पुलिस लाइंस में अतिरिक्त पुलिस बल की टुकड़ी तैनात की गई। बचाव अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट से मस्जिद का बाहरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि एक दीवार भी ढह गई।

पुलिस स्थित का आकलन कर रही

'रेस्क्यू 1122 खैबर पख्तूनख्वा' के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी के अनुसार, सूचना मिलने के तुरंत बाद बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि घायलों में से कई लोगों को प्रारंभिक इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

भारत की समंदर में बड़े स्तर पर खुदाई की तैयारी

केंद्र ने दी मंजूरी, तेल-गैस उत्पादन बढ़ाने पर खर्च होंगे 15000 करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और घरेलू स्तर पर तेल-गैस का उत्पाद बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने देश के समुद्री इलाकों में तेल और गैस की खोज तेज करने की प्लानिंग बनाई है। कंपनी ने अगले अगले तीन सालों में डीपवॉटर और अल्ट्रा डीपवॉटर इलाकों में खोजी कुओं की खुदाई पर करीब 15,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसका खास मकसद समुद्र की गहराई में मौजूद तेल और गैस भंडार का पता लगाना और घरेलू उत्पाद को बढ़ाना है।

रंजीत रथ

सरकार की 'समुद्र मंथन' योजना से मिलेगी मदद

ऑयल इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रंजीत रथ के मुताबिक, गहरे और अति-गहरे पानी में तेल की खोज काफी महंगी होती है। इसलिए कंपनी सरकार की 'समुद्र मंथन' पहल के मदद से गहरे और अति-गहरे पानी वाले इलाकों में खोज अभियान बढ़ाएगी। इस योजना के तहत सरकार 2030-31 तक 84,084 करोड़ रुपए का खर्च करने की मंजूरी दे चुकी है। अन्वेषण कुओं की ड्रिलिंग लागत का 50% तक सरकार देगी। हालांकि, यह सहायता प्रति कुआं 675 करोड़ रुपए की सीमा तक होगी।

विदेशों में भी तेल-गैस संपत्ति खरीदने की तैयारी

हालांकि, कंपनी की यह खोज अंडमान, कृष्णा-गोदावरी, महानदी और केरल-कोंकण जैसे तलछटी बेसिनों में की जाएगी। इसके लिए सरकार की 'समुद्र मंथन' योजना से भी मदद मिलने वाली है। कंपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विदेशों में भी तेल, गैस और महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़ी संपत्तियां खरीदने के अवसर तलाश कर रही है।

पोलैंड के पीएम टस्क ने दी बड़ी चेतावनी

रूस नाटो देशों पर ड्रोन और रॉकेट से कर सकता है हमला!

एजेंसी ▶▶ वारसॉ

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने रूस को लेकर बड़ा दावा किया है। टस्क ने चेतावनी दी है कि रूस यूक्रेन का समर्थन करने वाले यूरोपीय देशों, खासकर नाटो के पूर्वी हिस्से में स्थित देशों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि रूस ड्रोन या रॉकेट के जरिए ऐसे हमले कर सकता है और बाद में इन्हें 'दुर्घटना' बताकर नाटो की प्रतिक्रिया को कमजोर करने की कोशिश कर सकता है। पोलिश संसद में गुरुवार को दिए भाषण में टस्क ने कहा कि रूस का मकसद नाटो देशों को इस स्थिति में डालना हो सकता है कि वे अपने किसी सदस्य की मदद के लिए तुरंत आगे आने से हिचकिचाएं।

डोनाल्ड टस्क व्लादिमीर पुतिन

ऑस्ट्रेलिया के स्टूडेंट वीजा नियमों में बड़ा बदलाव

अब साथ नहीं ले जा सकेंगे पार्टनर और बच्चे, भारतीयों पर ज्यादा असर

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया ने नए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। इसके तहत अब ज्यादातर इंटरनेशनल छात्र अपने पार्टनर या बच्चों को साथ नहीं ला सकेंगे। इसे ऑस्ट्रेलिया के अस्थायी वीजा नियमों में बड़ा बदलाव माना जा रहा है, जिसका सबसे ज्यादा असर भारतीय छात्रों पर पड़ने की आशंका है। ऑस्ट्रेलिया में हर साल बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया भारतीय छात्रों के बीच अमेरिका के बाद दूसरा सबसे लोकप्रिय देश है। भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में बिजनेस, आईटी, इंजीनियरिंग, और हॉस्पिटैलिटी की पढ़ाई करने जाते हैं।

टोनी बर्क

1.36 लाख भारतीय पढ़ाई कर रहे

ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों में वर्तमान में लगभग 1 लाख 38 हजार से अधिक भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। यह संख्या ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने वाले कुल विदेशी छात्रों का लगभग 16 प्रतिशत है। नए नियमों के तहत, ज्यादातर भारतीय छात्र अब अपने परिवार के सदस्यों को डिपेंडेंट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया साथ नहीं ला पाएंगे। नई व्यवस्था के तहत पैसिफिक और साउथ-ईस्ट एशियाई देशों के छात्रों को परिवार के लिए वीजा की सुविधा मिलती रहेगी।

माइग्रेशन घटाने का लक्ष्य

ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने 17 सितंबर को इन उपायों की घोषणा करते हुए कहा कि अब देश के स्टूडेंट वीजा को कड़ा किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार अस्थायी माइग्रेशन नियमों को कड़ा करने और 2027-28 तक नेट ओवरसीज माइग्रेशन को घटाकर 225,000 करने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

अमेरिका के नए टैरिफ बिल का चीन ने किया कड़ा विरोध

रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% शुल्क

इसका अंतरराष्ट्रीय कानून में कोई आधार नहीं, अधिकार जताना बंद करे वॉशिंगटन

रूसी उत्पादों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ का प्रावधान

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

रूस से तेल-गैस खरीद पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने वाले अमेरिकी कानून 'सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट' को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। चीन के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कांग्रेस के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे कानूनों का अंतरराष्ट्रीय कानून में कोई आधार नहीं है। चीन ऐसे कानूनों का विरोध करता है। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर लिखा कि चीन दूसरे देशों के साथ बराबरी और आपसी फायदे के आधार पर सामान्य आर्थिक और व्यापारिक सहयोग करता है।

रूस के आर्थिक संसाधनों को कम करना जरूरी: अमेरिका

वहीं अमेरिकी सीनेटर केटी ब्रिट के कार्यालय के अनुसार, जिन देशों की ओर से रूस से आयात की जाने वाली प्राकृतिक गैस रूस के कुल गैस निर्यात का 15 प्रतिशत से कम है और जो अपनी खरीद कम करने के लिए गंभीर कदम उठा रहे हैं, उन्हें छूट दी जा सकती है। इस कानून का उद्देश्य यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को जारी रखने के लिए मिलने वाले आर्थिक संसाधनों को कम करना है।

जरूरत पड़ने पर अन्य देशों को भी जोड़ेंगे

इसके तहत रूसी अधिकारियों, बैंकों, ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं और रूस के सैन्य अभियानों का समर्थन करने वाली विदेशी संस्थाओं को निशाना बनाया गया है। ये प्रावधान उन बड़े देशों पर लागू होंगे जो रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा आयात करते हैं या रूस पर लगे तेल प्रतिबंधों को दरकिनार करने में मदद करते हैं। समिति ने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि हर 180 दिन में समीक्षा करेगा और जरूरत पड़ने पर अन्य देशों को भी इस सूची में जोड़ा जा सकता है।

यूएनएससी में मंजूरी नहीं मिली

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि चीन ऐसे कानूनों के जरिए दूसरे देशों पर अधिकार जताने और एकतरफा पाबंदियां लगाने का कड़ा विरोध करता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय कानून में कोई आधार नहीं है और जिन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मंजूरी भी नहीं मिली है। इस विधेयक में रूसी उत्पादों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। साथ ही, रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों से आने वाले सामान पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है।

ट्रंप प्रशासन ने उठाया बड़ा कदम

सऊदी अरब को 24.3 अरब डॉलर के 48 'एफ-35' विमान बेचने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए ट्रंप प्रशासन ने सांसदों से कहा कि वे सऊदी अरब को 48 एफ-35 की बिक्री को मंजूरी दें। इस सौदे की अनुमानित लागत 24.3 अरब डॉलर है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लक्ष्यों को समर्थन मिलेगा। इससे एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी की सुरक्षा मजबूत होगी। यह देश खाड़ी क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के लिए एक ताकत है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि ये अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान हैं। इनकी बिक्री से 'क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा'। अमेरिका ने यह बात अपनी लंबे समय से चली आ रही नीति के तहत कही है। इस नीति के अनुसार, पश्चिम एशिया क्षेत्र में दुश्मनों के मुकाबले इस्राइल के पास सैन्य बढ़त होनी चाहिए। सऊदी अरब ने लंबे समय से वाशिंगटन से कहता रहा है कि वह हूती लड़ाकों के साथ उसके संघर्ष में सीधे तौर पर भूमिका निभाए।

एशियाई खेल महिला क्रिकेट : शेफाली ने 15 गेंदों में बनाए 40 रन

सेमीफाइनल में भारत, महज 5 ओवर में जापान को दी शिकस्त

श्रीचरणी ने 10 रन देकर चटकाए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| निशिन

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन और स्पिनर श्रीचरणी की शानदार गेंदबाजी के दम पर पिछली चैंपियन भारतीय टीम ने अनुभवहीन जापान को 8 विकेट से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। श्रीचरणी ने 10 रन देकर 4 विकेट लिए जो टी20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर आउट हो गई। भारत ने यह लक्ष्य पांच ओवर में हासिल कर लिया।

अब भारत का सामना 20 सितंबर को बांग्लादेश से होगा। शेफाली ने 15 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए जबकि रिचा घोष ने 6 गेंद में 12 रन का योगदान दिया।

जापानी टीम 57 रन पर आउट

जापान ने सलामी बल्लेबाज जी कमलिनी और तीसरे नंबर पर उतरी भारती फुलमाली को आउट किया। इससे पहले श्रीचरणी की अगुवाई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें 57 रन पर आउट कर दिया। पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने जापान के बल्लेबाजों को हाथ खोलने ही नहीं दिए और पूरी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे। जापान के बल्लेबाजों को शीर्ष टीमों से खेलने या नियमित अभ्यास का मौका नहीं मिलता है और उनके लिए टर्न और उछाल लेती पिच पर भारत के गेंदबाजों का सामना कर पाना काफी मुश्किल था।

जापान ने पावरप्ले में बनाए 24 रन

पावरप्ले में 24 रन ही बने, जिसमें दो चौके लगे। श्रीचरणी ने सलामी बल्लेबाज हारुना इवासाकी (10) और कप्तान माइ यानागिडा को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। शेफाली ने 15वें ओवर में अयाका कातो और 17वें ओवर में शिमाको कातो के विकेट लिए। कुछ बल्लेबाज रन आउट भी हुए, जिससे जापान की मुश्किलें और बढ गई।

सॉफ्ट टेनिस : क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से हारी भारतीय टीम

नागोया। भारतीय टीम एशियाई खेलों की सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से 0-2 से हार गई। भारत ने ग्रुप सी में मंगोलिया और लाओ को हराया जबकि चीनी ताइपै से पराजय का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम में जय मीणा, आर्यन ठाकुर, योगेश चौधरी, अनिकेत पाटिल और ओम यादव हैं। दूसरे क्वार्टर फाइनल में वे इंडोनेशिया से हार गए, जिसमें फर्नांडो सांगेर, टियो हुतारूक, मोहम्मद फालेवी, रिजकी लालुयान और बागुस प्राडेवा थे। जय मीणा और योगेश चौधरी को पुरुष युगल मुकाबले में टियो और फर्नांडो ने हराया। आर्यन ठाकुर को पुरुष एकल में बागुस ने मात दी। तीसरा मैच रद्द कर दिया गया।

मनु भाकर और तूर चुने गए ध्वजवाहक

दो ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुट में गत चैंपियन तेजिंदर पाल सिंह तूर को एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक चुना गया। समारोह शनिवार को होना है। भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा ,' मनु भाकर एक ध्वजवाहक होंगी ' बाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पुष्टि की कि तूर दूसरे ध्वजवाहक होंगे। भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीते और वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बन गई थी। तूर ने पिछले दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

टेकबॉल : क्विम्सी डिसूजा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

भारत की क्विम्सी जोआकिम डिसूजा ने एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से वह इस खेल में ऐतिहासिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई। एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए क्विम्सी ने नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त युइना सकामोटो को 2-1 (10-12 12-11 13-11) से हराकर उलटफेर किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में भी लय बरकरार रखते हुए कंबोडिया की कोएमयेन डीवाई को केवल 24 मिनट में 2-0 (12-9 12-7) से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

कमरों की कमी से भारतीय खिलाड़ी रहे परेशान

एशियाई खेलों में भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि उन्हें यहां पहुंचकर ही पता चला कि आयोजकों ने 30 से 35 भारतीय खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था की सूची से निकाल दिया है, जिससे भारत को उनके लिए कमरों का इंतजाम करना पड़ा। कई भारतीय खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर रहने की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कमरों के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ा। यादव ने कहा,' आयोजन समिति ने हमें बताया कि भारत से अपेक्षा से अधिक खिलाड़ी आ गए हैं लेकिन ऐसा नहीं है। हमने उतने ही खिलाड़ी भेजे हैं, जितने तय हुए थे। लेकिन उन्होंने कुछ नाम हटा दिया, जिनके लिए हमने होटल बुक किए । 30-35 खिलाड़ियों को लेकर परेशानी हुई है।' उन्होंने कहा,'हमारी टीम ने फुर्ती दिखाते हुए कमरे बुक किए।'

नई बुलंदियों को छूने पर भारत की नजरें

एजेंसी ▶▶| नागोया

खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारत के लिये यहां शनिवार से शुरू हो रहे 20वें एशियाई खेलों में कामयाबी की एक नई कहानी लिखने की चुनौती होगी और अगले एक दशक में देश को शीर्ष दस देशों में लाने की भारत की आकांक्षा के लिए नींव का पत्थर रखने का दारोमदार खिलाड़ियों पर रहेगा। एशियाई खेलों में 43 खेलों में 11000 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे और 45 देश कम होने के बावजूद यहां प्रतिस्पर्धा का स्तर ओलंपिक से बड़ा होने वाला है। भारत ने 501 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जो यहां कदम रखने के बाद से रहने और आवागमन की लचर व्यवस्था से जूझ रहे हैं।

निशानेबाजी दल में अच्छा मिश्रण

निशानेबाजी दल में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जिनकी अगुवाई दो ओलंपिक पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। भारतीय दल में 30 निशानेबाज हैं, जिनमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन के धुरंधर शामिल हैं। एथलेटिक्स में दो बार के एशियाई खेल चैंपियन और भारतीय एथलेटिक्स के सबसे बड़े सितारे नीरज चोपड़ा नहीं हैं। चोट के कारण वह इन खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे लेकिन भारत के 74 सदस्यीय दल में पदक के कई दावेदार हैं। उद्घाटन समारोह में मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर की नजरें लगातार तीसरे स्वर्ण पद होंगी।

खबर संक्षेप

बिछू देवी को 'मैजिक स्किल' पुरस्कार

लुसाने। भारतीय महिला हॉकी गोलकीपर बिछू देवी खारीबम और पाकिस्तान के स्ट्राइकर अब्दुल रहमान ने हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए एफआईएच विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'पोलिग्रास मैजिक स्किल ' पुरस्कार जीते। विजेताओं का चयन प्रशंसकों के वोट के आधार पर किया गया। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के पलों के आधार पर नामांकन तय किए गए थे। यह पुरस्कार एफआईएच के वैश्विक सप्लायर पोलिटेन द्वारा दिया जाता है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में तीन तीन दावेदार थे। बिछू को इंग्लैंड के खिलाफ पूल चरण के मैच में आखिरी तीस सेकंड में शानदार तरीके से गोल बचाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। यह मैच ड्रॉ रहा और इसके आधार पर भारत ने दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही, जो 1974 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। बिछू को 52 प्रतिशत वोट मिले ।

अगरकर पर फैसला लेने पदाधिकारी 'अधिकृत'

मुंबई। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सदस्य इकाइयों ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के कार्यकाल को विस्तार देने या उनके स्थान पर नया अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला बोर्ड के पदाधिकारियों पर छोड़ दिया। मौजूदा चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त होने वाला है। ऐसे में बीसीसीआई उनके स्थान पर नए अध्यक्ष की तलाश कर सकता है। बैठक के बाद बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने अगरकर के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया। बीसीसीआई की 95वीं एजीएम में बोर्ड से संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सौरव गांगुली तथा वेंकटेश प्रसाद मौजूद रहे।

अन्वय द्रविड़ ने 211 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से ठोके रन

इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 7 रनों से हराया

एजेंसी ▶▶| राजकोट

पूर्व भारतीय दिग्गज कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के 17 साल के बेटे अन्वय द्रविड़ ने राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से तबाही मचा दी।

दाएं हाथ के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अन्वय ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए महज 28 गेंदों में 2 चौके और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 38 रनों की तूफानी पारी खेली। इस तरह इंडिया अंडर-19 ने राजकोट में पहले यूथ टी20 में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हरा दिया।

संकटमोचन बने अन्वय

बारिश से प्रभावित इस 20-20 ओवर के मुकाबले में जब भारतीय अंडर-19 टीम ने 88 रन पर अपने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे, तब अन्वय द्रविड़ ने क्रीज पर कदम रखा। उन्होंने दबाव में बिखरने के बजाय ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर काउंटर अटैक किया। अन्वय ने साथी बल्लेबाज यशवर्धन चौहान के साथ मिलकर महज 34 गेंदों में 69 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की। इस तूफानी साझेदारी के दम पर भारत की अंडर-19 टीम बारिश से बाधित इस पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182/6 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई इस 38 रनों की आक्रामक पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे कठिन परिस्थितियों में मैच का रुख पलटने में माहिर हैं। अन्वय को खुद राहुल द्रविड़ ने तैयार किया है। यही कारण है कि आज वह भारत के लिए इतनी शानदार पारियां खेल पा रहे हैं।

बटलर बने टी20 में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज

जोस ने पूरे किए टी20 में 15 हजार रन

एजेंसी ▶▶| साउथैम्पटन

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 30 रन बनाते ही इतिहास रच दिया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे किए और वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले टी20 क्रिकेट में किसी ने भी 15 हजार रनों का आंकड़ा नहीं छुआ था। वहीं इंग्लैंड ने लगातार दूसरा मैच जीतते हुए सीरीज भी कब्जा ली।

पोलार्ड से आगे निकले बटलर

जोस बटलर अब कीरोन पोलार्ड से आगे निकल गए हैं। कीरोन पोलार्ड के नाम टी20 करियर में 14999 रन दर्ज हैं। वहीं बटलर 15 हजार टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने। जोस बटलर ने अपने 528 टी20 मैचों की 497वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया है। उनके नाम टी20 क्रिकेट में 9 शतक और 107 अर्धशतक दर्ज हैं। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अब जोस बटलर आ गए हैं। पोलार्ड इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। जबकि एलेक्स हेल्स तीसरे, क्रिस गेल चौथे और डेविड वॉर्नर पांचवें स्थान पर हैं। भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं।

अच्छी शुरुआत के बाद हारे दक्षिणेश्वर

डेविस कप क्वालीफायर्स में कोरिया की भारत पर बढ़त

एजेंसी ▶▶| सियोल

दक्षिणेश्वर सुरेश ने अच्छी शुरुआत की लेकिन लय कायम नहीं रख सके और दक्षिण कोरिया के सून वू क्वोन ने तीन सेटों में उन्हें हराकर भारत के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर्स दूसरे दौर के मुकाबले में शुक्रवार को मेजबान टीम को 1-0 से बढत दिला दी।

दक्षिणेश्वर शुरुआत में आत्मविश्वास से भरे दिखे लेकिन क्वोन ने धीरे धीरे लय पकड़ी। भारतीय खिलाड़ी को पराजय का सामना करना पड़ा। अब भारत की उम्मीदों का दारोमदार सुमित नागल पर है, जो दूसरे एकल मुकाबले में हियोन चुंग से खेलेंगे। पिछले साल पदार्पण के बाद से दक्षिणेश्वर की यह पहली हार है। शुक्रवार से पहले तक उन्होंने तीन एकल और एक युगल मुकाबला जीता था। दोनों देश अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली एशियाई टीम बनने की कोशिश में हैं। पहले सेट के बाद क्वोन ने अपनी रणनीति बदली लेकिन दक्षिणेश्वर इसका कोई जवाब नहीं दे पाये क्योंकि कोरियाई खिलाड़ी ने बाहर की ओर और उनके बैकहैंड की ओर सर्विस करना शुरू कर दिया। उनके दमदार रिटर्न की वजह से दक्षिणेश्वर मैच पर पहले की तरह हावी नहीं हो सके।

एशिया कप की ट्रॉफियां पहुंचेंगी बीसीसीआई ऑफिस : सैकिया

मुंबई। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों की जीती गई एशिया कप की ट्रॉफियां एक दिन बीसीसीआई मुख्यालय पहुंचेंगी, हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई जा सकती। एशिया कप जीतने के बाद भारतीय पुरुष टीम और हाल में महिला टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। सैकिया ने कहा, एशिया कप की ट्रॉफियां हमें उम्मीद है कि एक दिन यहां आ जाएंगी। मैं कोई समयसीमा नहीं बताऊंगा लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि दोनों ट्रॉफियां वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई कार्यालय में जरूर पहुंचेंगी।

ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली 356 रन की सबसे बड़ी पारी

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे मुकाबला हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 356 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए।

यह ऑस्ट्रेलिया का वनडे क्रिकेट में जिम्बाब्वे के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का वनडे में सबसे बड़ा टोटल 6 विकेट खोकर 350 रन था, जो टीम ने 2014 में बनाया था। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 18.6 ओवर में 130 रन जोड़े। मार्श ने 63 गेंदों का सामना करते हुए 53 रनों की दमदार पारी खेली।

उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 3 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद हेड को कूपर कोनोली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिला। दूसरे विकेट के लिए हेड और कोनोली ने मिलकर 60 रन जोड़े। कोनोली ने 69 गेंदों में 3 चौके और तीन छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। वहीं, हेड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने शतकीय पारी खेली। हेड ने 84 गेंदों का सामना करते हुए 112 रनों की लाजवाब पारी खेली।

नवा रायपुर गोल्फ ओपन : समापन में डिप्टी सीएम साव ने प्रतिभागियों को दिया पुरस्कार

खलिन जोशी ने एक शॉट से जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लगातार बारिश के बीच फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट में खेले गए एसईसीएल प्रेजेंट्स नवा रायपुर ओपन 2026 में बेंगलुरु के 34 वर्षीय गोल्फर खलिन जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में जोशी ने 13 अंडर-123 के कुल स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में उनका तीसरा और डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर कुल नौवां खिताब है। कार्यक्रम के समापन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया। बता दें कि अंतिम राउंड में एक शॉट की बढ़त के साथ उतरे जोशी ने अपने नौ होल के राउंड में तीसरे से पांचवें होल तक लगातार तीन अलग-अलग होल में बढ़जत बनाई। उनके राउंड में 29, 30, 33 और 31 के स्कोर रहे। अप्रैल में आंध्र ओपन और अगस्त में जम्मू-कश्मीर ओपन जीतने के बाद यह उनकी इस सत्र की तीसरी जीत रही।

बारिश ने डाला खलल, फिर भी कायम रखा फोकस

लगातार बारिश के कारण फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट का कोर्स 18 होल के पूरे राउंड के लिए उपयुक्त नहीं था। इसके चलते टूर्नामेंट समिति ने सभी चार राउंड को बैक नाइन पर नौ-नौ होल में कराने का फैसला किया। अंतिम राउंड भी कई घंटों तक बाधित रहा। ऐसे में जोशी को यह भी स्पष्ट नहीं था कि खेल दोबारा शुरू होगा या नहीं। इसके बावजूद उन्होंने अपना धैर्य और संयम बनाए रखा और खेल दोबारा शुरू होने पर शानदार प्रदर्शन किया।

चौहान समेत 3 खिलाड़ी संयुक्त उपविजेता

महू के ओम प्रकाश चौहान ने दिन का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने पांच अंडर 29 का राउंड खेला, जिसमें पार-5 चौथे होल पर एक ईगल और तीन बर्डी शामिल थीं। चौहान 12 अंडर-124 के स्कोर के साथ संयुक्त उपविजेता रहे। पंचकूला के रौनिल कुकर और अहमदाबाद के अंशुल पटेल भी 12 अंडर-124 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। तीनों को 6,99,867 रुपए की पुरस्कार राशि मिली। कोलकाता के दिव्यांशु बजाज, दिल्ली के प्रितिश सिंह करायत और चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने 11 अंडर-125 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवां स्थान हासिल किया।

जोशी की कमाई 52.34 लाख रुपए पहुंची

इस जीत के साथ जोशी 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए। उनकी सत्र की कुल कमाई बढ़कर 52,34,225 रुपए हो गई। वर्ष 2018 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में अपना पहला एशियन टूर खिताब जीतने वाले जोशी को नवा रायपुर ओपन की जीत के लिए 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। जोशी ने अपनी लगातार तीसरी जीत का श्रेय आत्मविश्वास और वर्तमान पर ध्यान केंद्रित रखने की रणनीति को दिया। अब वह अपने घरेलू कोर्स कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन में अगला टूर्नामेंट खेलेंगे।

द.अफ्रीका को झटका, ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से एनगिडी बाहर

नकोबानी मोकोएना को मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली घरेलू वनडे सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका को करार झटका लगा है। इंजरी की वजह से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह नकोबानी मोकोएना को मौका दिया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने इसकी पुष्टि शुक्रवार को की। एनगिडी को डॉल्फिन्स के खिलाफ टाइटन्स के प्रथम श्रेणी मैच के दौरान दाहिने पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट लगी थी। स्कैन से यह पुष्टि हुई कि उन्हें रिहैब के लिए कुछ समय की जरूरत होगी और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 सितंबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे।

वनडे सीरीज के बाद दक्षिण अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज भी खेलेगी। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि एनगिडी टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध हो पाएंगे या नहीं।

संविदा मेडिकल आफिसर ने 88506 रुपये वेतन की मांग की, चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

समान कार्य के बावजूद वेतन में 24 हजार 506 रुपये का अंतर, हाईकोर्ट ने गैस राहत विभाग से मांगा जवाब

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने समान पद और समान कार्य के बावजूद संविदा मेडिकल आफिसर्स को अलग-अलग वेतन दिए जाने के मामले में भोपाल गैस राहत व पुनर्वास विभाग के प्रमुख सचिव सहित अन्य अधिकारियों से जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने प्रमुख सचिव, संचालक व सहायक संचालक को चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

भोपाल निवासी डा. महेंद्र सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2021-22 से भोपाल गैस राहत डिस्पेंसरी में संविदा मेडिकल आफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें प्रतिमाह 64 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है। विभाग ने सात जुलाई, 2026 को संविदा मेडिकल आफिसर के पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। इसमें मासिक वेतन 88,506 रुपये निर्धारित किया गया है। इस प्रकार याचिकाकर्ता को

मिल रहे वेतन और विज्ञापन में निर्धारित राशि के बीच 24,506 रुपये का अंतर है। तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता समान पद पर समान कार्य कर रहे हैं, इसलिए उन्हें भी निर्धारित वेतन का लाभ मिलना चाहिए। वेतन वृद्धि के संबंध में विभाग को अभ्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दलील दी गई कि समान कार्य के लिए अलग-अलग वेतन देना संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार के विपरीत है। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

सरकार से पूछा- विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए क्या हैं कानूनी प्रावधान

डूब क्षेत्र में पुराने भवन से 20 फीट दूर नया स्कूल बनाने पर हाई कोर्ट सख्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने सीहोर जिले के चंद्रबद ग्राम में पार्वती बांध परियोजना के डूब प्रभावित क्षेत्र में शासकीय स्कूल का नया भवन बनाए जाने के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने सरकार को डूब क्षेत्र में स्कूल निर्माण और विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित विशिष्ट कानूनी प्रविधानों का उल्लेख करते हुए जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

यह याचिका जगदीश गुर्जर, गुलाब सिंह व नंदराम अहिरवार ने दायर की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका के अनुसार खसरा नंबर 33/1 की कुल 4.293 हेक्टेयर भूमि में से 4.213 हेक्टेयर क्षेत्र डूब में आ गया है। इसी क्षेत्र में बने पुराने शासकीय स्कूल भवन को अन्यत्र स्थानांतरित करने के बजाय नया भवन महज 20 फीट की दूरी पर बनाया जा रहा है।अधिवक्ता उपाध्याय ने तर्क दिया कि डूब क्षेत्र के समीप स्कूल होने से प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। बच्चे आसपास खेलते समय दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। निर्माण को अव्यावहारिक बताते हुए सरकारी धन की बर्बादी का मुद्दा भी उठाया गया। सरकारी अधिवक्ता डा. एसएस चौहान के अनुरोध पर युगलपीठ पीठ ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। सरकार को इस दौरान जवाब दाखिल करना होगा।

फीस भुगतान को लेकर विश्वविद्यालय और सरकार के विवाद का खामियाजा छात्रों को नहीं भुगतना होगा, राद्वि से चार सप्ताह में जवाब तलब

परीक्षा से एक घंटे पहले हाईकोर्ट पहुंची याचिका, छात्रों को परीक्षा में बैठने के निर्देश

जबलपुर। परीक्षा शुरू होने में महज एक घंटा शेष था और चार छात्रों के सामने परीक्षा से वंचित होने का संकट था। ऐसे में छात्रों की ओर से मप्र हाईकोर्ट में त्वरित सुनवाई के लिए आवेदन पेश किया गया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने मामले की तत्काल सुनवाई करते हुए छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश जारी किए। साथ ही रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता शिवांकी तिवारी, राहुल दुबे, रितेश कुमार पांडे और तौफीक की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सभी छात्र रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के यूटीडी विभाग में एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं। उन्हें मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना के तहत प्रवेश मिला था। योजना के अनुसार पात्र स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को मेस खर्च और काशन मनी का भुगतान करना था, जबकि प्रवेश, नामांकन और परीक्षा शुल्क का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाना था। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार की ओर से फीस का भुगतान नहीं किए जाने के आधार पर विश्वविद्यालय ने छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। शिवांकी तिवारी और राहुल दुबे दूसरे सेमेस्टर व रितेश कुमार पांडे और तौफीक अंतिम यानी चौथे सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि दाखिला देने वाला संस्थान स्वशासी है। छात्रों के अभ्यावेदन पर उन्हें पहले कुछ विषयों की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई थी, दूसरे सेमेस्टर के दो विषय और चौथे सेमेस्टर के एक विषय की परीक्षा होने के बाद परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। इस पर छात्रों ने परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। परीक्षा दोपहर 12 बजे से निर्धारित थी। कोर्ट ने पूर्वान्ह 11 बजे विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को बुलाकर छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने अपने आदेश में प्रथमदृष्टया कहा कि परीक्षा शुल्क के भुगतान को लेकर विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के बीच आपसी विवाद है। सामान्य तौर पर इस भुगतान का भार छात्रों पर नहीं था। कोर्ट ने छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश देते हुए विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया है। साथ ही स्पष्ट किया कि परीक्षा में शामिल होने का परिणाम याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

जबलपुर रेल मंडल की कमाई बढ़ी पांच माह में 2,407 करोड़ का राजस्व

जबलपुर। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त तक जबलपुर रेल मंडल ने कुल 2,407.41 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो गत वर्ष की समान अवधि से 10.99 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में 187.30 लाख यात्रियों ने रेल सेवा का लाभ लिया और यात्री संख्या में 3.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता, सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह एवं गुन्नार सिंह ने दी।

मंडल को यात्री राजस्व से 437.53 करोड़, माल भाड़े से 1,868.55 करोड़, अन्य कोचिंग से 34.74 करोड़ तथा टिकट जांच से 31.39 करोड़ रुपये की आय हुई। माल भाड़े की आय में 11.19

प्रतिशत और यात्री राजस्व में 6.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत ब्योहारी में धनबाद-एलटीटी एक्सप्रेस, स्लीमनाबाद में रीवा-इतवारी एक्सप्रेस तथा झुकेही में रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू किया गया।

जबलपुर-पुणे एवं जबलपुर-बांद्रा सेवाओं का नियमित संचालन भी जारी है। माल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए जून में करहिया भदौली में नया गुड्स शेड तथा देवरा ग्राम में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल शुरू किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ब्योहारी स्टेशन के पुनर्विकास का वर्चुअल लोकार्पण 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। जबलपुर एवं सतना स्टेशनों पर दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए ब्रेल साइनेज लगाए गए हैं। अगस्त तक 768 डिजिटल दिव्यांगजन कार्ड जारी किए जा चुके हैं। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए विभिन्न मार्गों पर पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी किया जा रहा है।

जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस का खंडवा में ठहराव 20 सितंबर से

जबलपुर। यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल कनेक्टिविटी के लिए रेलवे ने गाड़ी संख्या 20162/20161 जबलपुर-पुणे-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का खंडवा रेलवे स्टेशन पर ठहराव मंजूर किया है। यह सुविधा 20 सितंबर 2026 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। गाड़ी संख्या 20162 जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को 20 सितंबर से खंडवा स्टेशन पर रात 8:03 बजे पहुंचेगी और 8:05 बजे रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 20161 पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को 21 सितंबर से खंडवा में रात 11:03 बजे पहुंचेगी और 11:05 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे के अनुसार इस ठहराव से खंडवा और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को जबलपुर एवं पुणे के बीच सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों के बीच आवागमन आसान होने से क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा।

एमपी स्टेट बार काउंसिल में पांच सीटों के लिए 10 में मुकाबला, एलिमिनेशन राउंड में रोमांच बढ़ा

13 प्रत्याशियों को कोटा पार करने पर माना निर्वाचित

जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की द्वितीय चरण की मतगणना अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। महिला प्रत्याशियों में अब केवल अन्नू पटेल मैदान में हैं। एलिमिनेशन राउंड के 30 वें दिन तीन और प्रत्याशियों ने निर्धारित कोटा पार कर लिया। इसके साथ ही अब तक 13 प्रत्याशियों को निर्वाचित माना जा चुका है। शेष पांच पदों के लिए अब 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से पांच प्रत्याशी कोटा पूरा कर निर्वाचित होंगे, जबकि पांच को एलिमिनेशन प्रक्रिया से बाहर होना पड़ेगा।

शुक्रवार को प्रत्याशी क्रमांक चार अखंड प्रताप सिंह (रीवा), क्रमांक 42 जितेंद्र कुमार शर्मा (ग्वालियर) और क्रमांक 37 गौरव मिश्रा (ग्वालियर) ने निर्धारित कोटा पार किया। इसके साथ ही उनके निर्वाचन की स्थिति स्पष्ट हो गई। दूसरी ओर प्रत्याशी क्रमांक 71 प्रेम सिंह भदौरिया (ग्वालियर) की एलिमिनेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उनके शेष मतों की गणना शनिवार को की जाएगी। इन मतों के हस्तांतरण के बाद शेष प्रत्याशियों के आंकड़ों में बदलाव आ सकता है। अब तक कोटा पार करने वाले 13 प्रत्याशियों में राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना, आरके सिंह सैनी, विवेक सिंह, संदीप मेहता, नित्यानंद मिश्रा, हितोषी जय हार्डिया, नरेंद्र कुमार जैन, डा. विजय कुमार चौधरी, मनीष तिवारी, अखंड प्रताप सिंह, जितेंद्र कुमार शर्मा और गौरव मिश्रा शामिल हैं।

जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने कलेक्टर को दिया शिकायत के निराकरण का निर्देश

मैहर के मां शारदा मंदिर परिसर में दुकानों के आवंटन पर धांधली का आरोप

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मैहर स्थित प्रसिद्ध मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में दुकानों के आवंटन में की जा रही कथित अनियमितताओं और पक्षपात को लेकर दायर जनहित याचिका पर अहम फैसला दिया है। चीफ जस्टिस अल्पेश वाय कोगजे व जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच नेडमामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को सक्षम प्राधिकारी मैहर कलेक्टर के समक्ष अपनी व्यथा एवं अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हुए याचिका का निपटारा कर दिया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि यदि इस संबंध में आवेदन दिया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी कानून और 'मां शारदा देवी मंदिर अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत इसका उचित एवं समयबद्ध निराकरण करें।

यह है मामला

मैहर निवासी शिवम चौरसिया की ओर से दायर इस जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि मंदिर प्रबंध समिति द्वारा वर्ष 2010 से लेकर अब तक बिना किसी सार्वजनिक विज्ञापन, टेंडर या नीलामी के सार्वजनिक संपत्ति एवं दुकानों का आवंटन चहेते व्यक्तियों को किया जा रहा है। अधिवक्ता धर्मेंद्र सोनी ने कोर्ट को बताया कि मंदिर की 10x15 वर्ग फीट की दुकानों को वर्ष 2010 से मात्र ₹1000 प्रति माह के स्थिर किराए पर लगातार एक ही व्यक्ति नरेंद्र द्विवेदी को दिया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार के पारदर्शी टेंडर या किराया वृद्धि की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। अधिवक्ता सोनी ने तर्क दिया कि आवंटित परिसर की आड़ में मंदिर प्रबंध समिति की आसपास की शासकीय भूमि पर भी अवैध कब्जा किया गया है। इस संबंध में पूर्व में शिकायतें दर्ज कराने और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यह पूरी प्रक्रिया मां शारदा देवी मंदिर अधिनियम, 2002 के नियमों और शर्तों के विपरीत है। पारदर्शी प्रक्रिया न अपनाने से मंदिर ट्रस्ट को भारी राजस्व हानि हो रही है, जिससे श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं (जैसे सुगम पहुंच मार्ग, बुजुर्गों के लिए सुविधाएं और भीड़ नियंत्रण प्रबंधन का अभाव बना हुआ है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी है कि वे मां शारदा देवी मंदिर अधिनियम, 2002 के तहत पदेन सक्षम प्राधिकारी एवं मैहर कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएं। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि प्राधिकारी स्तर पर नियमानुसार कार्रवाई नहीं होती है, तो याचिकाकर्ता पुनः न्यायालय का रुख करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार 2 घायल

जबलपुर। पाटन थाना अतंर्गत कृषि उपज मंडी के आगे पाटन जबलपुर रोड पर एक कार ने एक स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोग नीचे गिरकर घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर गोरखपुर निवासी 23 वर्षीय ऋषि मिश्रा अपने मामा बालकृष्ण तिवारी तथा दोस्त दीपक विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र कुशवाहा के साथ पाटन निवासी आकाश तिवारी के यहां रिश्तेदारी में गए थे। शाम को वापस पाटन से जबलपुर अपनी अपनी मोटर सायकलों से जा रहे थे। स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसई 8153 पर ऋषि के मामा बालकृष्ण तिवारी एवं दीपक विश्वकर्मा तथा दूसरी मोटर सायकल में ऋषि अपने दोस्त धर्मेन्द कुशवाहा के साथ था। जैसे ही शाम लगभग 7 बजे कृषि उपज मंडी के आगे पाटन जबलपुर रोड पहुंचे, तभी ओमनी कार क्रमांक एमपी 20 बीए 1036 के चालक ने बालकृष्ण की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बालकृष्ण तिवारी एवं दीपक विश्वकर्मा स्कूटी सहित गिर गये दोनों को हाथ पैर व शरीर में चोटें आ गयीं। वहीं ओमनी का चालक जबलपुर तरफ भाग गया। दोनों घायलों को उपचार हेतु जबलपुर भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गृह मंत्रालय और कटनी एसपी को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग

विधि छात्र की संदिग्ध मौत की जांच में कोताही पर अधिवक्ताओं में रोष

जबलपुर। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता रोहितकांत दुबे के पुत्र विधि छात्र मोहित दुबे की कटनी जिले में हुई संदिग्ध मौत के मामले में जांच आगे नहीं बढ़ने पर अधिवक्ताओं में रोष है। एसोसिएशन के सचिव असीम त्रिवेदी और उपाध्यक्ष सत्येंद्र ज्योतिषी सहित पदाधिकारियों ने गृह मंत्रालय और कटनी एसपी को पत्र भेजकर मामले में तत्काल संज्ञान लेने तथा उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। बार के सहसचिव रूपेश रमन पटेल ने बताया कि मोहित दुबे की मौत के बाद मर्ग कायम किया गया था। घटना को एक माह बीत जाने के बावजूद स्वजन की ओर से कई शिकायतें किए जाने के

बाद भी जांच में अपेक्षित प्रगति नहीं होने का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता रोहित कांत दुबे ने अपने पुत्र को जहर दिए जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बार पदाधिकारियों ने पत्र में कहा है कि मामला गंभीर है और इसकी जांच में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसी सक्षम एवं निष्पक्ष जांच एजेंसी से मामले की जांच कराने की मांग की है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके और यदि कोई दोषी है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई हो। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि मामले में तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता समुदाय को सशक्त कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए एसोसिएशन मामले को गंभीरता से ले रहा है। पत्र लिखने वालों में कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, शांति तिवारी, सुधाकरमणि पटेल सपना तिवारी और शिखा बघेल सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

घर, फार्म हाउस और हेरिटेज होम को बना सकेंगे पर्यटन इकाई

20 सितंबर को संभाग स्तरीय पंजीयन शिविर

जबलपुर। जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से होम स्टे, फार्म स्टे, ग्राम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत 20 सितंबर को संभाग स्तरीय पंजीयन शिविर एवं कार्यशाला आयोजित की जाएगी। आयोजन होटल कल्चुरी रेसीडेंसी, सिविल लाइन्स में दोपहर 1:30 बजे से होगा।

शिविर का आयोजन होम स्टे ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी, मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसमें स्वयं का घर, फार्म हाउस, हेरिटेज होम अथवा बीएंडबी यूनिट रखने वाले नागरिक भाग लेकर अपनी संपत्ति को पर्यटन इकाई के रूप में पंजीकृत करा सकेंगे। कार्यशाला में एमपी टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी एवं संस्था के प्रतिनिधि पंजीयन प्रक्रिया, निरीक्षण, सब्सिडी, योजनाओं के लाभ और अतिथि पंजीयन की जानकारी देंगे। इच्छुक आवेदकों को मौके पर ही पंजीयन फॉर्म भरने की सुविधा भी मिलेगी। शिविर में जबलपुर के अलावा मंडला, डिंडोरी, कटनी, नरसिंहपुर एवं अनूपपुर जिले के होम स्टे संचालक और इच्छुक नागरिक भी शामिल हो सकते हैं। आवेदकों से अपने घर या फार्म हाउस के फोटो, स्वीकृत नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240